ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 22 अगस्त 2023 • वर्ष-24 • अंक- 199 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

मुंबई में अभिनेता सनी देओल के बंगले ... पेज 12 पर



## पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में सावन मास के सातवें सोमवार और नाग पंचमी को लेकर पहाड़ी मंदिर सहित अन्य सभी शिवालयों और मंदिरों में सोमवार सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। अन्य दिनों की अपेक्षा इस सोमवार को भक्तों की कुछ ज्यादा ही भीड़ रही। ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव से सभी मंदिर के पास पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।

जिले के कांके , कोकर, बूटी मोड, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, हरमू, किशोरगंज, लालपुर सहित अन्य शिवालयों में भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना सुबह से श्रद्धालुओं ने किया। पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में जल, दूध और बेलपत्र अर्पण कर सुख, समृद्धि और स्वस्थ रहने की कामना की। अहले सुबह से ही पहाड़ी मंदिर का गेट खुलने के बाद से ही नामकुम के स्वर्ण रेखा नदी से जल लेकर पैदल पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा को जल चढ़ाया। पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि नाग पंचमी खास है, क्योंकि पुरुषोत्तम माह की सातवीं सोमवारी है और इस दिन नाग पंचमी भी है। उन्होंने बताया कि नागपंचमी के दिन सर्प दोष से मुक्ति पाने के लिए उन्हें विशेष पूजा करनी चाहिए, जिनकी कुंडली में कालसर्प दोष है। उन्हें विधि-विधान के साथ राहु काल में इस पंचमी को कालसर्प दोष की पूजा करनी चाहिए। राहु को सर्प माना गया है, जिनकी कुंडली में राहु अशुभ है। उन्हें आज के दिन भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए और दोष को शांत करनी चाहिए।

वहीं, दूसरी ओर पहाड़ी मंदिर में भीड़ को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार सुबह से ही मॉनिटरिंग करते देखे गए।

उधर, बैद्यनाथ मंदिर में कांवड़ियों की काफी भीड़ उमड़ी, सावन के शुक्ल पक्ष की पहली सोमवारी को भारी संख्या में श्रद्धालु बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे। सोमवारी के साथ-साथ नाग पंचमी के कारण भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। आमतौर पर बाबा मंदिर का पट सुबह 4 बजे खोला जाता है। लेकिन सोमवारी को लेकर उमड़ी भीड़ को देखते हुए सुबह 3:45 बजे ही पट खोल दिए गए। सरदार पंडा ने विधिवत पूजा कर कांचा जलार्पण किया। फिर कतार में खड़े आम श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक करना शुरू किया।

तीर्थपुरोहित सुभाष पंडा ने बताया कि ऐसा अदभुत संयोग कभी-कभी देखने को मिलता है। एक तरफ सावन की सोमवारी भी है, वहीं दूसरी तरफ आज नाग पंचमी भी है। इसके साथ ही आज सर्वार्थ अमृत योग व शिववास योग भी है। आज भगवान शिव अपने प्रिय नंदी के साथ हैं। ऐसे में आज जो भी सच्चे मन से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करेगा। उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी।

बता दें कि इस बार 19 साल के बाद दुर्लभ संयोग बना है। सावन में मलमास पड़ने के कारण इस बार सावन दो माह यानी 59 दिनों का है। 16 अगस्त को मलमास खत्म होने के बाद शुद्ध सावन की शुरूआत हुई है। शुद्ध सावन में भारी संख्या में भक्त सुल्तानगंज से जल लेकर देवघर पहुंच रहे हैं। बैद्यनाथ धाम में पूजा करने के लिए कांवड़ियों की कतार 10 किमी लंबी हो गई।

## इसरो चीफ ने केंद्र सरकार को बताया
## चंद्रयान-3 की होगी सफल सॉफ्ट लैंडिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ ने भारत के चंद्रमा मिशन को अब तक सफल बताते हुए कहा है कि चंद्रयान-3 की सभी प्रणालियां अब तक पूरी तरह से काम कर रही हैं और 23 अगस्त को भारतीय समयानुसार लगभग 18:04 बजे चंद्रमा पर उतरने के लिए तैयार है। बुधवार को लैंडिंग के समय किसी भी आकस्मिकता की आशंका नहीं है. डॉ. सोमनाथ ने सोमवार को चंद्रयान-3 की लैंडिंग की तैयारियों और मौजूदा स्थिति के बारे में केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह को आधिकारिक जानकारी दी। इसरो के अध्यक्ष ने मंत्री को बताया कि चंद्रयान-3 की सभी प्रणालियां पूरी तरह से काम कर रही हैं और 23 अगस्त को लगभग 18:04 बजे चंद्रमा पर उतरने के लिए तैयार है। बुधवार को लैंडिंग के समय किसी भी आकस्मिकता की आशंका नहीं है। अगले दो दिनों में चंद्रयान-3 की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि लैंडिंग का अंतिम क्रम दो दिन पहले लोड किया जाएगा। इसरो के अनुसार चंद्रयान-2 मिशन केवल आंशिक रूप से असफल रहा था, क्योंकि हार्ड लैंडिंग के बाद लैंडर का संपर्क टूट गया था। सोमवार को इसरो ने ट्वीट करके बताया कि चंद्रयान-3 लैंडर मॉड्यूल का चार साल से परिक्रमा कर रहे चंद्रयान-2 ऑर्बिटर के बीच दो-तरफा सफलतापूर्वक संचार स्थापित हुआ है। इससे पहले आज इसरो ने चंद्रयान-3 से ली गई चंद्र सुदूर क्षेत्र की नई छवियां साझा कीं। इसरो अध्यक्ष से आधिकारिक जानकारी मिलने के बाद डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस बार चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग का भरोसा जताया और उम्मीद जताई कि इस बार ग्रहों की खोज का एक नया इतिहास लिखा जायेगा। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि चंद्रयान की श्रृंखला में चंद्रयान-1 को चंद्रमा की सतह पर पानी की उपस्थिति की खोज करने का श्रेय दिया जाता है, जो दुनिया और प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियों के लिए एक नया रहस्योद्घाटन था। संयुक्त राज्य अमेरिका का नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) इस खोज से प्रभावित हुआ और अपने आगे के प्रयोगों के लिए इनपुट का उपयोग किया।

### सीएम ने बदलते झारखंड की बात विजन-2024 कार्यक्रम में कहा

# समृद्ध झारखंड का लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्ष में हमारी सरकार कई चुनौतियों के बीच मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ रही है। हमारी सरकार ने बिना कोई अफरा-तफरी के कोरोना संक्रमण से राज्यवासियों को बचाने का काम किया। हमारी सोच है कि हम झारखंड की जड़ को मजबूत करें। हालात जैसे भी हों राज्य में विकास के कार्य अवरुद्ध नहीं होनी चाहिए। झारखंड हर दिन विकास की नई ऊंचाइयों को छुए, इस निमित्त एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए राज्यवासियों की भावना के अनुरूप हमारी सरकार चल रही है।



**झारखंड खून-पसीने से सींचा हुआ राज्य**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि झारखंड खून-पसीने से सींचा हुआ राज्य है। झारखंड देश के अन्य राज्यों से बिल्कुल अलग है। अलग झारखंड के लिए न जाने कितने वीर पुरुषों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य को अलग हुए लगभग 22 साल हो गए हैं फिर भी यहां के मूलवासी-आदिवासियों की पहचान धुंधला सी है। आदिवासियों की संस्कृति को बचाने का पूरा प्रयास हमने किया है।

मुख्यमंत्री सोरेन सोमवार को राजधानी के एक होटल में आयोजित बदलते झारखंड की बात विजन 2024 कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने हजारों की संख्या में सरकारी वैकेंसी पर नियुक्ति की है। जल्द बड़ी संख्या में और भी सरकारी नियुक्तियां की जाएंगी। झारखंड के इतिहास में पहली बार बड़ी संख्या में पशु चिकित्सक, फॉरेंसिक लैब साइंटिस्ट इत्यादि की नियुक्तियां की गई हैं। हजारों की संख्या में और भी अलग-अलग क्षेत्रों में भी सरकारी नियुक्तियां हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समावेशी विकास के लिए सरकारी नौकरी की भूमिका के साथ-साथ स्वरोजगार की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। हमारी सरकार ने ऐसे कानून भी बनाए हैं कि झारखंड में स्थापित उद्योग सेक्टर में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को ही नौकरी मिले यह सुनिश्चित किए जाए। हाल के दिनों में ही हमारी सरकार ने 10 हजार से ज्यादा स्थानीय युवक-युतियों को नामी-गिरामी औद्योगिक संस्थाओं में नियोजन हेतु ऑफर लेटर देने का काम किया है। राज्य में स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 100 करोड़ से अधिक की राशि ऋण स्वरूप लोगों के बीच वितरण की गई है, जिसका लाभ लेकर लोग स्वावलंबी बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य में दो चरणों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम काफी सफल भी रहा। कार्यक्रम का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**14 आईएएस अधिकारियों का हुआ तबादला**

## अमित बने रांची नगर आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने सोमवार को 14 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया। वेटिंग फॉर पोस्टिंग रहे सारे आईएएस अधिकारियों को नई पदस्थापना दी गई है। पदस्थापना के लिए प्रतीक्षारत अरवा राजकमल को खान निदेशक बनाते हुए उद्योग निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। खान निदेशक के पद पर रहे अमित कुमार को रांची नगर आयुक्त बनाया गया है। वहीं उन्हें अपने काम के अतिरिक्त आरआरडीए के उपाध्यक्ष का प्रभार भी दिया गया है। गोड्डा के उप विकास आयुक्त संजय सिन्हा को कृषि निदेशक, स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव शशि प्रकाश झा को निदेशक समाज कल्याण, पदस्थपना के लिए प्रतीक्षारत संदीप कुमार को जेएसएलपीसी का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, निदेशक समाज कल्याण भुवनेश प्रताप सिंह को जैप आईटी का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग के संयुक्त सचिव रमेश घोलप को वित्त विभाग में संयुक्त सचिव, अपर सचिव एसटी- एससी एवं पिछड़ा वर्ग अजय नाथ झा को आदिवासी कल्याण आयुक्त, जेएसएलपीसी सीईओ सूरज कुमार को निबंधक सहयोग समितियां के पद पर पदस्थापित किया गया है।

पदस्थापना के लिए प्रतीक्षारत सुशांत गौरव को निदेशक खेलकूद, फैक अक अहमद को उत्पाद आयुक्त बनाते हुए प्रबंधन निदेशक विभरेज कॉरपोरेशन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। भोर सिंह यादव को वाणिज्य कार आयुक्त, माधवी मिश्रा को जुडको का प्रबंध निदेशक, आदित्य रंजन को निदेशक पशुपालन बनाया गया है। अधिसूचना के क्रम में प्रभार रहित हुए पदाधिकारियों को कार्मिक विभाग में योगदान का आदेश दिया गया है।

**NEWS इन ब्रीफ**

### प्रिंस खान गिरोह के लक्की को एटीएस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** फर्जी तरीके से विदेश भाग चुके गैंगस्टर प्रिंस खान के गिरोह के लक्की खान को एटीएस व धनबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। लक्की को पुलिस बलों की टीम ने धनबाद के बैंक मोड़ के न्यू इस्लामपुर इलाके से गिरफ्तार किया। एटीएस ने 2 जुलाई को फायरिंग के केस में गिरफ्तार किया है। एटीएस के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्रिंस खान के निर्देश पर लक्की रंगदारी के लिए कारोबारियों को फोन करता था। पैसे नहीं देने वाले कारोबारियों पर वह फायरिंग भी करता था। बीते दिनों धनबाद के प्रसिद्ध क्लिनिक लैब, मछली कारोबारी रसीद महाजन और अप्सरा ड्रेसेज नाम की दुकान में फायरिंग में लक्की की भूमिका रही थी। लक्की के खिलाफ बैंकमोड़, राजगंज, भूली में छह आपराधिक कांड दर्ज हैं।

### हाईकोर्ट ने छवि रंजन की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने लैंड स्कैम मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत अर्जी पर ईडी से जवाब मांगा है। अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को करेगी। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने छवि रंजन की याचिका पर अदालत ने ईडी से मौखिक रूप से पूछा है कि क्या अभी इस केस में जांच जारी है। कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिया है कि अगर जांच जारी है, तो इसे जल्द पूरा किया जाए। छवि रंजन ने रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

### खनन घोटाला मामले में डीएसपी से पूछताछ करेगी ईडी, भेजा समन

**रांची।** ईडी ने झारखंड के साहिबगंज जिले में अवैध खनन और परिवहन के जरिए एक हजार करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग के केस में डीएसपी राजेंद्र दुबे को समन भेजा है। उन्हें 4 सितंबर को ईडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा गया है। राजेंद्र दुबे वर्तमान में साहेबगंज के डीएसपी के पद पर पदस्थापित हैं। इससे पहले 9 दिसंबर 2022 को ईडी ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी। बता दें कि खनन घोटाले में गिरफ्तार किए गए मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा जब न्यायिक हिरासत में रिम्स में इलाज के लिए दाखिल थे, तब साहेबगंज के डीएसपी राजेंद्र दुबे लगातार उनसे संपर्क में थे। न्होंने रिम्स के पेईंग वार्ड में जाकर गैरकानूनी तरीके से पंकज मिश्रा से मुलाकात भी की थी।

## कमल भूषण की हत्या में हथियार मुहैया कराने वाला गिरफ्तार

**जमीन कारोबारी की हत्या के लिए डेढ़ लाख में खरीदा गया था हथियार**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची के सुखदेवनगर थाने की पुलिस ने जमीन कारोबारी कमल भूषण की हत्या के आरोपी छोटू कुजूर और हथियार सप्लायर मंजूर उर्फ मंजूर आलम को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी है। आरोपी छोटू हेहल देवी मंडप का रहने वाला है, जबकि हथियार सप्लायर मंजूर रातू के जाड़ी का रहने वाला है। जेल भेजने से पहले हुई पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है। जमीन कारोबारी कमल भूषण की हत्या करने के लिए 1.50 लाख रुपए में हथियार खरीदे गए थे। हथियारों की सप्लाई आरोपी मंजूर ने किया था। इस एवज में मंजूर ने आरोपी राहुल कुजूर से दो पिस्टल का 1.40 लाख और कट्टा का दस हजार रुपए लिया था। मंजूर ने पुलिस को बताया कि बिहार के मुंगेर से हथियार खरीद कर रांची लाता है। इसके बाद उसे अपराधियों व अन्य लोगों को सप्लाई कर देता है।

## हाईकोर्ट ने मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने के मामले में चुनाव आयोग से मांगा जवाब



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में देवघर के उपायुक्त रहते मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने के मामले में चुनाव आयोग को तीन सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 20 सितंबर निर्धारित की है। मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने के मामले में ईसीआई के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। ईसीआई की ओर से अधिवक्ता एके सिंह एवं शिवम कुमार ने पैरवी की। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार ने पक्ष रखा। डीसी देवघर मंजूनाथ ने याचिका में कहा है कि चुनाव आयोग ने उन्हें पद से हटाने का आदेश राज्य के मुख्य सचिव को भेजा है, जबकि किसी भी अधिकारी की पदस्थापन एवं तबादले का अधिकार राज्य सरकार के पास है।

## कार-बाइक की टक्कर में पारा शिक्षक की मौत, 2 लोग घायल

**एजेंसी। पलामू**



पाटन थाना क्षेत्र के किशुनपुर के बेलचवाई बाबा के पास सोमवार को कार के टक्कर से बाइक सवार तीन लोग सड़क किनारे गिर गए। इस घटना में तीनों को गंभीर चोट आई। इनमें एक युवक को इलाज के लिए ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई। दो जख्मी को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उसकी पहचान जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के माली गांव के निवासी राजेश बैठा (40) के रूप में हुई है। राजेश बैठा पारा शिक्षक थे। बताया जाता है कि कार मेदिनीनगर की ओर से आ रही थी, जबकि बाइक सवार विपरीत किशुनपुर की ओर से आ रहे थे। जैसे ही किशुनपुर के बेलचवाई बाबा के पास पहुंचे, कार और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। तीनों बाइक सवार सड़क किनारे गिर गए। सूचना मिलने पर किशुनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से पाटन सीएचसी में भेज दिया, जबकि कार को जब्त कर लिया।

## नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर बताकर उपमुखिया के भाई की हत्या की

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा में शनिवार देर रात नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर के शक में कदमडीहा के उपमुखिया के भाई की गला रेतकर हत्या कर दी। शव के पास नक्सली पर्चे भी मिले हैं, जिसमें उपमुखिया के भाई को पुलिस मुखबिर बताया गया है। मृतक की नाम रांदो सुरीन (60 ) उर्फ ड्राइवर है। वह गोईलकेरा के कदमडीहा गांव के रहने वाले थे। वर्तमान में वह नक्सल प्रभावित कोल्हान जंगल के लोवाबेड़ा वनग्राम में पत्नी के साथ रहते थे। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी अशुतोष शेखर ने भी घटना की पुष्टि की है। बताया जाता है कि रविवार रात दस से बारह की संख्या में नक्सली लोवाबेड़ा वनग्राम पहुंचे और रांदो सुरीन को उठाकर दस किमी दूर गितिलपी हाट चौक ले गये और बीच सड़क पर गला रेतकर हत्या कर दी। सोमवार सुबह सूचना मिलने पर गोईलकेरा पुलिस और सीआरपीएफ मौके पर पहुंची।

### अयोध्या : हिन्दू मंदिरों की पुण्यगाथा बताएगा राम मंदिर का संग्रहालय

# संस्कृति की अभिव्यक्ति भी हैं भारतीय मंदिर

**एजेंसी। अयोध्या**



श्रीराम जन्मभूमि पर निमार्णाधीन भव्य मंदिर आकार लेने लगा है। वहीं देश के अन्य मंदिरों का कायाकल्प करते हुए उन्हें भव्य स्वरूप प्रदान करने का कार्य भी हो रहा है। वाराणसी में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम हो, उज्जैन का महाकाल मंदिर हो या केदारनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर, आस्था और विरासत का सम्मान तो हो ही रहा है, सनातन धर्म के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठापित करने का महाअभियान भी इसके जरिए तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में योगी सरकार देशभर के मंदिरों की गौरवगाथा को प्रदर्शित करने वाला विशाल संग्रहालय बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी पर्यटन विभाग इसे लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने में जुट गया है। इस मंदिर संग्रहालय का निर्माण प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में किया जाना है।

सनातन धर्म दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म है। आम धारणा के विपरीत सनातन धर्म किसी एक विशेष संप्रदाय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसे संप्रदायों के समुच्चय के रूप में माना जाता है। सनातन धर्म एक व्यापक विचारधारा वाली समझ है। इसमें पूजा, आराधना और अपने इष्ट से जुड़ने के भी कई मार्ग हैं। भारत के कोने कोने में फैले असंख्य मंदिरों के जरिए सनातन धर्म और इसकी विविधता को सदियों से अभिव्यक्ति मिलती रही है। उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक वास्तुकला की दृष्टि से भारतीय मंदिर बेजोड़ माने जाते हैं। दुनिया भर के विशेषज्ञों ने भारतीय मंदिरों पर अनेक परीक्षण किए और इस विषय पर अध्ययन करते हुए कई शोध साहित्य भी प्रकाशित किये गये हैं। अपने स्थापत्य की भव्यता से परे, भारतीय मंदिर संस्कृति की अभिव्यक्तियां भी हैं। भारतीय संस्कृति की आत्मा का प्रत्येक घटक देश के मंदिरों में मिलता है। भारतीय मंदिरों की इन बहुआयामी सोच को अब योगी सरकार मंदिर संग्रहालय के जरिए दुनिया के सामने लाने जा रही है।

अयोध्या में 5 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित मंदिर संग्रहालय को लेकर योगी सरकार की ओर से कदम आगे बढ़ा दिया गया है। भारतीय मंदिरों और शानदार मंदिर वास्तुकला के इस विशिष्ट संग्रहालय का निर्माण करने के पीछे यूपी पर्यटन विभाग का लक्ष्य है कि सनातन संस्कृति को समग्र रूप से परिलक्षित करने वाले मंदिर परिसरों के महत्व से दुनिया को परिचित कराया जाए।

## वीरेंद्र राम के तीनों सहयोगियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और ताराचंद के खिलाफ ईडी ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दाखिल किया गया है। नीरज मित्तल पर टेंडर मैनेज करने के लिए कमीशन लेने और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में संलिप्त रहने का आरोप है। नीरज मित्तल को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। राम प्रकाश भाटिया एवं ताराचंद पर वीरेंद्र राम की काली कमाई को सफेद करने के तहत पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। नीरज मित्तल पेशे से एक चार्टर्ड एकाउंटेंट है। तीनों आरोपित फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।



**वीरेंद्र राम की पत्नी-पिता ने अग्रिम बेल की लगाई गुहार**

हाईकोर्ट में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता ने सोमवार को अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी पर फिलहाल गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है, क्योंकि रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट दोनों को अग्रिम बेल देने से इनकार कर चुका है। दोनों ही मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपित हैं।




## दमाद की पिटाई से सास की मौत, केस दर्ज

**रांची।** रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र के तेतर टोली की रहने वाली घायल रेणु कुमार की इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गयी। इस मामले में मृतक की पहन रोशनी कुमारी के बयान पर दामाद मनोज मुंडा के खिलाफ धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि बीते 15 अगस्त को उनकी बहन रेणु और उसके दामाद मनोज मुंडा के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान मनोज ने लाठी से पीटकर उसे जख्मी कर दिया था। आनन-फानन में रेणु को रिम्स में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान 17 अगस्त को रेणु की मौत हो गई। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इधर पुलिस का कहना है कि जब तक पूरी जांच नहीं हो जाती है तब तक इस संबंध में कुछ भी कहना बेहतर नहीं होगा।

### राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान के पदाधिकारियों का रांची दौरा शुरू

# बड़गांई स्थित प्लांट का आज करेंगे निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत सरकार के केन्द्रीय कैबिनेट की ओर से मई 2023 में स्वीकृत महत्वाकांक्षी योजना CITIIS 2.0 के तहत शहरों के चयन और योजना के क्रियान्वयन को लेकर ऑपरेशनल गाईडलाइन निर्धारण की तैयारी शुरू हो गयी है इसके लिए देशभर के महत्वपूर्ण शहरों में वैस्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों की जानकारी ली जा रही है इसी क्रम में भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय अंतर्गत राष्ट्रीय शहर कार्य संस्थान, फ्रेंच डेवलपमेंट एजेंसी और सदस्यों की संयुक्त टीम दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंची है। सोमवार को टीम के सदस्यों नें रांची स्मार्ट सिटी परिसर स्थित सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया और अत्याधुनिक तक्नीकी पर आधारित इस प्लांट की प्रशंसा की। इस मौके पर रांची स्मार्ट सिटी के कंफ्रेंस हॉल में राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक श्री अमित कुमार और रांची नगर निगम के प्रशासक श्री शशिरंजन की उपस्थिति में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के जरिए रांची शहर में हो रहे वैस्ट मैनेजमेंट की जानकारी दी गयी।

टीम की ओर से स्मार्ट सिटी के कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर का भी निरीक्षण किया गया इससे पहले टीम के समक्ष कमांड सेंटर पर आधारित एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन भी रखा गया। सदस्यों को कमांड सेंटर के कार्यों से डेमों कराकर रु ब रु कराया गया। टीम के सदस्यों नें रांची स्मार्ट सिटी के तहत निर्मित हो रहे इंटिग्रेटेड इंन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण ,उसमें प्रयोग किये गए विशेष तक्नीकी और उससे होनेवाले फायदे की भी जानकारी दी गयी। पावर प्वाइंट के माध्यम से जानकारी देनें के बाद उनके लिए फिल्ड विजिट भी कराया गया। इसी क्रम में सदस्यों नें स्मार्ट सिटी के एसटीपी का भी अवलोकन किया। सदस्यों नें झीरी स्थित डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया और रांची नगर निगम द्वारा उस जगह को सुंदर और स्वच्छ बनानें के लिए तैयार की गयी योजना की भी जानकारी ली गयी। इस क्रम में झीरी में गेल द्वारा निमार्णाधिन प्लांट का भी अवलोकन किया गया। मंगलवार को टीम रांची नगर निगम क्षेत्र के कई योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करेगी और देखेगी कि वैस्ट मैनेजमेंट के लिए नगर निगम और सरकार की ओर से क्या कुछ प्रयास किया जा रहा है। दरअसल यह टीम उक्ळक्क्र 2.0 के अंतर्गत शहरों के चयन और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए ऑपरेशनल गाइडलाइंस तैयार करने के लिए देशभर के महत्वपूर्ण शहरों में वेस्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में हो रहे अच्छे प्रयासों और इस दौरान आ रही चुनौतियों की जानकारी ले रही है. इन्हीं जानकारियों और चुनौतियां के आधार पर ऑपरेशनल गाइडलाइंस तैयार किया जाएगा. इस योजना के तहत प्रथम चरण में 12 शहरों का चयन किया गया है।

## नशे में धुत पुलिस के जवान ने ठेले वाले बुजूर्ग को मारा धक्का, मौत

**रांची।** रांची के कलाल टोली में पुलिस की टाइगर मोबाइल की गाड़ी के धक्के से एक बुजूर्ग की मौत हो गयी। मृतक का नाम अब्दुल क्यूम है और वह हिंदपीढ़ी मोती मस्जिद के समीप रहने वाले थे। अब्दुल ठेला में चप्पल की बिक्री किया करते थे। बताया जा रहा है कि बीते रविवार की शाम अब्दुल क्यूम ठेला लेकर कलाल टोली मार्ग से गुजर रहा था। उसी मार्ग से नशे में धुत टाइगर मोबाइल के जवान ज्योतिश बाडिंग बाइक से जा रहे थे। जब अब्दुल कलाल टोली मोड़ के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार बाइक लेकर आ रहे जवान ने बुजूर्ग को पीछे से जोरदार धक्का मार दिया। इस घटना में बुजूर्ग सड़क पर गिर गए और उनके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगी। आसपास में मौजूद लोगों ने आनन-फानन में घायल बुजूर्ग को अंजुमन अस्पताल ले गए। मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया। लोअर बाजार पुलिस ने घायल बुजूर्ग को रिम्स ले गई, जहां इलाज के दौरान सोमवार को बुजूर्ग की मौत हो गई।

## नया भवन निर्माण को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**सिल्ली।** प्रखंड के बांसारुली पंचायत सचिवालय में सोमवार को ग्राम प्रधान श्रीपद महली की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद प्रतिनिधि विनोद कुमार साहू, उप प्रमुख आरती देवी, जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी, मुखिया लालू उरांव, विशेष रूप से शामिल हुए। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बांसरुली उप स्वास्थ्य केंद्र के बरसों पुराण एवं जर्जर भवन को तोड़कर नया सदभवन निर्माण किया जाए। उप प्रमुख आरती देवी ने बताया कि जर्जर भवन में स्वास्थ्य कर्मी एवं स्थानीय लोगों को दुर्घटना का भय लगा रहता था। उप स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर हालत को देखते हुए पिछले कई बरसों से स्वास्थ्य केंद्र के सारे काम निकट स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में किया जा रहा है। आज ग्राम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुराने जर्जर भवन को तोड़कर नए भवन निर्माण को लेकर विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**कार्यालय**
**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग**
**-: सूचना :-**

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्र संख्या (N) 972 दिनांक 13.07.2023 द्वारा निर्गत निर्देश के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत इस कार्यालय के पत्रांक 1231/जि0ग्रा0 दिनांक 13.08.2022 PR 276971 (District) 22-23 (D) द्वारा प्रखण्ड समन्वयक एवं लेखापाल–सह–कंप्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति की समस्त कार्रवाई को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

उप विकास आयुक्त
हजारीबाग।

PR.NO.305094 Rural Development(23-24):D

### उपायुक्त की अध्यक्षता में बीआईटी के वाईस चांसलर के साथ की गयी बैठक

# ग्रामीणों से वार्ता के लिए समन्वय समिति बनाने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को वाईस चांसलर बीआईटी मेसरा रांची डॉ. इंद्रनील मन्ना से बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में अपर समाहर्त्ता, रांची राजेश कुमार बरवार, रजिस्ट्रार बीआईटी मेसरा रांची, प्रो. संदीप दत्ता मौजूद थे। बैठक में उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बीआईटी मेसरा हेतु अधिग्रहित गैर विवादित भूमि को अपने अधीन लेकर उस पर भवन निर्माण कराने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त, रांची द्वारा बीआईटी मेसरा को गैर विवादित भूमि पर निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर विवादित स्थानों के संबंध में ग्रामीणों के साथ बातचीत कर समाधान निकालने के निर्देश दिये एवं साथ बीआईटी मेसरा के विवादित भूमि हेतु बीआईटी मेसरा के प्रतिनिधि को यह निर्देश दिया गया कि एक टीम का गठन करें जो ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। साथ ही अंचल अधिकारी कांके को निर्देश दिया गया कि ग्रामीणों के साथ बैठक कर ग्रामीणों की ओर से भी एक टीम का गठन करायें जो बीआईटी मेसरा के टीम के साथ विवादित मामलों पर परिचर्चा कर विवाद का सुलझायेंगे। उपायुक्त द्वारा बीआईटी मेसरा के अंदर एवं बाहर के एरिया में चारदीवारी/फेसिंग का कार्य कराये जाने को लेकर पहले गैर विवादित भूमि पर चारदीवारी/फेसिंग का कार्य कराने का निर्देश दिया गया।

# आड्रे हाउस में कल्चरल आर्टिस्ट एसो. ने कलाकारों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन की ओर से ऑड्रे हाउस में एक शोक/श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्वर्गीय ताहिर हवारी उर्फ छोटू भाई (उद्घोषक) तथा स्वर्गीय शिव कुमार महली उर्फ डब्बू महली (गीतकार) को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर जेसीएए के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार नागवंशी ने सभा का प्रारंभ दोनों दिवंगत कलाकारों के नाम पर मौन धारण कराकर किया। मौके पर दोनों दिवंगत कलाकारों के परिवाररिक सदस्यों समेत झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन के संरक्षक पद्मश्री मुकुंद नायक, अध्यक्ष मोनु राज, सचिव डॉ जयकांत इंदवार, कोषाध्यक्ष राज मौर्य, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार नागवंशी, पूर्व उपाध्यक्ष राजीव सिन्हा, राजु केरकेट्टा, पूनम सिंह, सुमन गाड़ी, सुधीर महली, श्रीकांत इंदवार, संगीत प्रेमी रमन गुप्ता, कैलाश जैक्शन, राजू तिर्की, वर्षा लकड़ा, सलोनी तिर्की, राजेश कश्यप, रंजू मिंज, राजू रंजन, प्रवीण कुमार, विजय प्रभाकर, केशव करमाली, शत्रु नायक, राजीव सिन्हा, राम बाबू , सूरज वर्मा, रंजीत रंजन, पंकज गोस्वामी, राकेश मुंडा, आकाश लोहरा, राज आनंद, प्रकाश कुमार, बालकरन उरांव, उज्जवल कुमार, रंजीत बिहारी, दिनेश नामदेव, प्रणव कुमार बब्बू, सुभाष साहू, हिमांशु शेखर, अविनाश बाड़ा, देवाशीष मुखर्जी, गौतम वैद्य, सामू नायक, कुमार यूमी, मनोज सहरी, सुशीला लकड़ा, विपिन आईंद, विजय उरांव, आकाश गुप्ता आदि शामिल थे। यह जानकारी एसोसिएशन के सचिव डॉ जयकांत इंदवार ने दी।

**सं0सं0:-18/आरोप-01-104/2021**
**झारखण्ड सरकार**
**स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा डॉ0 भावना, तत्कालीन चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मरकच्चो, कोडरमा को सूचित किया जाता है कि दिनांक–02.06.2017 से अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने के संदर्भ में विभागीय संकल्प सं0–747(18) दिनांक–13.12.2021 द्वारा संचालित विभागीय कार्यवाही में विभागीय जाँच पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं उपलब्ध अभिलेखों के सम्यक समीक्षोपरान्त झारखण्ड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2016 के नियम–14(xi) के तहत आपके विरूद्ध सेवा से बर्खास्तगी एवं National Medical Council Conduct, Etiquette and Ethics regulation, 2002 की कंडिका–8.1 एवं 8.2 के तहत निबंधन रद्द करने हेतु National Medical Council एवं State Medical Council से आपके निबंधन रद्द किए जाने की अनुशंसा किए जाने का दण्ड प्रस्तावित है।

अतएव विभागीय प्रशाखा–18 जाँच प्रतिवेदन की प्रति प्राप्त करते हुए उक्त प्रस्तावित दण्ड के सापेक्ष दिनांक–30.08.2023 तक द्वितीय कारण–पृच्छा का जवाब समर्पित करें।

निर्धारित अवधि तक जवाब अप्राप्त रहने पर यह समझा जाएगा की इस संबंध में आपको को कुछ नहीं कहना है एवं तद्नुसार आपके विरूद्ध नियमानुसार अग्रेत्तर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

(विद्यानन्द शर्मा पंकज)
सरकार के संयुक्त सचिव

PR 305105 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D

## खूंटी जिला व्यवसायी संघ का चैंबर ऑफ कॉमर्स में विलय

**खूंटी।** जिला व्यवसायी संघ का खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स में विलय हो गया। सोमवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स और व्यवसायी संघ की हुई संयुक्त बैठक के बाद आम सहमति से व्यवसायियों के संगठन की मजबूती के लिए दोनों संगठनों का एकीकरण किया गया। खूंटी जिला व्यवसायी संघ के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने संघ का चैंबर ऑफ कॉमर्स में विलय की घोषणा की, जिसका सभी व्यवसायियों ने स्वागत किया। अब खूंटी जिले में व्यवसायियों का सिर्फ एक ही संगठन हो गया है। खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान कार्यवाहक अध्यक्ष विनोद जायसवाल ने विलय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे व्यापारियों के लिए एक जवाबदेह संगठन का निर्माण हो गया। खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव 27 अगस्त को होने वाला था, अब 10 सितंबर को होगा।

# महादानी मंदिर में सावन के सातवें सोमवारी पर भक्तों की उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर सहित प्रखंड के सभी शिवालयों में सावन के 49वें दिन सातवीं सोमवारी व नाग पंचमी पर पूजा अर्चना के लिए उमड़े शिव भक्त, पूजन में लगी लोगोँ की कतार, बोल बम के नारों से गुंज उठा शिवालय। पवित्र सावन महीने की उन्नचासवें दिन सातवीं सोमवारी व नाग पंचमी के अवसर पर ऐतिहासिक महादानी मंदिर, मुड़हर बाबा पहाड़ सहित अन्य शिवालयों में तीन बजे प्रातः से ही शिवभक्तों द्वारा बोल बम के नारों के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान हर हर महादेव व बोल बम के जयघोषों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। जहां हजारो श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग का जलाभिषेक किया। वहीं महादानी मंदिर में लगने वाली भीड़ को देख कर महादानी सत्संग समिति सदस्य द्वारा बाबा जलाभिषेक की विशेष व्यवस्था की गई थी। इधर लोग घंटों इंतजार कर बाबा का विधिवत पूजन कर फूल बेलपत्रों के साथ जल चढ़ाया। वहीं भक्तों ने सावन सोमवारी का व्रत रखकर भोलेनाथ से सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। इधर बेड़ो के महादानी मंदिर में अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं को मंदिर के पुजारी अशोक पंडा व मेघनाथ गिरी ने पूजा अर्चना कराई। साथ ही सन्ध्या में बाबा का दूध, घी, जल से स्नान के बाद पुजारी अशोक पंडा व श्रृंगार पूजा के अध्यक्ष विजय टंडन की अगुवाई में मंदिर को फूलों से आकर्षक रूप सजा कर महादानी बाबा का प्रतिदिन की तरह संध्या में बाबा श्रृंगार पूजन किया गया।

## केसीसी ऋण वितरण शिविर का आयोजन

**सिल्ली।** यूनियन बैंक की ओर से सिल्ली प्रखंड कार्यालय परिसर में किसानों के बीच केसीसी ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। विधायक सुदेश कुमार महतो एवं जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उपप्रमुख आरती देवी, बीडीओ पावन आशीष लकड़ा, जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी तथा विभिन्न पंचायतों के मुखिया आदि ने विभिन्न गांवों के कुल 172 किसानों के बीच केसीसी ऋण स्वीकृति पत्र का वितरण किया। इस मौके पर उपस्थित यूनियन बैंक के डिप्टी जोनल हेड आलोक कुमार ने बताया कि इसके माध्यम से किसानों को चार करोड़ 85 लाख रुपए के ऋण दिए जाएंगे। इस मौके पर चीफ मैनेजर (आरएबीडी) राजीव रंजन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कमला कांत महतो, मुरी शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार, सिल्ली शाखा प्रबंधक अमूल कुमार, आरडीओ सिल्ली रिशा वरण, आरडीओ मुरी रवि रंजन, लालू उरांव, हरिपद मांझी, समेत प्रखंड के मुखिया, पंसस एवं किसान मौजूद थे।

**कार्यालय, जिला परिषद, राँची**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना**
**संख्या -10/2023-2024**

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद राँची। जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 28.08.2023 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 29.08.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 29.08.2023 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, राँची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी : DMFT Fund

| क्र० सं० | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | बुढ़मू | चकमे | चकमे | Construction of P.C.C Road Tongri Tola To Ichapiri At Village Chakme Panchayat Chakme, Block Burmu. | 1748200.00 | 35000.00 | 5000.00 | तीन माह |

नोट- 1. निविदा की अन्य शर्तें जिला परिषद, कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में जिला परिषद, राँची अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद राँची

PR 305154 Panchayati Raj(23-24)#D

### अंजुमन चुनाव — मांडर प्रखंड अंजुमन कमेटी के गठन की कवायद तेज

# मुड़मा मदरसा महमुदिया में बैठक, सैकड़ों लोग हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

मांडर थाना क्षेत्र के मुड़मा में सोमवार को प्रखंड स्तरीय मांडर अंजुमन कमेटी बनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। मदरसा महमुदिया सुरसा के प्रांगण में आयोजित बैठक में मांडर प्रखंड के 19 पंचायत के 60 मुस्लिम गांवों के सदर, सेक्रेटरी , समाज के रहनुमा उपस्थित हुए। बैठक में रातु व बुढ़मू के तर्ज पर मांडर में भी प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान चुनाव कमिटी बनाने के लिए 7 लोगो का नाम प्रस्ताव के तौर पर लिया गया। चुनाव कमिटी के गठन के बाद मांडर क्षेत्र के विभिन्न गांव की मस्जिद कमेटियों के सदर,सेकेट्री, मस्जिद के इमाम समेत 15 से 20 सदस्यों की लिस्ट तैयार किया जायेगा। इसके उपरांत चुनाव कमिटी की ओर से चुनाव की तारीख की घोषणा की जायेगी। एक मस्जिद से कम से कम 15 से 20 वोटर होंगे। लगभग 12 से 15 सौ के बीच मतदाता होंगे। जो कमिटी के पांच पद सदर,सेकेट्री, उप सदर,उप सेकेट्री व खजांची के प्रत्याशियो को मतदान करेंगे। परन्तु चुनाव कमेटी में शामिल लोग चुनाव नही लड़ पाएंगे। चुनाव कमेटी की ओर से प्रत्याशियो को चुनाव चिन्ह देने के बाद प्रचार के लिए एक सप्ताह का समय दिया जायेगा। बैठक को अंजुमन कमेटी के सदर अताउल्लाह अंसारी, बुढ़मू के सदर शमीम बड़ेहार,अमन ग्रुप के सचिव अमन राज आदि लोगो ने संबोधित किया। इरसाद इमाम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रातू प्रखंड अंजुमन कमिटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को माला व बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना शाकिर इस्लाही ने किया। इस मौके पर शमीम अख्तर, आजाद अंसारी, आबिद अंसारी, निजाम अंसारी, हाफिज मीन, गफ्फार अंसारी, समसुल हक ,अशफाक आलम, रोजीद अंसारी, जमाउद्दीन अंसारी, क्यामुद्दीन अंसारी, सलीम अंसारी ,मौलाना मजहर, तनवीर नदवी, नुरुल्लाह नदवी ,शमशेर आलम, रोजिद, अलीहसन, हाफिज मोइन,नेजाम अंसारी के अलावा विभिन्न मस्जिद कमेटियों के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**
**Reference No. - UDD/HMC/HZB/21/2023-24**

1.Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| I. | Construction of Vendor's Market in Ravindra Path under Municipal Corporation, Hazaribag | 39,47,600/- | 80,000/- | 10,000/- | 120 days |
| II. | Construction of Vendor's Market in Sardar Road near Urdu School under Municipal Corporation, Hazaribag | 26,51,900/- | 54,000/- | 10,000/- | 120 days |
| III. | Construction of Vendor's Market in Kali Bari Road near Meetha Talab under Municipal Corporation, Hazaribag | 35,33,400/- | 72,000/- | 10,000/- | 120 days |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 22.08.2023 at 11:00 A.M. |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | 05.09.2023 up to 3:00 P.M. |
| 4 | Hardcopy Submission date | 06.09.2023 11:00 am to up to 2:00 P.M. |
| 5 | Bid Opening date | 08.09.2023 at 02:00 P.M. |
| 6 | Name & Address of office inviting tender | Executive Engineer Municipal Corporation, Hazaribag. |
| 7 | Contact No. of Procurement officer | 9431797115 |

NOTE :
•Only e-Tenders will be accepted.
•No Hard Copy will be accepted after 06-09-2023 up to 2.00 PM.
•Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 305158 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)

## रक्षाबंधन पर अमेजन फैशन ने तैयार किया राखी स्टोर

**रांची।** अमेजन फैशन भी भाई-बहन के बंधन को व्यक्त करने वाले उपहारों के ढेर सारे विकल्पों के साथ पूरी तरह से तैयार है। रक्षाबंधन के मौके पर अमेजन फैशन द्वारा खासतौर पर राखी स्टोर तैयार किया गया है। अमेजन डॉ. इन पर राखी स्टोर पावर्ड बाय फेरेरो रोशर चॉकलेट्स में फैशनेबल और खूबसूरती से भरपूर उपहारों का एक विशाल कलेक्शन उपलब्ध है। आप इस स्टोर से अपने भाई-बहनों का 'हर पल फैशनेबल' बनाने के लिए मनचाहे प्रोडक्ट खरीद सकते हैं। यहां टॉप फैशन एवं ब्यूटी ब्रांड गीवा, अखिलम, वेरो मोडा, जनसाया, फास्टट्रैक, किमिरिका, प्लम, फॉरेस्ट एसेंशियल्स, डेनियल वेलिंगटन, लवी, वस्त्रमय, बीबा, विक्टोरिया सीक्रेट, एलन सोली, कामा आयुर्वेद की ओर से राखी, कपड़े, स्किन केयर, ब्यूटी, फुटवियर, लगेज, वॉचेज, ज्वैलरी, हैंडबैग आदि के विशाल संग्रह में से अपने मनचाहे प्रोडक्ट की खरीदारी कर सकते हैं। राखी स्टोर पावर्ड बाय फेरेरो रोचर चॉकलेट्स पर आप राखी और फैशन एंड ब्यूटी प्रोडक्ट पर अपने पसंदीदा ब्रांडों की ओर 50 - 80% तक की छूट पा सकते हैं। इस शानदार आफर्स के साथ इस विशाल संग्रह में से अपने लिए सही गिफ्ट खरीदना चाहते हैं तो इसके लिए अमेजन के राखी स्टोर पावर्ड बाय फेरेरो रोशर चॉकलेट पर जाएं।

## लायंस क्लब ने की शिविर लगाकर कांवरियों की सेवा



**रांची।** सोमवार को लायंस क्लब का रांची के द्वारा कांवरिया सेवा का आयोजन किया गया, जिसमें पहाड़ी मंदिर के सामने शिविर लगाकर कांवरियों के बीच शर्बत एवं चना का वितरण किया गया। कार्यक्रम चेयरपर्सन लायन धीरज ग्रोवर और वाइस प्रेसिडेंट लायन मंजुला जायसवाल के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायन अध्यक्ष परविंदर वीर सिंह, लायन सचिव लाइन पूनम निगम सहाय, लायन मंजू कुमार, लायन सिमलजीत कौर, लायन बी.के गडयांन लायन लेडी सोना गदयण, लायन अजय अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल एवं प्रेरणा महिला सेवा कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## श्री राणी सती मंडल का 42वां वार्षिक महोत्सव 3 सितंबर को

**रांची।** नगर की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री राणी सती मंडल रांची का 42 वां वार्षिक महोत्सव 3 सितंबर रविवार को प्रातः 6.30 बजे से रात्रि 9 बजे तक मारवाड़ी भवन हरमू रोड रांची में बड़े ही धूमधाम से मनाने जा रहा है। अध्यक्ष विनोद झुनझुनवाला ने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए एक कमिटी का गठन किया गया है जिसके संयोजक निर्मल बुधिया को बनाया गया है। सचिव अरविंद मंगल ने बताया कि महोत्सव में कोलकाता की निशा सोनी मंगल पाठ प्रस्तुत करेंगी। उपाध्यक्ष राजेन्द्र केडिया ने बताया कि महोत्सव में देश भर में ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध भजन गायक मोनू मोर भी अपने भजनों का कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। महोत्सव संयोजक निर्मल बुधिया ने बताया कि महोत्सव स्थल पर लगभग 15000 स्क्वायर फीट का वाटर प्रूफ पंडाल बनाया जा रहा है जिससे श्रद्धालू भक्तों को बरसात से कोई परेशानी नहीं हो। कोषाध्यक्ष राजेश पोद्दार ने बताया कि महोत्सव में दादी भक्तों का तन - मन - धन से भरपूर सहयोग मिल रहा है। निर्मल बुधिया ने बताया कि रात्रि में 9 बजे महाआरती के साथ महोत्सव का समापन होगा। मंडल के पदाधिकारियों ने नगर की धार्मिक जनता से अपील की है कि समस्त कार्यक्रम में शामिल हो कर पुण्य के भागी बने। उपरोक्त जानकारी निर्मल बुधिया ने उपलब्ध करायी।

## शोतोकान कराटे में 29 कराटेकारों को मिली प्रोन्नति



**रांची।** इंटरनेशनल शोतोकान कराटे संघ द्वारा धनबाद में आयोजित विशेष ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश, प बंगाल, बिहार तथा दिल्ली के ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षकों ने भाग लिया। संघ के मुख्य प्रशिक्षण रंजीत केशरी के देखरेख में संचालित इस कार्यक्रम के दैरान सभी प्रतिभागियों को मुख्य रूप से शोतोकान कराटे के ट्रेडिशनल काता की विशेषताओं से अवगत कराते हुए बुनकाई का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के अंत में 29 कराटे प्रशिक्षकों ने ब्लैक बेल्ट प्रोन्नति परीक्षा में भाग लिया। संघ के ग्रेडिंग परिषद सदस्य शिहान मनोज शर्मा, शिहान राजेश यादव, सेनसाई सूरज वर्मा तथा सेनसाई सुनील साव के नेतृत्व में हुई ग्रेडिंग परीक्षा में उत्तीर्ण प्रशिक्षकों के नाम तथा श्रेणी इस प्रकार हैः ब्लैक बेल्ट शोदानः इंदु कुमारी तथा सरीब खान (गढ़वा), पूजा कुमारी तथा सुनीता कुमारी (बोकारो), सृजन स्नेह तथा शिवांश कुमार (रांची), ओम प्रकाश यादव (देवघर), समृद्धि कुमारी, सागनिक घोषाल, श्रेयश राज, ऐश्वर्या प्रसाद, राधिका सहाय, अक्षय प्रसाद, सोनम चंद्रवंशी (सभी धनबाद) अवनीश यादव तथा शक्ति मानी शर्मा (गोरखपुर, यू पी). ब्लैक बेल्ट निदानः जुली कुमारी, ममता पांडे तथा सौरभ भारती (सभी धनबाद) रजनी शंकर गुप्ता तथा रतन कुमार (गोरखपुर, यू पी), सिनू सिद्धार्थ (मुंगेर, बिहार). ब्लैक बेल्ट सानदानः श्रीमंता मुखर्जी (कोलकाता), मोहन सोरेन तथा उदय शंकर भारती (दुमका), तथा संदीप पासवान (धनबाद). ब्लैक बेल्ट योनदानः प्रदीप झा (दुमका) तथा वेलेंटाइन डिसूजा (दिल्ली). ब्लैक बेल्ट गोदानः जयराम शर्मा (दुमका). इसके अलावा 4 महिला कराटेकार सागरिका घोषाल, मोतुशी सेन, श्रेया स्वर्णकार तथा प्रगति चौरसिया को ब्राउन बेल्ट के लिए उत्तीर्ण किया गया।

# नगर निगम ने छात्रों के बीच 150 पौधों का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम की ओर से सोमवार को कांके रोड स्थित एसएस मेमोरियल कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच 150 पौधों का वितरण किया गया। साथ ही विवेकानंद यूथ क्वेक फाऊंडेशन , एसएस मेमोरियल, एनएसएस विभाग और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं उर्जा संरक्षण पर सेमिनार भी आयोजित किया गया। इसमें 200 छात्र- छात्राओं को संस्था की ओर से पर्यावरण संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसएस मेमोरियल कॉलेज की प्राचार्या डॉ वंदना राय, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, विवेकानंद यूथक्वेक फाऊंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल और राजकुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सावन माह के सप्तम सोमवार व नागपंचमी के अवसर पर की गयी पूजा-अर्चना

# पट खुलते ही भगवान के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सावन माह के सप्तम सोमवार व नागपंचमी के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विराजमान स्फटीक के श्री श्यामेश्वर महादेव की पूजा वंदना जलाभिषेक दूध अभिषेक के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की भागीदारी रही। प्रातः 5 बजे मंदिर के पट खुलते ही बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना अभिषेक प्रारंभ हो गई। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरीया ने बताया कि शिव पूजा के लिए भक्तों को मंदिर के तरफ से प्रतिदिन पात्र में दूध निशुल्क दिया जाता है। दो माह के सावन के लिए दूध सेवा अन्नपूर्णा सरावगी द्वारा अर्पित किया जा रहा है। पूर्वाह्न 11 बजे से मनीष अग्रवाल एवं दोपहर 1 बजे से सलज अग्रवाल पिंकी अग्रवाल ने अलग-अलग महादेव का रुद्राभिषेक अनुष्ठान करवाया। गंगाजल, अनार रस, दूध, दही, इख रस, मौसमी रस, घृत शहद, चीनी, चावल आदि से महादेव का अभिषेक किया गया। चंदन बेलपत्र फुल धतूरा फल प्रसाद अर्पित कर भक्तों ने आराधना करके महाआरती की। सायंकाल उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर श्री श्यामेश्वर महादेव का विशेष सिंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए फूलों से संपूर्ण शिव परिवार को सजाकर केसरिया पेड़ा सुखे मेवा खीर आदि का भोग लगाकर आरती करके प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनु सलज अग्रवाल सोनू अनिल नारनोली स्नेह पोद्दार स्नेहा पोद्दार रौनक पोद्दार अरविंद सोमानी श्यामसुंदर जोशी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

**आज 64 वा श्री सुंदरकांड पाठ :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा मंगलवार 22 अगस्त को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सायं 4:30 बजे से श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का आयोजन होगा। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों को आमंत्रित किया है। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनु ने दी।

### पुलिस- एसबीआई में एमओयू, पुलिसकर्मियों को 50 लाख का बीमा

# स्थायी विकलांगता पर भी कर्मियों को मिलेंगे 50 लाख



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में किसी भी पुलिसकर्मी की व्यक्तिगत दुर्घटना में मौत या स्थायी पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 50 लाख की राशि मिलेगी। वहीं स्थायी आशंकि विकलांगता पर 30 लाख व वायुयान दुर्घटना में मौत पर एक करोड़ की राशि मिलेगी। व्यक्तिगत दुर्घटना में मौत पर आश्रित बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तथा अविवाहित बच्चियों की विवाह के लिए भी 10 लाख रुपये देने का प्रावधान किया गया है। नक्सल हिंसा या उग्रवादी, अपराधियों के द्वारा हमलों में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के आश्रितों को अतिरिक्त 10 लाख का भुगतान किया जाएगा। सोमवार को राज्य पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में पुलिस सैलरी पैकेज के लिए एसबीआई के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। पुलिस की ओर से डीआईजी बजट डॉ शम्स तबरेज और एसबीआई की तरफ से देवेश मित्तल डीजीएम रांची ने हस्ताक्षर किए।

**पुलिसकर्मियों को उपलब्ध कराया जाएगा प्लैटिनम कार्ड :** पुलिस मुख्यालय के आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि एमओयू के तहत एसबीआई की ओर से सभी पुलिसकर्मियों को रुपे प्लेटिनम कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। यह सभी बीमा सुविधाएं एसबीआई के द्वारा पुलिस सैलरी पैकेज के तहत खाताधारी पुलिसकर्मियों को निशुल्क दी जाएंगी।

# भाजपा ने विधायकों को चुनाव प्रचार के लिए लगाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे देखते छत्तीसगढ़ में जीत का पताका लहराने को भाजपा केंद्रीय नेतृत्व लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में झारखंड के भाजपा विधायकों को चुनावी मोर्चे पर लगाया गया है। इनमें राज सिन्हा, नीलकंठ सिंह मुंडा, अमित मंडल, समरी लाल, अमर कुमार बाउरी, कोचे मुंडा, आलोक चौरसिया सहित अन्य विधायक भी शामिल हैं। विधायक अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी के तौर पर चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा के पक्ष में कैसे माहौल बनाते हुए चुनाव प्रचार अभियान और दूसरे कामों को गति दी जाएगी, इसके लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की ओर से सोमवार को रायपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रवासी विधायक कार्यशाला सह विधायक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इसमें पार्टी के शीर्ष नेताओं के स्तर से भाजपा विधायकों और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया।

# हटिया रेलवे स्टेशन पर 12 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से 12 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम छोटन कुमार उर्फ छोटू बताया गया है। आरपीएफ के उपनिरीक्षक दीपक कुमार ने सोमवार को बताया कि तस्कर को जब्त गांजा और अन्य सामग्रियों के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी हटिया को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद गांजा की कीमत लगभग एक लाख 48 हजार 800 रुपये आंकी गई है। पुलिस का कहना है कि अभी इसकी जांच हो रही है इसमें और कौन-कौन शामिल हैं उसे भी पकड़ा जायेगा और उनपर भी कार्रवाई की जायेगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित

**रांची।** खूंटी व्यवहार न्यायालय परिसर में आगामी नौ सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर सोमवार को डालसा सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खूंटी के अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, सभी बैंकों के एलडीएम, शाखा प्रबंधक, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर पंचायत के अधिकारी और स्थायी लोक अदालत के सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में प्रधान जिला जज ने सभी विभागों के अधिकारियों और न्यायिक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की कि मामले के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय अवश्य पहुंचे और न्यायालय में चल रहे लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करायें।

# मेदांता के कार्डियक सर्जन डॉक्टर बालामुरली ने बचाई मरीज की जान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मेदांता रांची के कार्डियक सर्जन डॉ. बालामुरली और 10 विशेषज्ञों की टीम के सफल प्रयास से मरीज की जान बच पाई। 55 वर्षीय मरीज को पिछले कुछ वक्त से सीने में दर्द और सांस लेने में दिक्कत आ रही थी। उन्होंने विभिन्न अस्पतालों के चक्कर लगाए लेकिन कुछ खास नतीजे नहीं आए। डॉक्टरों ने उन्हें विभिन्न तरह की दवाइयां दी, जिनसे उनका दर्द कम हो जाता था, लेकिन वह पूरी तरह से ठीक नहीं हो पा रहे थे। आखिर में वह मेदांता रांची आए, जहां डॉक्टरों ने उनके लक्षणों को देखते हुए पहले एक्स-रे और इको करवाया। इको रिपोर्ट्स में उन्होंने पाया की मरीज के सीने में कैल्सीफाइड और स्टेनोटिक बाईकसपिट आओर्टिक वाल्व है जो की सामान्य लोगो में ट्राइकसपिड होते है। मेदांता रांची के कार्डियक सर्जन डॉ. बालामुरली ने बताया कि सीने के एक्स-रे में एक फैली हुई आरोही महाधमनी भी दिखाई दी। जांच से पता चला आओर्टा (सबसे बड़ी रक्त वाहिका जो सीधे हृदय से जुड़ी होती है) भी बढ़ी हुई थी जिसे हम मेडिकल की भाषा में एन्युरिज्म कहते है। जिसके बाद 14 अगस्त को मरीज का ऑपरेशन किया गया। उनके वाल्व को बदल दिया गया और उनकी आरोही महाधमनी, जिसमें एन्यूरिज्म था उसे भी बदल दिया गया। इस ऑपरेशन में करीब 6 घंटे का समय लगा, जिसमें विभिन्न विभागों का सहयोग रहा। ऑपरेशन को लीड कर रहे मेदांता रांची के कार्डियक सर्जन डॉक्टर बालामुरली ने बताया कि ऐसी स्थिति में जान को काफी खतरा होता है। लेकिन हर तरह की सावधानी को ध्यान में रख कर इस ऑपरेशन करीब 10 विशेषज्ञों की टीम के सहयोग के साथ इसे सफल बनाया गया, जिसके बाद मरीज को सात दिनों में डिस्चार्ज कर दिया गया। अस्पताल के डायरेक्टर विश्वजीत कुमार ने बताया कि मेदांता रांची की पहली प्राथमिकता उसके मरीज है। हमारी कोशिश होती है कि मरीज तक हर बेहतर स्वास्थ सेवाएं पहुंचाई जा सके, साथ ही उन्होंने बताया कि मेदांता रांची के कार्डियक विभाग के पास हर जटिल उपचार सेवाएं अनुभवी विशेषज्ञों के द्वारा उपलब्ध है।

### खेती को बढ़ावा | बीएयू में बटन मशरूम के खेती पर प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

# बेरोजगारों के लिए रोजगार का बेहतर विकल्प है : कुलपति




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पौध रोग विज्ञान विभाग में कार्यरत मशरूम उत्पादन यूनिट में बटन मशरूम की व्यावसायिक खेती पर 28 दिवसीय दूसरा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को हुआ। इस कार्यक्रम में रांची, खूंटी एवं लातेहार जिले के 6 लोगों के साथ कृषि स्नातक पाठ्यक्रम अधीन अनिवार्य अनुभवनात्मक अध्ययन कार्यक्रम से जुड़े 8 छात्र-छात्राएं ने भी भाग ले रहे हैं।

बताते चले कि कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह के सुधारात्मक प्रयासों से विवि के मशरूम उत्पादन यूनिट में सालोभर बटन मशरूम की खेती किया जाना संभव हुआ है। यूनिट में इस वर्ष नवंबर माह के बदले जुलाई माह से छात्रों को मशरूम उद्यम के गुर तथा लोगों के लिए प्रशिक्षण शुरू किया गया है। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रशिक्षाणार्थियों के द्वारा बटन मशरूम उत्पादन के लिए खाद तैयार करने की विधि की शुरूआत से हुई। मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने प्रशिक्षाणार्थियों को बताया कि पोषण से भरपूर बटन मशरूम की खेती भूमिहीन किसानों एवं बेरोजगार युवक -युवतियों के लिए रोजगार का एक बेहतर विकल्प है। इसकी खेती से निर्मित कम्पोस्ट अवशेष के विपणन से बटन मशरूम उद्यम से दोहरा लाभ बड़ी आसानी से ले सकते है। बटन मशरूम की उत्पादन प्रक्रिया थोड़ी जटिल है, लेकिन दीर्घ अवधि प्रशिक्षण में मिली व्यावहारिक तकनीकी से बटन मशरूम की सफल खेती की जा सकती है। इस अवसर पर पौध रोग विशेषज्ञ डॉ. एचसी लाल ने प्रशिक्षाणार्थियों को बताया कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को बटन मशरूम उत्पादन में खाद निर्माण की लंबी अवधि (करीब 24-25 दिनों की) में जैविक और अजैविक पदार्थो को मिश्रित करने की विधि और इस दौरान मिश्रण का 8 बार पलटाई की व्यावहारिक विधि बताया जायेगा। मिश्रण के तीसरे पलटाई में जिप्सम तथा सातवें पलटाई में फ्यूराडान मिलाने की विधि की जानकारी दी जायेगी। आठवीं पलटाई के बाद तैयार खाद का विसंक्रमण, बिजाई एवं कैमिंग आदि विधि सहित बटन मशरूम उत्पादन की तकनीकी से अवगत कराया जायेगा। डॉ. लाल ने बताया कि बिजाई एवं कैमिंग के 30 दिनों के बाद बैग में बटन मशरूम उगने लगेगा, जिसे न्यूनतम दो बार तोड़ा जा सकता है। 8 किलो वाले कम्पोस्ट के एक बैग से डेढ़ से दो किलो तक बटन मशरूम प्राप्त होता है, जिसका बाजार मूल्य 250 से 300 रुपए प्रति किलो है। मशरूम उत्पादन यूनिट के अधिदर्शक मुनी प्रसाद ने बताया कि बटन मशरूम की व्यावसायिक खेती के प्रशिक्षण के लिए युवक - युवतियां, गृहणी, किसान, उत्पादक एवं संस्थाएं निबंधन करा सकते है।

## भवन नक्शा प्लान पास करने की प्रक्रिया को लेकर कार्यशाला

**रांची।** रांची नगर निगम के द्वारा भवन योजना अनुमोदन प्रबंधन प्रणाली (बीपीएएमएस) की कार्य प्रवाह प्रक्रिया तैयार हो गई है। सॉफ्ट टेक इंजीनियर्स कंपनी की ओर से सॉफ्टवेयर सिस्टम को तैयार किया गया है। इसके जरिए काम सुगमता से चलता रहे, इसको लेकर सोमवार को निगम सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नगर निवेशक अरुण कुमार और विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को एलटीपीएस की समस्या के निराकरण की बुनियादी जानकारी दी। इससे भवन नक्शा प्लान पास करने की प्रक्रिया को सुचारू रूप से बनाए रखने में सहयोग मिलेगा। निगम की ओर से सभी एलटीपी से प्री-डीसीआर जांच कर आवश्यक डेटा भरने और अग्रसारित करने को कहा गया, ताकि सॉफ्टवेयर में आगे की कार्रवाई तेजी से हो सके। कार्यशाला में एलटीपी के अलावा नगर निवेशक शाखा के कर्मी समेत अन्य शामिल हुए।

# रांची जिला राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। कांके**

दानवीर भामाशाह नगर होकर पंचायत सचिवालय सभागार में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन रांची जिला का बैठक रखा गया। बैठक की अध्यक्षता कुंज बिहारी साहू एवं संचालन संगठन महामंत्री रामविलास साहू ने किया।

मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने संगठन का विस्तार करते हुए बैठक में शामिल सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं समाज के अगुवा प्रतिनिधियों के बीच संगठन के उद्देश्यों और सामाजिक न्याय व राजनीतिक भागीदारी के विषय पर विस्तार से चर्चा किए। श्री साहू ने सर्व सहमति से संगठन का पहला सूची जारी करते हुए निम्न पदों के लिए शपथ पूर्वक पदाधिकारीयों का मनोनयन किया गया। कार्यकारी जिला अध्यक्ष अजीत साहू, कपिल साहू, संगठन महामंत्री रामविलास साहू, महामंत्री हीरा लाल साहू, उपाध्यक्ष दीपक साहू, धनकू साहू, मंत्री बाबूलाल साहू, आर्यन कुमार सागर, शंकर प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष डॉ. दानेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी गणेश साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय साहू,बेनी, साहू मुरारी साहू, जिला परिषद सदस्य किरण देवी। रांची जिला कार्यसमिति सदस्य पंकज साहू, शत्रुघ्न साहू, प्रेमनाथ साहू,सत्येंद्र प्रसाद, धोलेश्वर शाह,निशांत कुमार, चंद्रिका साव, भोला कुमार साहू, दिनेश साहू, बेनी साहू, सोनू कुमार साहू, विष्णु साहू, राज किशोर साहू, विनोद कुमार के अलावे दर्जनों समाजिक अगुवा प्रतिनिधिगण शामिल हुए।

## जेबीसी उच्च विद्यालय में रंगोली, चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

# 'मेरी माटी मेरा देश' एक प्रेरणादायक अभियान है : प्राचार्य

### सांसद सुनील सोरेन आज करेंगे प्रदर्शनी का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**जामताड़ा।** भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय धनबाद इकाई द्वारा अमृत महोत्सव अंतर्गत प्रधानमंत्री के आह्वान पर मेरा माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान पर आज दिनांक 22 अगस्त 2023 को दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन झारखंड के जामताड़ा जिला के जेबीसी हाई स्कूल में किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें स्थानीय सांसद सुनील सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम हेतु जागरूकता के लिए आज प्री-पब्लिसिटी अभियान चलाया गया जिसमें जेबीसी उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच रंगोली पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार मरांडी ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश एक प्रेरणादायक अभियान है जो हमें अपने देश और अपनी माटी से जुड़ने के लिए प्रेरित करता है मैं अपने सभी विद्यार्थियों से आग्रह करूंगा कि वह आज आयोजित प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें तथा विद्यालय प्रांगण में लगने वाले फोटो प्रदर्शनी को अवश्य रूप से देखें और उससे प्रेरणा लें। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद श्री ओंकार नाथ पांडेय ने प्रधानमंत्री द्वारा जुलाई में रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मेरी माटी मेरा देश अभियान के बारे में की गई शुरूआत के बारे में विस्तार से बताया तथा इससे संबंधित पंच प्रण के बारे में भी जानकारी दी, और सभी विद्यार्थियों को इस अवसर पर अपने देश की माटी को नमन तथा शहीदों का वंदन करने का सुझाव दिया। आज की प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं समन्वय में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान के साथ विद्यालय के शिक्षकों मनोज कुमार सिंह, दिवाकर मंडल, विक्की चौधरी, अशोक कुमार, श्रीमति फुलमनी समद, श्रीमति अनिता डांग ने अहम भूमिका निभाई। आयोजित प्रतियोगिताओं में पेंटिंग के विजेता आठवी कक्षा के सगेन मुर्मु, वहीं रूपेश कुमार महतो ने द्वितीय पुरस्कार जीता। रंगोली में पलक ग्रुप ने प्रथम स्थान पाया, वही सुप्रिया ग्रुप दूसरे स्थान पर रहा। वहीं निबंध प्रतियोगिता में विजय कुमार महतो ने प्रथम स्थान पाया और वर्षा कुमारी ने दूसरा स्थान पाया। सभी विजेताओं को कल आयोजित फोटो प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में झारखंड के वीर सपूतों के ऊपर भी एक विशेष खंड में प्रदर्शनी लगेगी, ताकि लोग उनके जीवन के बारे में विस्तार से जान सकें।

## पूर्व सीएम रघुवर दास संग हजारों भक्तों ने बाबा भोले का किया जलाभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सावन के सातवीं सोमवारी को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सोमवार को सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया. इससे पूर्व स्वर्णरेखा नदी में 11 सदस्यीय पंडितों के समूह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक का संकल्प कराया गया. इसके पश्चात सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सूर्य मंदिर शिवालय के लिए प्रस्थान किए. जलाभिषेक यात्रा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह संग शहर के कई गणमान्य लोग शामिल हुए.

**भजन संध्या का होगा आयोजन**

कोलकाता के कलाकारों द्वारा पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया. जलाभिषेक यात्रा में भक्तिमय संगीत, विशालकाय शिवलिंग, आकर्षक झांकी के साथ पुष्पवर्षा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. श्रद्धालुओं के सहूलियत के लिए बाबा बैधनाथ धाम की तर्ज अरघा के माध्यम से जलार्पण की व्यवस्था की गई थी. जलार्पण के पश्चात सोन मंडप परिसर में महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई. शाम को गंगा आरती के तर्ज पर सूर्यधाम मंदिर में छठ घाट पर बनारस से आए 11 पुरोहितों द्वारा महाआरती की जाएगी तत्पश्चात भजन संध्या का आयोजन होगा.

## धनबाद : मुखिया ने फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच बांटे जर्सी

**धनबाद।** तोपचांची प्रखण्ड के रामाकुंडा पंचायत की मुखिया पूर्णिमा देवी ने सोमवार 21 अगस्त को क्षेत्र के फुटबॉल खिलाड़ियों का हौसला बढाने के लिये जर्सी कीट उपलब्ध कराई. मुखिया प्रतिनिधि अमृत रजक ने आवासीय कार्यालय में डेंट क्लब माथाडीह, शांति क्लब माथाडीह, सिंह स्पोटिंग क्लब दामोदरपुर, मॉ काली क्लब तुरसाबाद, इलेवन क्लब तुरसाबाद, स्टार क्लब रामाकुण्डा, आईबीएच क्लब हुटुगंटुगंरी, तूफान क्लब आमटांड, रजक स्पोटिंग क्लब रामाकुण्डा के कप्तानो व खिलाड़ियों को आमंत्रित कर जर्सी कीट वितरित किया. मौके पर उपस्थित खिलाड़ी नरेश सिह, आशुतोष सिंह, दीपक रजक, सुजीत मरांडी, अजय महतो, वीरेन्द्र मरांडी, शमशेर सिंह, संतोष सोरेन, करन रजक, मोहन सिंह सहित अन्य खिलाडियों ने मुखिया का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया. खिलाडियों ने कहा कि वे लोग जिला स्तर के खिलाड़ी हैं. उन्हें जो सुविधाए मिलनी चाहिए, वह नहीं मिला पाता है.

## रोजगार मेला में 800 युवाओं का किया गया शॉर्टलिस्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से सोमवार 21 अगस्त को बरटाड स्थित अवर प्रादेशिक नियोजनालय में मिनी रोजगार मेला का आयोजन किया गया. मेले में कल कुल 10 कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें रिलायबल इंडस्ट्रीज, सोनेटेल होटल, एशियन जालान अस्पताल, बेस्ट जॉब, स्किल डेस्क, चैंपियन सिक्योरिटी, चैनल प्ले लिमिटेड, राज सिक्योरिटी और ट्रेनिंग सेंटर शामिल है. इन कंपनियों ने दोपहर 1:30 बजे तक 800 युवाओं को शॉर्टलिस्ट किया. नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि 400 युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है. अभी तक 800 लड़कों को शॉर्टलिस्ट किया गया है. शाम तक यह आंकड़ा 1200 तक पहुंचने की उम्मीद है. इन्हीं में से योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा. हमलोगों ने इस बार ज्यादातर लोकल कंपनियों को मेले में बुलाया है. ताकि घर के आसपास ही युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो सके. नन मैट्रिक, स्नातक और टेक्निकल फील्ड के लिये चयन किया जा रहा है. जिन्होंने नियोजनालय में निबंधन कराया है, उन्हें ही अवसर दिया जा रहा है.

## जमशेदपुर : गम्हरिया में ज्वेलर्स से लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार, साकची से हथियार बरामद

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक के पास ईश्वर लाल ज्वेलर्स में लाखों रुपए के गहने लूटने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने मामले में बिहार से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. सोमवार को साकची पुलिस आरोपियों को साकची साईं गेस्ट हाउस स्थित किराए के मकान में लेकर गई. वहां से पुलिस ने एक पिस्टल और गोली के अलावा घटना के समय पहना हुआ कपड़ा और एक तराजू बरामद किया गया है. पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि घटना में तीनों आरोपी शामिल थे. सभी साकची के साईं गेस्ट हाउस में ठहरे थे. 6 अगस्त को घटना को अंजाम दिया और 9 अगस्त को सभी बिहार भाग गए थे. लूटे हुए गहनों को गलाकर बेच दिया गया. इसके बाद उन रुपयों को आपस में बांट लिया. पुलिस सोमवार की शाम मामले का खुलासा करेगी.

## बिष्टुपुर और गोलमुरी में दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में इन दिनों आत्महत्या के मामले बढ़ते ही जा रहे है. सोमवार को भी बिष्टुपुर और गोलमुरी में दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पहला मामला गोलमुरी के टुईलाडूंगरी का है जहां 37 वर्षीय शिव कुमार उर्फ छोटू ने फांसी लगाई. जानकारी मिलने पर रविवार रात 11 बजे परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. इधर सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. परिजनों ने बताया की शिव एक कंपनी में मार्केटिंग का काम करता था. डेढ़ माह पूर्व कंपनी बंद हो गई जिसके बाद वह घर पर ही रहता था. नौकरी ना मिलने से वह डिप्रेशन में था. रविवार रात वह अपने कमरे में गया और फांसी लगा ली. रात को जब सभी उसे खाने के लिए बुलाने गए तो उसका कमरा अंदर से बंद पाया. दरवाजा तोड़ने पर उसका शव फंदे से लटका हुआ था. इधर, बिष्टुपुर थाना अंतर्गत धातकीडीह बी ब्लॉक निवासी 42 वर्षीय मो सरफराज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सरफराज ने दुपट्टे के सहारे फांसी लगाई. सोमवार सुबह पुलिस ने उनके शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. सरफराज पेशे से दर्जी था. साकची में उनकी दुकान है. भाई शमीम ने बताया की सरफराज के परिचित एंब्रोज ने सरफराज के नाम पर दो गाड़ी और दो ऐसी फाइनेंस करवा ली थी. दो माह से उसने किश्त नहीं भरी थी. फाइनेंस कंपनी वाले घर पर आकर परेशान करते थे. जिस कारण सरफराज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

## गिरिडीह : पीरटांड़ में दो सड़क दुर्घटनाओं में 6 लोग घायल, 3 की हालत नाजुक

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्धटनाओं में 6 लोग घायल हो गए, जिनमें 3 की स्थिति नाजुक है. उनका गिरिडीह के अस्पताल में इलाज चल रहा है. दोनों दुर्घटनाएं 20 अगस्त रविवार देर शाम की बताई जाती हैं. खुखरा में हरकटवा नदी के पास ऑटो पलटने से महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. ऑटो खुखरा की ओर जा रहा था. हरकटवा नदी के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया और ऑटो पलट गया. दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पीरटांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह भेज दिया गया. घायलों में प्रेमजीत हजाम व सरयू मंडल की पत्नी शामिल है. खुखरा के मुखिया सुनैना पाठक ने बताया कि प्रेमजीत हजाम को गंभीर चोट है. दूसरी घटना में पीरटांड़ के खरपोक स्थित दुमुहनवा नदी के पास दो बाइक की टक्कर हो गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से चारों घायलों को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीरटांड़ भेजा गया. वहां प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया, जबकि दो का इलाज पीरटांड़ में ही चल रहा है. एक घायल का नाम एतवारी मुर्मू (28 वर्ष) है. वह डुमरी के चुटरूबेड़ा की रहने वाली है.

## कल्चरल आर्टिस्ट एसो. ने दो कलाकारों को दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन की ओर से ऑड्रे हाउस में एक शोक/श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के सचिव डॉ जयशंत इंदवार ने बताया कि शोकसभा में रांची शहर के दो बेशकीमती दिवंगत कलाकारों

स्वर्गीय ताहिर हवारी उर्फ छोटू भाई (उद्घोषक) तथा स्वर्गीय शिव कुमार महली उर्फ डब्बू महली (गीतकार) को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर जेसीएए के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार नागवंशी ने सभा का प्रारंभ दोनों दिवंगत कलाकारों के नाम पर मौन धारण कराकर किया। मौके पर दोनों दिवंगत कलाकारों के परिवाररिक सदस्यों समेत झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन के संरक्षक पद्मश्री मुकुंद नायक, अध्यक्ष मोनु राज, सचिव डॉ जयकांत इंदवार, कोषाध्यक्ष राज मौर्य, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार नागवंशी, पूर्व उपाध्यक्ष राजीव सिन्हा, राजु केरकेट्टा, पूनम सिंह, सुमन गाड़ी, सुधीर महली, श्रीकांत इंदवार, संगीत प्रेमी रमन गुप्ता, कैलाश जैक्शन, राजू तिर्की, वर्षा लकड़ा, सलोनी तिर्की, राजेश कश्यप, रंजू मिंज, राजू रंजन, प्रवीण कुमार आदि शामिल थे।

## गौरीशंकर क्लब बना डीएफसी फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता

**धनबाद।** झारखंड मैदान में धनबाद फुटबॉल क्लब की ओर से आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में गौरीशंकर क्लब बरवाअड्डा ने एसवाईएससी क्लब दामोदरपुर को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया. सोमवार 20 अगस्त की रात दोनों टीमों के बीच को खेला फाइनल मुकाबला बराबरी पर खत्म हुआ. जीत-हार का फैसला पेनाल्टी शूट आउट से हुआ. तीसरा स्थान टिसेरा-11 स्टार्स क्लब दामोदरपुर और चौथा स्थान ठाया-दिया क्लब को मिला. विजेता व उपविजेता टीम को 15 हजार रुपया व 10 हजार रुपया के साथ ट्रॉफी प्रदान की गई. तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को पांच व तीन हजार रुपया नकद व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया व हौसला अफजाई की.

## मां की हत्या के आरोपी की पुलिस कस्टडी में मौत, होगी न्यायिक जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** मां की हत्या के जुर्म में हिरासत में लिए गए पुत्र की मौत 20 अगस्त की रात बेंगाबाद पुलिस हिरासत में हो गई. मृतक 55 वर्षीय नागों पासी बेंगाबाद थाना क्षेत्र के महुआर निवासी था. घटना के बाद एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बेंगाबाद थाना प्रभारी शशि सिंह व एसआई मिथुन रजक को लाइन हाजिर कर दिया है. वहीं न्यायिक टीम गठित कर पूरे मामले की जांच कराने की बात कही गई है. नोडल पदाधिकारी-सह-डीएसपी संजय राणा ने बताया कि एसपी ने न्यायिक जाँच के लिए जिला जज व उपायुक्त को पत्र लिखा है. दूसरी ओर शव के पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है. डीएसपी ने कहा कि मामले की जांच में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के गाइड लाइन का पालन किया जाएगा. बताया गया कि हिरासत में लेने के बाद पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया था और उसकी निशानदेही पर उसके घर से हत्या में प्रयुक्त खून लगी कुल्हाड़ी व गंजी बरामद किया गया है. डीएसपी संजय राणा ने बताया कि चूंकि आरोपी हृदय रोग से ग्रसित था और उसके पेट का ऑपरेशन भी हुआ था. वह नियमित शराब का सेवन करता था. बताया कि गिरफ्तारी के समय भागने के क्रम में गिरने से आरोपी को चोट भी लगी थी. पुलिस हिरासत में आने के बाद हत्यारोपी को मानसिक आघात पहुंचा और रविवार की रात उसकी तबियत बिगड़ गई. बेंगाबाद पुलिस ने फौरन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई. डीएसपी ने कहा कि हत्यारोपी की मौत हृदय गति रुकने या अन्य कारणों से हो सकती है. इस संबंध मृतक के बेटे पिंटू पासी ने अपने पिता की बीमारी व मौत से संबंधित आवेदन बेंगाबाद थाने में दिया है.

**जागरूकता**

### विश्व उद्यमिता दिवस पर युवाओं को दी गई स्वावलंबन की सीख

# नौकरी लेनेवाला नहीं, नौकरी देनेवाला बनना चाहिए : मिथिलेश




**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के मंगलम मॉल स्थित विक्रमादित्य क्लासेस इंस्टीट्यूट में 21 अगस्त को स्वाबलंबी भारत अभियान के अंतर्गत विश्व उद्यमिता समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह कॉलेज के पूर्व प्राचार्य मिथलेश कुमार ने युवाओं को स्वाबलंबी बनने की सीख दी. उन्होंने कहा कि हमें नौकरी लेने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए हमें स्वरोजगार से जुड़ना चाहिए. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अभिव्यक्ति फाउंडेशन के कृष्ण कांत ने कि हमें रोजगार के लिए किसी पर आश्रित होने की आवश्यकता नहीं है. हमें इसकी शुरूआत खुद करनी चाहिए. कोई भी सरकार शत प्रतिशत बेरोजगारों को नौकरी नहीं दे सकती है. इसलिए हमे स्वाबलंबन की ओर लौटना ही पड़ेगा. स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक संतोष कुमार पाण्डेय ने स्वाबलंबी भारत अभियान के तहत गिरिडीह में हो रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी और कहा कि स्वाबलंबी भारत अभियान देश के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक संगठनों से मिलकर चलाया जा रहा एक राष्ट्र व्यापी अभियान है. विक्रमादित्य क्लासेस के डायरेक्टर सह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के गिरिडीह विभाग संयोजक कुमार गौरव ने युवाओं के कड़ी मेहनत करने की सलाह देते हुए कहा कि सभी सफलताओं का मूल कड़ी मेहनत है. कार्यक्रम में आशीष कुमार ने कहा युवाओं को भी छोटे स्टार्टअप से शुरूआत करनी चाहिए और लगातार मेहनत करना चाहिए. कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वाबलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक मुकेश पाण्डेय ने की. स्वदेशी जागरण मंच के जिला संघर्ष वाहिनी प्रमुख सूरज कुमार मोदी ने कहा कि स्वदेशी को अपनाते हुए हमलोगों को स्वरोजगार की ओर बढ़ने की आवश्यकता है. कार्यक्रम में स्वाबलंबी भारत अभियान के रितेश पाण्डेय, नीरज चौधरी, शशि कुमार, शशिकांत वर्मा, रवि शंकर, गौरव कुमार अंशु, कुंदन कुमार केशरी, रविन्द्र यादव आदि ने भाग लिया.

## बहरागोड़ा : सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एनएच 18 पर झरिया मोड़ के समीप बांघराचूड़ा गांव निवासी शंभूनाथ महंती (30 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जानकारी के अनुसार मृतक एक निजी ऑफिस में काम समाप्त करके रविवार की रात्रि 10:30 बजे अपने घर बांघराचूड़ा जा रहे थे. उस समय झरिया मोड़ के समीप एनएच 18 पर खड़े टेलर (एनएल01एसी8004) के पीछे जा कर टकरा गए. इससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई. सूचना मिलते ही बहरागोड़ा पुलिस वहां पहुंची. पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. साथ ही खड़े वाहन को भी अपने कब्जे में ले लिया है. पुलिस जांच पड़ताल कर रही है. मृतक के घर में उसकी बूढ़ी मां है. वह घर में कमाने वाला अकेला और अपनी मां का इकलौता सहारा था. रात को दुर्घटना की खबर मिलते ही युवक के गांव तथा बहरागोड़ा में शोक की लहर दौड़ गई.

### रामगढ़ डीसी ने की डीएमएफटी एवं पर्यटन विकास के कार्यों की समीक्षा

# अधिकारी समन्वय बनाकर करें काम : चंदन कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** डीएमएफटी एवं पर्यटन विकास के तहत हो रहे कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएमएफटी टीम को वर्तमान में संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना से आम जनों को हो रहे फायदों से संबंधित प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने वर्तमान में संचालित एमटीसी वाहन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा आम जनों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से रोस्टर व रूट चार्ट निर्धारित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। सदर अस्पताल, रामगढ़ के समीप हेल्थ वेयरहाउस स्थापित करने, दुलमी व चितरपुर के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा दुलमी चितरपुर एवं पतरातू के लिए एमटीसी केंद्र निर्मित करने के मद्देनजर उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को राज्य स्तर से समन्वय करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की रिक्तियों की जानकारी लेते हुए डीएमएफटी टीम के सदस्यों को सभी चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की रिक्ति से संबंधित प्रस्ताव तत्काल रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के माध्यम से संचालित गोट बैंक परियोजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लाभुकों को बेहतर तरीके से लाभान्वित करने के उद्देश्य प्रशिक्षण आयोजित करने एवं लाभुकों को एक्स्पोजर विजिट पर भेजने हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर सीसीटीवी, चेक पोस्ट आदि के माध्यम से निगरानी रखने हेतु प्रस्ताव तैयार करते हुए जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराए गए बर्तनों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सभी केंद्रों में बर्तनों का नियमित इस्तेमाल सुनिश्चित करते हुए लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराए गए बर्तनों से संबंधित फोटोग्राफ व प्रतिवेदन तत्काल रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत जिले के सभी प्रखंडों में 15- 15 एकड़ भूमि पर संचालित ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को 5 सितंबर तक चिन्हित सभी एफपीओ का पंजीकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने उरलौंग एवं आरा जलापूर्ति योजना के तहत अब तक किए गए कार्यों की जानकारी कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से ली जिसके उपरांत उपायुक्त ने 31 अगस्त तक निश्चित रूप से दोनों परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल से डीएमएफटी के तहत पीसीसी पथ निर्माण योजनाओं की जानकारी लेने के क्रम में एक हफ्ते के अंदर पीसीसी पथ निर्माण योजनाओं के शिलान्यास हेतु सभी प्रक्रियाएं पूरी करने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों में बनाए जाने वाले सामुदायिक भवनों के सफल संचालन के मद्देनजर उपायुक्त ने डीएमएफटी टीम के सदस्यों को सामुदायिक भवन की उपयोगिता व आम जनों को इससे होने वाले फायदाओं से संबंधित प्रस्ताव तैयार करते हुए तत्काल रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने डीएमएफटी टीम के सदस्यों को एक हफ्ते के अंदर डीएमएफटी के माध्यम से ली गई मुख्य परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण करते हुए अब तक हो चुके कार्य, गुणवत्ता आदि से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पर्यटन विकास संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकारी से जिले के विभिन्न पर्यटन संभावित क्षेत्रों को विकसित करने के मद्देनजर राज्य स्तर पर भेजे गए प्रस्ताव की जानकारी लेते हुए टूरिज्म फेलो को एक हफ्ते के अंदर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में 25 ऐसे स्थलों जिन्हें पर्यटन के क्षेत्र में विकसित किया जा सकता है का निरीक्षण कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, जिला खनन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## उप स्वास्थ्य केंद्र के मरम्मत कार्य में अनियमितता, विरोध



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** पंचायत चेचकपी अंतर्गत खैरियो उप स्वास्थ्य केंद्र का मरम्मती कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि डीएमएफटी मद से इस उप स्वास्थ्य केंद्र का मरम्मती कार्य किया जा रहा है जिसमें बंगला ईट, पतला छड़ तथा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। अनियमितता को लेकर जब हम लोग विरोध करते है तो संवेदक कहते हैं, जहां शिकायत करनी है कीजिए । ग्रामीणों ने इस बाबत जमकर विरोध किया। वहीं मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने कहा कि चेचकपी पंचायत का यह एकमात्र उप स्वास्थ्य केंद्र है। इसके बेहतर निर्माण में प्रकार की अनियमित बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यहां के लोग दस-बारह किलोमीटर दूरी तय करने के बाद ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा जा सकते हैं ।इसलिए इस उप स्वास्थ्य केंद्र को दुरुस्त रखना हम सभी का कर्तव्य है। जहां मौके पर समाजसेवी डेगलाल साव, राजू मुर्मू, गणेश मुर्मू, बाबूराम मांझी, रमन सिंह, भुवनेश्वर सिंह, प्रकाश सिंह, सहदेव सिंह, जमुना सिंह, वार्ड सदस्य सुरेश सिंह, शिव सिंह, मंगरा मांझी, मोहन साव समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित है। वही मुखिया रीता देवी ने अनियमितता मामले को लेकर उपायुक्त को आवेदन दिया है।

### करसो में बुलेट-स्कूटी में भिड़ंत

## होटल संचालक की मौत बीएसएफ जवान घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** करसो स्थित एनएच-33 पर एक बाईक और स्कूटी में भिड़ंत होने से दोनो सवार गंभीर रूप से घायल हो गए. जिन्हे सदभावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल भेजने का काम किया. चौहान ने बताया कि बुलेट पर मेरु बीएसएफ के दो जवान बैठे थे, जिसमे एक गंभीर रूप से घायल थे. दोनो हजारीबाग की ओर जा रहे थे. वही स्कूटी सवार स्थानीय कावेरी होटल के संचालक गजेंद्र यादव (44) पिता कैलाश यादव अपने होटल से बरही आ रहे थे. इसी क्रम में करसो में यह घटना घटी. दोनो घायल सड़क पर पड़े थे. जिन्हे उन्होंने स्थानीय लोगो की मदद से एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल भेजने का काम किया. जिसे प्राथमिक इलाज के बाद गंभीरावस्था में हजारीबाग रेफर किया गया. दोनो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. युवा समाजसेवी मोती सिंह ने बताया कि हजारीबाग के जाने के क्रम में ही होटल संचालक की मौत हो गई. बुलेट सवार बीएसएफ जवान की पहचान वैशाली (बिहार) निवासी मनोज पांडेय (44) के रूप में बताया जा रहा है.

## स्वस्थ तन मन के लिए खेल जरूरी : राजेश महतो



**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं 26 कैथा और वार्ड नं 27 गोबरदरहा के खिलाड़ियों के बीच सोमवार को आजसू रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो ने फुटबॉल का वितरण किया ।इस अवसर पर राजेश महतो ने खिलाड़ियों को खेल के साथ जीवन के अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेने को लेकर उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन और मन के लिए खेल आवश्यक है। आजसू पार्टी और गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी सदा खिलाड़ियों को मुकाम देने के लिए प्रयासरत हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से सोनू कुमार,ज्योति महतो, विवेक महतो, आदित्य कुमार, मोनू, गोपी, रौनक, रणबीर, अभय, सुजल, किरीतिक, अमन, अभिषेक, सुनील, अजय, सुमित, प्रवीण, सचिन आदि उपस्थित थे।

# बाबूलाल मरांडी की संकल्प सभा को लेकर भाजपा की बैठक

### बरही



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** एनएच डाकबंगला में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं की विधासभा स्तरीय बैठक हुई. जिसमे आगामी चार सितंबर को प्रखंड मैदान आहूत प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प सभा की सफलताओं पर चर्चा हुई. बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव व संचालन संयुक्त रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर व मंडल अध्यक्ष अमित कुमार साहू ने किया. बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी सह कार्यक्रम प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी मौजूद रहे. पार्टी प्रभारी श्री सिंह प्रदेश अध्यक्ष के संकल्प सभा के बारे में विस्तार से जानकारी दिया. साथ ही इसकी सफलता हेतु उपस्थित लोगो से हर संभव प्रयास करने का अपील किया. पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने आश्वस्त किया कि प्रदेश अध्यक्ष के आगमन की जानकारी से बरही विस की जनता अति उत्साहित है. कार्यक्रम में अप्रत्याशित भीड़ उमड़ने की उम्मीद है. वही जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया. उपस्थित सभी लोगो ने सभा को सफल बनाने और जन जन तक संदेश पहुंचाने की बात कही. बैठक में अंबिका सिंह, संजीव कटरियार, गणेश यादव, मोतीलाल चौधरी, सुनील साहू, राजेश सहाय, मुकुंद साहू, बंधन यादव, मुकेश सिन्हा, बालेश्वर साव, भूपेंद्र यादव आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

### बरकट्ठा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा स्थित दिव्य कल्याण आश्रम में सोमवार को भाजपाइयों की एक बैठक आहूत की गई ।इस निमित्त पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में बरकट्ठा विधानसभा में आयोजित होनेवाली संकल्प यात्रा को सफल बनाने हेतु बैठक की गई। ज्ञात हो कि आगामी 5 सितंबर को मरांडी के नेतृत्व में संकल्प यात्रा की जाएगी ।वहीं उक्त कार्यक्रम को लेकर विधानसभा के भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक यादव तथा संचालन बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने किया। तत्पश्चात प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह ने संकल्प यात्रा की रूपरेखा से लोगों को अवगत कराया । अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार झूठे वादे कर यहां के लोगों को ठगने का कार्य कर रही है। हम सबको मिलकर ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है। वहीं उपस्थित लोगों ने वर्तमान सरकार के क्रियाकलाप का जमकर विरोध किया। मौके पर उपस्थित विधायक अमित कुमार यादव ने कहा बीजेपी ही एक ऐसी पार्टी है जिससे पूरे देश का कल्याण संभव है। कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार देश को सुरक्षित एवं संरक्षित करने का हर संभव प्रयास कर रही है।मौके पर महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता कुमकुम देवी, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप अध्यक्ष उमेश कुमार मेहता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेश्वर मेहता, मंडल अध्यक्ष भोला यादव, मंडल अध्यक्ष जयनगर रामदेव मोदी, इंद्रदेव यादव ,रविंद्र कुमार, सुनील पांडेय, रीतलाल प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद मंडल ,दिलीप कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन पर सदर विधायक हुए मुखर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** अब बड़कागांव में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन पर हजारीबाग के सदर विधायक मनीष जायसवाल मुखर हो गए हैं. इसके लिए प्रखंड की 23 पंचायतों के भाजपा कार्यकर्ताओं और खेल प्रेमियों के साथ उन्होंने बैठक की. साथ ही टूर्नामेंट की महत्ता और इसके उद्देश्य की जानकारी देते हुए खेल के विस्तार में सहभागिता निभाने का आग्रह किया. दरअसल सदर विधायक के सौजन्य से आयोजित होने वाले हजारीबाग के सबसे बड़े नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज रविवार से हो चुका है. साल 2016 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट की ख्याति दूर तलक तक पहुंच रही है. पिछले वर्ष 2022 में पहली बार इस टूर्नामेंट का आयोजन हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड के साथ हजारीबाग जिले के दो अन्य प्रखंड इचाक और डाड़ी में हुआ था. विधायक का प्रयास है कि वर्तमान वर्ष इस टूर्नामेंट को हजारीबाग जिले के अन्य प्रखंडों में भी आयोजित किया जाए और इसकी तैयारी भी उन्होंने शुरू कर दी है. इस टूर्नामेंट के माध्यम से हजारों खिलाड़ियों का समागम होता है और विधायक इसमें शामिल होने वाले खिलाड़ियों को नमो जर्सी के साथ प्रत्येक टीम को फुटबॉल प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करते रहे हैं. नमो फुटबॉल टूर्नामेंट न सिर्फ फुटबॉल के खिलाड़ियों को प्लेटफॉर्म प्रदान करता है, बल्कि स्थानीय कला संस्कृति से जुड़े कलाकारों को भी मंच प्रदान करता है.

### लाभुकों के बीच बांटी गयी धोती-साड़ी

**बरही।** चौपारण प्रखंड की जगदीशपुर पंचायत स्थित विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों में सोमवार को डीलरों ने लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण शिविर लगाकर किया. इसमें बतौर अतिथि प्रमुख पूर्णिमा देवी, उप प्रमुख प्रीति कुमारी, मुखिया सुनीता देवी और पैक्स अध्यक्ष मनोज यादव ने संयुक्त रूप से धोती साड़ी वितरण योजना का शुभारंभ किया. उसके बाद सभी डीलरों ने कार्डधारियों के बीच धोती या लुंगी और साड़ी बांटे. मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, उप प्रमुख प्रतिनिधि लालेश साहू, प्रवीण भारती, डीलर पेमल राणा, सतीश यादव, चंदन यादव, राजेन्द्र राणा, अनिरुद्ध चंद्रवंशी, सरयू यादव एवं कई कार्डधारी उपस्थित थे.

## बरकट्ठाः कुआं में डूबने से बबलू लठौर की मौत

### जड़ी-बूटी की दवा बेचकर चलाता था परिवार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के बेडोकला में रविवार को एक व्यक्ति की कुआं में डूबने से मौत हो गयी। कुआं में डूबने कि खबर सुनकर आप पास के लोगों ने उसे बाहर निकाला। शव का शिनाख्त बब्लू लठौर पिता स्व कामता लठौर ग्राम बुलेटीन बिगहा,थाना दाउनगर जिला औरंगाबाद के रूप में हुई। लोगों ने बताया कि यह व्यक्ति बेड़ोकला मिडिल स्कूल के पास रहकर जडी बुटी से दवा बनाकर बेचता था और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक अपने साथ पत्नी समेत दो बच्चों को छोड़ चल बसे। वह रविवार के दोपहर में मिडिल स्कूल बेड़ोकला के बगल खाना बनाने को लेकर लकड़ी तोड़ने गया था वहीं बने कुवें में गिर गया। आसपास के लोगों के द्वारा उसे कुआं से निकालकर बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बरकट्ठा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

**बढ़ी परेशानी** | टेक्सटाइल फैक्ट्री खोलने को लेकर भ्रम की स्थिति बरकरार

# 200 से अधिक महिलाएं हुई बेरोजगार



**नवीन मेल संवाददाता**

हजारीबाग। त्रिवेणी सैनिक कंपनी के सीएसआर फंड से चलने वाली त्रिवेणी अपेरल्स एंड टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के निकट भविष्य में भी खुलने के आसार नहीं है. इस बात की जानकारी त्रिवेणी सैनिक कंपनी के पीआरओ अरविंद देव ने दी. उन्होंने कहा कि वार्ता के दौरान भी किसी भी तरह की सकारात्मक पहल नहीं हुई. बहुत अधिक घाटे के कारण कंपनी ने यह फैसला लिया है. पहले से ही फैक्ट्री बंद करने में विलंब हुई है. उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी तरह का ऑर्डर अब तक कंपनी को नहीं मिला है. इस कारण फैक्ट्री खोलने के आसार नहीं के बराबर हैं. वहीं दूसरी ओर बेरोजगार हुई 200 से अधिक महिलाओं ने एनटीपीसी के पदाधिकारी के साथ वार्ता की. महिलाओं ने जानकारी दी कि एनटीपीसी ने आश्वासन दिया है कि टेक्सटाइल फैक्ट्री खोलने की फिर से कोशिश की जाएगी, ताकि जो महिलाएं बेरोजगार हुई हैं, उन्हें फिर से रोजगार से जोड़ा जा सके. बेरोजगार हुई महिलाओं ने त्रिवेणी सैनिक कंपनी के पदाधिकारी से भी मुलाकात की और उन्होंने भी आश्वासन दिया है कि इस मुद्दे पर विचार किया जा रहा है. बहुत जल्द सकारात्मक कदम उठाया जाएगा, ताकि महिलाओं को फिर से रोजगार से जोड़ा जा सके. एनटीपीसी और त्रिवेणी सैनिक जहां एक ओर 200 से अधिक बेरोजगार महिलाओं को आश्वासन दे रही है, तो दूसरी ओर कंपनी के पदाधिकारी ने शुभम संदेश की टीम से वार्ता करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब फैक्ट्री नहीं खोली जाएगी. कंपनी भ्रम की स्थिति बनाई हुई है और महिलाएं रोजगार के लिए एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय चक्कर काट रही हैं. टेक्सटाइल फैक्ट्री में काम करने वाली माला मिश्रा कहती हैं कि मंगलवार तक का समय कंपनी ने मांगा है. अगर हमारी बात नहीं मानी जाएगी, तो आगे की रणनीति तैयार की जाएगी. वहीं उन्होंने यह भी जानकारी दी कि फैक्ट्री में कई विधवा और गरीब महिलाएं भी काम कर रही थीं, जो रोजी-रोटी के लिए इसी फैक्ट्री पर ही निर्भर थीं. अब फैक्ट्री बंद होने के कारण उनका जीवन यापन करना चुनौती भरा हो जाएगा. इसे देखते हुए कंपनी से वार्ता कर स्थिति बताई गई है. उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी ने सब्जबाग दिखाकर उनकी प्रॉपर्टी ले ली और अब नौकरी पर भी डाका डाल दिया. त्रिवेणी सैनिक कंपनी जिस टेक्सटाइल फैक्ट्री को विस्थापन का आशीर्वाद बताते हुए हर प्लेटफॉर्म पर चर्चा करती थी, उसी फैक्ट्री को मैनेजमेंट ने बंद कर दिया है. बड़कागांव की कोल माइंस पकरी-बरवाडीह परियोजना एनटीपीसी के अधीनस्थ काम करने वाली आउटसोर्सिंग कंपनी त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की कम से कम 200 से अधिक महिलाएं बेरोजगार हो चुकी हैं.

## धूमधाम के साथ उड़ीसा के वेदव्यास से सिमडेगा सरना मंदिर की भव्य कांवर यात्रा का समापन

# हर-हर महादेव के जयकारे के साथ भक्तों ने किया जलाभिषेक



**विकास साहू**

**सिमडेगा।** सावन महीना आते ही सिमडेगा के लोगों के जहन में उड़ीसा के वेदव्यास से सिमडेगा सरना मंदिर की 75 किलोमीटर कांवड़ यात्रा की इंतजार रहती है सिमडेगा कांवरिया संघ के सराहनीय पहल पर उड़ीसा के वेदव्यास से हजारों की संख्या में श्रद्धालु वेदव्यास त्रिवेणी संगम से जल लेकर पैदल पदयात्रा करते हुए सिमडेगा के सलडेगा स्थित सरना मंदिर में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक किया। इससे पूर्व शनिवार को जल लेकर उड़ीसा के बीरमित्रपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में पहला रात्रि पड़ाव रहा जहां पर उड़ीसा की कांवरिया सेवा संघ की ओर से सभी शिव भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की थी रात भर भजन कीर्तन में झूमने के पश्चात अहले सुबह वहां से आगे बढ़े जहां पर बांसजोर के तरगा में पूर्व मंत्री एनोस एक्का की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया था ।जहां पर शिव भक्तों ने झूमते हुए आगे बढ़े वहीं इसके पश्चात हिंदू धर्म रक्षा समिति कोनमेंजरा की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई और जामपानी में सिमडेगा कांवरिया सेवा संघ की ओर से दिन का भोजन का व्यवस्था किया जिसके बाद धीरे-धीरे करते हुए कांवरिया की टोली ठेठईटांगर के टुकुपानी पहुंची जहां पर रात भर कांवरियाओं को ठहरने के लिए व्यापक इंतजाम किए थे। जा रात भर भजन कीर्तन और भगवान शंकर की झांकी की प्रस्तुति आनंद लेने के पश्चात सामूहिक रूप से सभी लोग नाचते गाते हुए सोमवार की सुबह भगवान को जलाभिषेक किया।

### कांवर यात्रा के दौरान बजरंग दल चिकित्सा सेवा में दिखा लीन

पिछले दिनों हुए कांवर यात्रा के सफलतापूर्वक संचालन के पश्चात बजरंग दल सिमडेगा द्वारा इस बार के हुए 75 किलोमीटर की कावर यात्रा में चंलत चिकित्सा सेवा लोगों को मुहैया कराई। शनिवार को उड़ीसा के वेदव्यास से लेकर सिमडेगा सरना मंदिर तक जगह-जगह चौक चौराहों पर दवाई मलहम ,स्प्रे ,पट्टी मालिश पानी सहित सभी प्रकार की सुविधा बजरंग दल के द्वारा किया गया था। ताकि किसी भी कांवरिया बंधु को कोई भी परेशानी ना जानकारी देते हुए जिला संयोजक आनंद जायसवाल ने बताया कि बजरंग दल का एकमात्र उद्देश्य है कि जनमानस की सेवा और उसकी सेवा भाव को चरित्र करने के उद्देश्य से कावड़ यात्रा के दौरान सभी बजरंग दल के कार्यकर्ता पूरे तन्मयता के साथ सेवा भाव में जुटे हुए रहे। उन्होंने बताया लगातार प्रयास रहेगा कि इस प्रकार के आयोजनों में बजरंग दल अपनी सहभागिता दिखाएं। इधर बजरंग दल द्वारा किए गए सराहनीय सेवा को लेकर शहर में भी चर्चा का विषय रहा जहां पर जगह-जगह लोगों ने बजरंग दल के कार्यकताओं के द्वारा किए गए कांवरियों की सेवा की सराहना किया। नगर संयोजक मानस प्रसाद ने बताया कि बजरंग दल देश का बल है और ऐसे धार्मिक आयोजन में अपनी सहभागिता शुरू से ही बढ़ चढ़कर दिखाइए और आगे भी करेगी ।वही बताया गया कि इस चिकित्सा सेवा में सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो की भी भूमिका रही। सेवा देने के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से सुमित कुमार,सूरज मिश्रा, आंकित केशरी, आदित्य भारती, आकाश चक्रवर्ती, बलराम झा, आलोक द्विवेदी, वतन सिंह, टुकटूक कुमार, आदित्य कुमार, माणिक सोनी, दीपक कुमार, सोनु कुमार आदि उपस्थित थे।

### शिव तांडव एवं भक्ति जागरण कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण केंद्र

सिमडेगा कांवरिया सेवा संघ की ओर से टुकुपानी में कांवरियाओं को आनंद विभोर करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के कानपुर से भव्य शिव तांडव की टीम बुलाया था जिसमें बंटी बावरा एवं उनकी पूरी टीम भगवान शंकर के वेशभूषा एवं सती वियोग के मौके पर भव्य तांडव के साथ भस्म आरती का सजीव चित्रण लोगों को दिखाया और जहां पर लोग घूमने पर विवश हो गए वहीं इसके अलावा धनबाद से ज्योति कुमारी पूरी टीम के साथ भक्ति जागरण के लिए पहुंची थी और वहीं जूनियर रघुवंशी कोलकाता से पहुंचे थे जिन्होंने वहां पर उपस्थित लोगों को नाचने गाने और झूमने पर पूरी तरह दिवस कर दिया ।पूरे कार्यक्रम को देखने के लिए कांवरियाओं के अलावा पूरे सिमडेगा शहर से हजारों की संख्या में लोग वहां पर पहुंचे थे ।अब सभी लोगों ने आयोजित कार्यक्रम का आनंद उठाया। वही झांकी की टीम सोमवार की सुबह भी ट्रक में लोगों के बीच भव्य शिव तांडव करते हुए अगवानी कर रहे थे।

### विभिन्न संगठनों में कांवर यात्रा के दौरान मार्ग पर दिखी भक्ति-सेवा

75 किलोमीटर की कावड़ यात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठन और विभिन्न सामाजिक व्यक्तियों के द्वारा जगह-जगह पर कांवरियाओं का सेवा किया गया उड़ीसा के लासे में गोबरा चौक में वहां के स्थानीय लोगों के द्वारा सेवा किया गया इसके अलावा सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन सिमडेगा, बाँसजोर नवयुवक संघ, संवेदक संघ सिमडेगा, भाजपा नगर अध्यक्ष, चीक बड़ाईक समाज, पंडरीपानी नवयुवक संघ,बाबा अखाड़ा, हिन्दू धर्म रक्षा समिति कोनमेंजरा, ठेठईटांगर दुर्गा पूजा समिति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों की भूमिका।







## कोडरमा : डीसी ने विभिन्न विभागों की समीक्षा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक हुई. उपायुक्त ने बैठक में सर्वप्रथम सभी कार्यालय प्रधान से परिचय प्राप्त किया. इसके बाद उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बिंदुवार समीक्षा की. डीसी ने सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने की कोशिश करें. सभी पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए काम करना चाहिए. मेघा भारद्वाज ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि हफ्ते में दो दिन यानी मंगलवार व शुक्रवार को जनता दरबार लगायें और आमजनों की समस्या सुनकर उसका निदान करें. उन्होंने कहा कि कोई भी कार्यालय का चक्कर न काटे. इसके लिए सभी पदाधिकारी अपने कार्यालय में आने वाली आमजनों की समस्याओं का निदान प्राथमिकता के आधार पर करेंगे. अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करेंगे. सभी पदाधिकारी और कर्मी निर्धारित समय पर कार्यालय में आयेंगे.

### कोडरमा : उपायुक्त ने लोगों की सुनी समस्या

कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये लोगों की समस्यायें सुनी. डीसी ने आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया. लोगों ने बारी बारी से अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया. डीसी मेघा भारद्वाज ने आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों का समाधान किया जायेगा. फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया. विद्यालय में नामांकन, जाति/आवासीय प्रमाणपत्र, आंगनवाड़ी केन्द्र से संबंधित मामले लेकर लोग पहुंच थे.

### राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ने डीसी को सौंपा 3 सूत्री मांग पत्र

**सिमडेगा।** राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र श्रीवास्तव द्वारा उपयुक्त सिमडेगा को ज्ञापन सौपते हुए 3 सूत्री मांग रखा गया जिसमे शहर के अंदर पथ निर्माण विभाग द्वारा सामटोली सड़क अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से बाजारटांड सड़क एवं केलाघाघ सड़क का मरम्मती कार्य का निवीदा निकला गया था 8-9 महीने बीतने के बाद भी उस कार्य को ठेकेदार द्वारा नहीं किया गया है 30 लाख की लागत का कार्य शहर के अंदर अब तक लंबित दिन ब दिन खराब सडको कारण दुर्घटनाएं हो रही है दूसरा मंग में करोड़ों की लागत से बने सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम जिस उद्देश्य के साथ बनाया गया उसका कोई भी लाभ यहां के खिलाड़ियों को नहीं मिल पा रहा।

## पीसीसी पथ का आदिवासी छात्र संघ ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सोमवार को सिमडेगा महाविद्यालय मे 2700 फिट पीसीसी पथ का निर्माण का आदिवासी छात्र संघ ने निरीक्षण किया।छात्र संघ जिलाध्यक्ष रोशन डुंगडुंग ने कहा काम चल रहा है यह पीसीसी पथ खिजरी ग्राम को जोड़ता है और इस पीसीसी पथ से बहुत सारे स्टूडेंट आना-जाना। करते हैं पीसीसी पथ का घटिया निर्माण को देखकर आदिवासी बालक छात्रावास के छात्रों द्वारा विरोध किया गया पर ठेकेदार के द्वारा पीसीसी पथ में गुणवत्ता लाने का आश्वासन दिया जाने पर काम को नहीं रोका गया लेकिन ठेकेदार के द्वारा मनमानी करते हुए फिर से घटिया पीएससी पथ का निर्माण करवाया जा रहा था इसकी सूचना आदिवासी छात्र संघ जिला समिति को मिली आदिवासी छात्र संघ के जिला अध्यक्ष रोशन डुंगडुंग की अध्यक्षता में पीससी पथ का निरीक्षण किया गया इस दौरान पीएससी पथ का गुणवत्ता बिल्कुल खराब था सीमेंट बालू और चिप्स सही तरीके से और मिलाकर नहीं दिया जा रहा था जिससे रोड का काफी खराब निर्माण हो रहा था साइड साइड में 5 इंच दिखाने के लिए और बीच में 4 इंच तक का पीसीसी पथ निर्माण कराया जा रहा था जगह-जगह साइट पर दरारें और जॉइंट पॉइंट पर थमाकोल के जगह पटरा को लगाकर निर्माण किया जा रहा था, ऐसा घटिया पथ निर्माण को देखते हुए काम को बंद कराया कॉलेज प्रशासन भी चुप्पी साधे हुए है देखने वाला कोई भी नहीं है, तत्पश्चात ठेकेदार ने काम को अच्छे से करने का आश्वासन दिया उस समय काम करने दिया गया।

### सिमडेगा उपायुक्त ने बाल संप्रेक्षण गृह सहयोग विलेज का किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार ने सोमवार को बाल संप्रेक्षण गृह, सहयोग विलेज बालक/बालिका गृह का निरीक्षण कर जायजा लिया।मौके पर उन्होंने संधारित विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने रसोई, डायनिंग हॉल, कोर्ट, पढ़ाई रूम का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को और बेहतर व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए।मौके पर चिकित्सकीय सुविधा, कंप्यूटर क्लास इत्यादि व्यवस्था की जायज लेते हुए जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी से बच्चों के बारे में जानकारी लिया। साथ ही उपायुक्त ने बच्चों को मुहैया कराए जाने वाले मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी जानकारी लिया। उन्होंने वहां पर बच्चों को मिलने वाले पोषक आहार के बारे जाना एवं रसोई में जाकर निरीक्षण किया। साथ ही उपायुक्त महोदय ने एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, सिमडेगा का भी भ्रमण किया।मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह, जिला बाल संप्रेक्षण पदाधिकारी सुमित्रा बड़ाईक, व अन्य उपस्थित थे।

### कोम्बाकेरा में शहीद मधेश्वर सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, विधायक रहे मौजूद

**कोलेबिरा।** प्रखण्ड अन्तर्गत बरसलोया पंचायत के कोम्बाकेरा में शहीद मधेश्वर सिंह फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के शुरू करने से पहले विधायक ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया जिसके बाद खेल की शुरूआत हुई।फाइनल मैच एनएफसी जलडेगा बनाम नीरू ब्रदर्स फुटबॉल क्लब नदीडिपा कोम्बाकेरा के बीच खेला गया।एनएफसी जलडेगा ने पेनाल्टी सूट में एक गोल से विजय प्राप्त किया।खिलाड़ियों और दर्शकों को सम्बोधित करते हुए विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि खेल मनोरंजन का एक प्रमुख साधन है।खेल हमारे शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाता है, क्योंकि हमारे जीवन में शरीर का स्वस्थ होना अति आवश्यक है। खेल के लिए सभी सरकार में जो बजट पेश किया जाता है वो अधिकाधिक होता है।

## हाथियों ने घर तोड़ा, फसलों को पहुंचाया नुकसान



**ठेठईटांगर।** सोमवार को अहले सुबह दो जंगली हाथी पहुंचे जोराम खिजुरडांड़ एवं जाशो देवी पति मुकेश प्रधान के घर का एक हिस्सा को ध्वस्त करते हुए घर में रखे दो क्विंटल धान को निकाल कर खा गए और कुछ को अपने साथ लेते गए, साथ ही घर टूटने पर घर पर रखा बक्सा, बर्तन, कुर्सी आदि को भी नुकसान पहुंचा है,उससे पहले दोनों जंगली हाथियों ने मुकेश प्रधान के घर के बगल में जो गोड़ा का धान खेत में लह लहा रहा था उसे भी खाते हुए लगभग आधा खेत का धान को रौंद डाला इससे खेत के मालिक काफी उदास एवं निराश है क्योंकि इतनी मेहनत से वह खेती करता है और उसे इस तरह से हाथियों के द्वारा नुकसान कर दिया जाता है निश्चित तौर पर किसान को काफी दुख हुआ इसकी जानकारी जैसे ही मुखिया प्रितम कंडुलना एवं प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को हुई दोनों पीड़ित के घर पहुंचे एवं तत्काल सहयोग के रूप में पच्चीस केजी चावल प्रमुख के द्वारा एवं बीस किलो चावल मुखिया के द्वारा तुरंत उपलब्ध कराया गया ,जिससे की कुछ दिन उन्हें खाने-पीने में कोई तकलीफ ना हो, साथ ही साथ सरकार के द्वारा, वन विभाग के द्वारा जो भी मुआवजा मिलता है, उसके लिए आवेदन लिख करके ले लिया गया है, और उन्हें आश्वासन दिया गया है कि आपका जो भी नुकसान हुआ है उसे जल्द से जल्द आप लोगों को वन विभाग कि ओर से दिया जाएगा।

**दिशा निर्देश** | प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से संबंधित डीसी ने की समीक्षा

# 'बच्चों को प्रोटीन युक्त भोजन सुनिश्चित करें'



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना को लेकर जिला स्तरीय स्टीयरिंग व मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें उपायुक्त ने सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, प्रत्येक माह ससमय खाद्यान्न की उपलब्धता, योजनांतर्गत विद्यालयों में पोषण वाटिका, कार्यरत रसोईया सहित अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की समीक्षा करते हुए जिले का आच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया और कहा कि जिला स्तर पर लगातार अनुश्रवण कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों को प्रोटीन युक्त भोजन सुनिश्चित कराने, मॉनिटरिंग करने के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक को चावल का उठाव करते हुए स्कूल तक पहुंचाने की दिशा में की महत्वपूर्ण निर्देश दिए। स्कूल भ्रमण के दौरान मध्यान भोजन सहित अन्य से संबंधित जांच हेतु चेकलिस्ट बनाने का निर्देश दिया। साथ ही मध्याह्न भोजन से संबंधित सरकार द्वारा प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार अक्षर सह अनुपालन सुनिश्चित कराने की बात कहीं।इसके अलावा उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह, जिला स्तरीय स्टीयरिंग -सह- मॉनिटरिंग समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## कोडरमा: लायंस क्लब ने गांव के कुएं डाला ब्लीचिंग, फलदार पौधों का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** लायंस क्लब झुमरीतिलैया के सदस्यों ने तैलिया बस्ती स्थित अंबेडकर नगर में गांव के कुएं में ब्लीचिंग पाउडर डाला और वितरण किया. ताकि लोगों को बरसात में होने वाली बीमारियों (डायरिया) से बचाया जा सके. इस दौरान लायंस क्लब ने ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों का भी वितरण किया. इसमें याथ जामुन, कटहल, आंवला, शरीफा के अतिरिक्त सागवान शीशम और गुलमोहर के पौधे शामिल हैं. उक्त कार्यक्रम में क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन गजेंद्र राम, सचिव सुजीत अंबष्ठ, वाइस प्रेसिडेंट जेएन झा, डॉ सुजीत राज, विजय प्रकाश द्विवेदी, मुकेश कुमार, रोहित कुमार के अतिरिक्त भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे. बता दें कि लायंस क्लब 2016 से तिलैया बस्ती में ब्लीचिंग पाउडर डाल रहा है. इसके पीछे एक पुरानी कहानी है. बताया जाता है कि 2016 में तिलैया के कई इलाकों में डायरिया का प्रकोप फैला था. उस समय लायंस क्लब ऑफ झुमरी तलैया टीम और डॉक्टरों ने गांव-गांव जाकर ग्रामीणों का इलाज किया और कई लोगों की जान बचायी. साथ ही सलाइन और जरूरी दवाएं बांटे थे. इसके बाद क्लब ने यह निर्णय लिया कि हर वर्ष गांव के कुएं में ब्लीचिंग पाउडर डाला जायेगा. इसके बाद 2016 से ही लायंस क्लब ने तिलैया बस्ती के गांव को ब्लीचिंग पाउडर डालने की शुरूआत की. इसके बाद से अब तक उस गांव में किसी को भी डायरिया नहीं हुआ. गांव के पूर्व पार्षद प्रकाश आंबेडकर ने बताया कि लायंस क्लब जब पहली बार गांव के कुएं में ब्लीचिंग पाउडर डालने आये थे, तब गांव के अधिकांश ग्रामीणों ने इसका विरोध किया था. उनका मानना था कि कुएं में ब्लीचिंग पाउडर डालने से पानी का स्वाद बिगड़ जाता है और मछलियां भी मरने लगती है. हालांकि काफी समझाने के बाद सभी कुएं में ब्लीचिंग डालने के लिए तैयार हुए. अब सभी ग्रामीण इस कार्यक्रम में भाग लेते हैं.

## सुबह से ही मंदिरों व शिवालयों में लोगों की भीड़ लगने लगी थी

# पंचमी पर श्रद्धालुओं ने की नाग की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

डंडई प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सोमवार को नाग पंचमी पर विभिन्न मंदिरों व शिवालियों में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। वहीं लोगों ने अपने-अपने घरों में भी विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। पूजा अर्चना को लेकर सुबह से ही मंदिरों व शिवालयों में श्रद्धालुओं का आना-जाना रहा। इसके अलावा अन्य श्रद्धालुओं ने घर के पास लगे पीपल के पेड़ की जड़ के पास दूध, मीठा आदि रखकर काल सर्प दोष की शांति के लिए विशेष पूजा की। हरिहर मंदिर के पुजारी रवि पांडेय ने बताया कि नाग पंचमी का दिन काल सर्प दोष की शांति के लिए विशेष महत्व रखता है। हर साल की तरह इस बार काल सर्प दोष की शांति के लिए मंदिर में पूजा अर्चना की गई। नाग लोक के द्वादश प्रकार के काल सर्प दोष का विधिवत पूजन कराया गया और नाग पंचमी के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। कहा कि श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी को नाग पंचमी के रूप में मनाया जाता है। यह भूमि नागों की है। हम सभी इस पर निवास करते हैं।





इसलिए नाग पंचमी पर प्रत्येक जीव को उनका आभार व्यक्त करना चाहिए। इधर लवाही खुर्द स्थित बाबा मंगरदह महादेव मंदीर तथा तसरार जोगिया पहाड़ी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में नाग पंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। उक्त दोनों मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए मंदिर कमेटी की ओर से विभिन्न तरह की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। लवाही खुर्द बाबा मंगरदह महादेव मंदीर में सैकड़ों कांवरियों ने छत्तीसगढ़ के बालचौरा स्थित कनहर नदी से जल उठा कर नंगे पांव चलकर जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि जो लोग सच्चे मन से आस्था के साथ लावाहीखुर्द के इस मंदिर में जलाभिषेक करते हैं उनकी हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

### मेराल में नाग पंचमी श्रद्धा से मनाई गई

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नाग पंचमी धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने पूजा अर्चना के बाद भव्य जुलूस निकाला। इस मौके पर पचपेड़ी, ओखरगाढ़ा, चटनिया बिकताम,बसरिया, दलेली, रेजो हासनदाग, आदि गांव में नाग पंचमी की पूजा के साथ भव्य जुलूस भी निकाली गई। संग्रहे खुर्द नाग मंदिर से जुलूस निकाली गई जो मेराल थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से गुजरते हुए पचफेडी पहाड़ी मंदिर पहुंची। उधर सावन का सोमवारी होने के कारण भी श्रद्धालुओं की भीड़ गांव के शिव मंदिर में देखी गई। लोगों ने पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की।

### नाग पंचमी धूमधाम से मनायी गयी

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय एवं इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही भक्तगणों ने शिवालयों एवं नाग मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना कर मनोवांछित मनोकामना मांगी। अरसली उत्तरी पंचायत के महुरांई स्थित आस्था के प्रतीक नाग स्थान पर मेले का आयोजन किया गया, जिसका श्रद्धालुगण लुफ्त उठाते हैं। पुजारी बबलू चौबे ने बताया कि महुरांव स्थित नाग स्थान की स्थापना सन 1984 में बिहार के बौलिया के रहने वाले बाबा रामराज तिवारी ने की थी। तभी से इस स्थान पर नागपंचमी के दिन हजारों की संख्या में भक्तगण पहुंचकर पूजा पाठ करते हैं। इस नाग स्थान की मान्यता है की जो भी भक्त इस जगह पर मनोकामना मांगता है।

# पति की हत्या की आरोपी पत्नी गिरफ्तार, पहुंची जेल

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

थाना क्षेत्र के गेरुआ सोती गांव में, रविवार को अब्दुल सत्तार अंसारी की हत्या की आरोपी उसकी पत्नी सफीना बीवी को मेराल पुलिस ने उसके ससुराल गेरुआ सोती गांव से गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा घटना में उपयोग किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। घटना के दिन ही एक बाइक भी बरामद की गयी थी। प्रभारी थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि घटना के बाद पुलिस द्वारा चलाई जा रही सघन छापेमारी अभियान के दौरान रविवार की रात्रि सफिना बीवी को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। विदित हो कि रविवार को गेरुआ सोती गांव निवासी अब्दुल सत्तार अंसारी की झगड़ा झंझट उसकी पत्नी सफीना से हुई थी। आरोप है कि झगड़ा से नाराज सफीना बीबी ने अपने भाई भतीजे के साथ मिलकर चाकू से गोदकर अब्दुल सत्तार की हत्या कर दी गई। मेराल पुलिस ने उक्त मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर हत्या में शामिल आरोपी पत्नी सफीना बीवी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी अभियान में प्रभारी थाना प्रभारी अजीत के साथ एसआई जाहिद अंसारी तथा पुलिस के जवान व महिला पुलिस बल शामिल थे।

### जातिसूचक शब्द कहने के आरोप में एक गिरफ्तार

**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के घाघरा गांव में एक आदिम जनजाति दीपक कोरवा के साथ मारपीट व जातिसूचक शब्द के उपयोग करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी बीनोद साह पिता स्व घुटन साह ग्राम घाघरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करजेल भेज दिया। घटना 18 अगस्त की रात्रि की है। आवेदन में दीपक कोरवा ने कहा है कि 18 अगस्त की रात्रि बीनोद साह नशे में धुत होकर हमारे घर आये और लाठी से पिटाई की, जिसमें उसका जबड़ा और शरीर के कई भाग में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। रविवार की शाम आवेदन देते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार से जोड़ना काफी आवश्यक : राकेश पाल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

लायंस क्लब ऑफ गढ़वा असम की ओर से सोमवार को लाइंस ऑसम सिलाई केंद्र की शुरुआत की गई। प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन राकेश पाल, उपेंद्र सिंह, डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र यादव, विकेश सिंह ने सामूहिक रूप से किया। उस दौरान महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण के लिए तीन सिलाई मशीन भी उपलब्ध कराया गया।



मौके पर लेंस के पदाधिकारी सह युवा समाजसेवी राकेश पाल ने कहा कि संस्था की ओर से यह शुरुआत काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार से जोड़ना काफी आवश्यक है। ऐसे में महिलाएं सिलाई सीख कर खुद स्वर रोजगार कर सकती हैं। लायंस क्लब आफ गढ़वा असम के अध्यक्ष कंचन साहू ने कहा कि संस्था की ओर से समय-समय पर विभिन्न तरह के सामाजिक कार्य किए जाते हैं। पिछले दिनों सुखवाना के लहसुनिया पहाड़ की समीप पौरोपण कार्यक्रम किया गया था। उसके बाद आज सिलाई केंद्र की शुरुआत की गई है, जिसमें महिलाओं की प्रशिक्षण के लिए तीन सिलाई मशीन भी उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने बताया कि केंद्र संचलिका रूपा सिंह, अंजलि कुमारी एवं संजू देवी को सिलाई मशीन सौंपी गयी। तीनों मिलकर आसपास की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सिलाई मशीन का प्रशिक्षण देंगी। मौके पर लायन, पूनम चंद, लायन संतोष कश्यप, लायन देवेंद्र गुप्ता, लियो आर्यमन केशरी, संतोष कश्यप नितेश सिंह, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

# कलश यात्रा के साथ स्थापना दिवस कार्यक्रम शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के मंगरा में स्थापित शिव मंदिर के 12वें स्थापना दिवस को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम की सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मंगरा मंदिर में विधायक रामचंद्र सिंह ने सभी भक्तों के बीच कलश वितरण किया। इसके बाद धार्मिक गीतों के व गाजे-बाजे के साथ काफी संख्या में शामिल भक्त कोयल नदी पहुंचे, जहां मंत्रोच्चारण के बीच विधायक ने सभी महिला पुरुष भक्तों के बीच कलश में जल वितरण किया। यहां से कलश यात्रा विधायक के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया, जिसमें जिप सदस्य संतोषी शेखर, पंचायत के मुखिया समेत काफी संख्या में भक्त व ग्रामीण शामिल हुये। मंगरा मंदिर परिसर में पहुंच कर कलश स्थापित की गयी। सभी भक्तों को विधायक ने अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। मंगलवार को बेदी पूजन, भक्ति संस्कृति कार्यक्रम होंगे। बुधवार को हवन पूजन, पूणार्हुति व भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, मुखिया विपिन बिहारी सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, शिक्षक सह मुख्य जजमान शुकन सिंह, अजय चंद्रवंशी, अनिल सिंह, शिवानंद तिवारी, विजय बहादुर सिंह, कुलेश्वर सिंह, जिबोध सिंह, चंद्रशेखर सिंह, बसंत ठाकुर, विवेक सिंह, लक्ष्मण सिंह आदि उपस्थित रहे।



### कोठाटांड शिव मंदिर में अखंड कीर्तन का हुआ समापन

**बारियातु।** प्रखंड अंतर्गत साल्वे पंचायत के जबरा ग्राम स्थित कोठाटांड शिव मंदिर परिसर में पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत के नेतृत्व में रविवार दोपहर एक बजे से चल रहे 24 घंटे का अखंड कीर्तन सोमवार को विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इसमें जबरा, बारिखाप, बारियातु सहित कई टोला के मंडली ने भाग लिया। अंखड कीर्तन को सफल बनाने मे राकेश रंजन प्रजापति, सिंटू, रघुनाथ यादव, गणेश गंझु, मनोज ठाकुर, सोनु प्रजापति, रोहीत, बजरंग, सुभम आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# उपायुक्त ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में ऑनलाइन माध्यम से उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक हुई। इसमें समुदाय के विकास के लिए क्रियान्वित योजना-स्कीमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश उत्तराधिकारी के आधार पर भूमि नामांतरण करना तथा निःशुल्क रसीद उपलब्ध कराना व बंटवारा दाखिल खारिज यदि अपेक्षित हो तो उसे यथाशीघ्र पुरा कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना का लाभ, परिवार को चार-चार गाय निःशुल्क प्रदान करने एवं शेड का निर्माण कर लाभान्वित करने, इनके बच्चों को शक्ति विश्वविद्यालय में नामांकने, खाद्य-बीज उपलब्ध कराने, रोजगार से जोड़ने, परिवार के बच्चों को छात्रवृति उपलब्ध कराने, उपायोग हेतु एक सामुदायिक भवन का निर्माण, जमीन से संबंधित समस्या का समाधान एवं योजनाओं का प्रस्ताव समेत अन्य निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिए गए थे। जिसपर उपायुक्त ने सभी बिंदुओं की क्रमवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीडीओ रंथु महतो द्वारा जानकारी दी गई कि टाना भगत सामुदायिक भवन बनकर तैयार हो चुका है। वहीं टाना भगत द्वारा सामुदायिक भवन तक संपर्क पथ की मांग की जा रही है। इसे लेकर उपायुक्त द्वारा बीडीओ को निर्देशित किया गया कि स्थल का निरीक्षण कर प्रस्ताव उपलब्ध कराएं।

# सीएस ने किया सीएचसी का निरिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमना का निरिक्षण किया। इस क्रम में केंद्र के सभी वार्ड, चिकित्सीय उपकरण, स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति एवं स्थिति की जांच की गयी। इस दौरान सीएचसी के पदाधिकारी पुष्कर कुमार गुप्ता उपस्थित थे। ओपीडी में कुल आठ मरीजों का इलाज किया गया था और ओपीडी का वार्षिक क्रमांक-3929 पाया गया। वहीं आयुष चिकित्सक प्रवीण कुमार अनुपस्थित पाए गये। उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया हैं।



डयूटी पीरियड में आउटसोर्सिंग पारा मेडिकल कर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं चालक ड्रेस में नहीं थे, जिन्हे विशेष हिदायत दी गयी कि अगली बार से यदि बिना ड्रेस में पाए गये तो उस दिन को अनुपस्थित माना जायेगा। निरिक्षण के क्रम में वार्ड का शीशा टूटा हुआ और प्रसूति वार्ड में पर्दा नहीं पाए जाने पर पर्दा एवं शीशा जल्द लगाने का निर्देश दिया गया। कलर कोडेड बकेट में प्लास्टिक नहीं लगा था और पिछले चार माह से खराब पड़े आरओ को भी ठीक कराने का निर्देश दिया गया। शीत श्रृंखला कक्ष के तापमान का रीडिंग सुबह -शाम रजिस्टर में अंकित करने, वार्ड की बेडशीट प्रत्येक दिन बदलने की हिदायत दी गयी। इस केंद्र में आयुष्मान योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना दोनों बंद हैं। केंद्र में सांप एवं कुत्ता की वैक्सीन उपलब्ध हैं। वर्ष 2013 से संचालित इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक विभागीय एंबुलेंस, एक 108 एम्बुलेंस वर्तमान में हैं। केंद्र के लिए कुल तीन चिकित्स्कों के पद निर्धारित हैं जिनमें एक फिजिशियन, एक शिशु रोग विशेषज्ञ व 1 दंत चिकित्सक शामिल हैं, पर एक भी चिकित्सा पदाधिकारी पदस्थापित नहीं है।

# बिजली बिल बाकी रखने वालों के काटे कनेक्शन

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी के निर्देश के बाद विद्युत कर्मी तमजीत मंसूरी व रघुनंदन सिंह ने थाना क्षेत्र के मसरा गांव से 9 विद्युत कनेक्शन धारियों का बिजली कनेक्शन काट दिया, जबकि थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव में, लाइंसमैन सिकंदर कुमार व व विद्युत कर्मी सीमंत चंद्रवंशी द्वारा भी कई बिजली कनेक्शन धारी, जिनके पास 5000 रुपये से ऊपर बिजली बिल बाकी था, उनके कनेक्शन काटे गये हैं। पूछे जाने पर विद्युत मिस्त्री सिमंत चंद्रवंशी ने बताया कि 2000 से ऊपर बिजली बिल बाकी रखने वालों का विद्युत कनेक्शन काटा गया है। जिन बिजली कनेक्शन धारियों का आज बिजली कनेक्शन काटा गया है, उनमें मसरा गांव के सुदनी देवी पति



देव पान लोहार, अमरावती देवी पति रमणी कोरबा विनोद लोहार, पिता सूकन लोहार, देवनाथ यादव पिता शिवपूजन यादव, बैजू कोरबा पिता सीताराम कोरबा, रामप्रवेश साह पिता राम सुंदर साह, पेशव्रत प्रजापति पिता सरदार प्रजापति, मंनरूप चौधरी पिता लखन चौधरी, बल्लाल चौधरी पिता लखन चौधरी तथा कठौतिया गांव के लालमुनि देवी, मुकेनदर प्रसाद साव, रेखा देवी, चंपा देवी, जोगी महतो, सोनिया देवी शामिल हैं।

### 11 मुसहर परिवारों के सदस्यों के नाम वोटर लिस्ट में जुड़े

**चिनिया।** उपायुक्त गढ़वा के निर्देशानुसार चिनिया प्रखंड मुख्यालय स्थित मुसहर परिवार के 18 वर्ष से ऊपर के सदस्यों को ऑनलाइन फार्म 6 के तहत वोटर लिस्ट में नाम प्रखंड कार्यालय से जोड़ा गया है। इनमें प्रदीप मुसहर, पिंटू मुसहर, जवाहिर मुसहर, महेंद्र मुसहर, प्रवंती मुसहरीन, सजवंती मुसहरीन, चांपा मुसहरीन, अनीता मुसहरीन, मोती मुसहर, पूजा मुसहरीन, प्रियंका मुसहरीन, क्रमिता मुसहरीन इत्यादि शामिल हैं। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा, बीपीआरओ दिनेश कुमार, जेई सुकेश कुमार, नितेश कुमार, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, उपप्रमुख फारुक अहमद, उपेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## धर्म-कर्म

## भटके मन को एक जगह केंद्रित करके बांध लेने का नाम है योग : जीयर

# भाई से बेईमानी कर कबूतर को दाना खिलाना व्यर्थ

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि सबको आपस में प्रेम और सद्भाव के साथ जीवन जीना चाहिए। भरत के चरित्र को जीवन में उतारना चाहिए। भाई भरत के चरित्र की पूजा की जाए और एक भाई से बेईमानी की जाए यह उचित नहीं है। जिस प्रकार त्रेता द्वापर में एक भाई दूसरे भाई के लिए त्याग की भावना रखते थे। उसको जीवन में उतारना चाहिए। और अपने परिवार के लिए, अपने भाई के लिए, अपने समाज के लिए मन में त्याग की भावना रखनी चाहिए। एक भाई से बेईमानी कर कबूतर को दाना खिलाने से कोई फायदा नहीं हो सकता।स्वामी महाराज ने कहा कि शुकदेवजी से राजा परीक्षित ने पूछा कि ये हमारी



भावना आएंगे कैसे? सुकदेव महाराज ने कहा कि इसके लिए योग करना पड़ेगा। फिर प्रश्न किया कि योग कितने हैं और किसे कहते हैं। योग केवल इतना ही नहीं कि सांस को लेना फिर छोड़ना। यह केवल स्वास्थ्य लाभ के लिए अच्छा है, लेकिन इतने से हम योग के अधिकारी हो जाएंगे यह बात नहीं है। हमारा मन, चित, बुद्धि कहीं भटक गया है, कहीं अटक गया है, उसको चारों तरफ से केंद्रित करके, पकड़ करके, समझा करके और एक जगह ला करके बांध लेना इसी का नाम है योग। स्वामी जी ने बताया कि चित की चंचलता को रोका नहीं जा सकता है, मोड़ा जा सकता है। इसको दूसरी जगह ट्रांसफर किया जा सकता है, प्रतिस्थापित किया जा सकता है। जो चीज नहीं रुकने वाला है उसे कैसे आप रोक सकते हैं। इसलिए मन को लगाना है तो वहां लगाइए जिसने पूरे संसार को बनाया है। उन्ही में अपनी चित की चंचलता को लगा दीजिए। और जब जब मन करता है कुछ गुनगुनाने की तो मुरली वाले के नाम को गाइए। घूमने की इच्छा हो तो क्लब में मत जाइए, बल्कि विन्ध्याचल, अयोध्या, मथुरा, काशी चले जाइए। ऐसा करने से एक न एक दिन जो गलत प्रक्रियाओं में लग गया है वह अगत्या मुड़ जाएगा और मुड़कर हमेशा-हमेशा के लिए उससे अलग हो जाएगा। जीयर स्वामी ने कहा कि हर व्यक्ति को मर्यादा के अंतर्गत अपने जीवन को जीना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में मयार्दा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। विषम परिस्थिति में भी मयार्दा का पालन करते रहना चाहिए। क्योंकि मर्यादा ही पुरुष की शोभा है, मनुष्य की शोभा है, संसार की शोभा है, राष्ट्र की शोभा है, कुल की शोभा है, इस जगत की शोभा है। बिना मर्यादा का मनुष्य जानवर से भी गया गुजरा है। जिस प्रकार जल विहीन नदी का कोई अस्तित्व नहीं रह जाता। उसी प्रकार मर्यादा के बिना मनुष्य का भी कोई अस्तित्व नहीं है। जो विषम परिस्थितियों में भी मर्यादा का पालन करते हैं। धर्म का पालन करते हैं। माता-पिता की कद्र करते हैं। स्त्री का सम्मान करते हैं। बुजुर्गों का सम्मान करते हैं। उन पर लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा बनी रहती है। और उनका परिवार विकास करता है।

### माउंट हीरा कमेटी ने इलाज के लिए की आर्थिक मदद

**श्री बंशीधर नगर।** माउंट हीरा कमेटी के पदाधिकारियों ने बिशुनपुर ग्राम निवासी रिजवाना बीवी को इलाज के लिए आर्थिक सहयोग किया। कमेटी के अध्यक्ष सद्दाम आलम ने कहा कि रिजवाना बीबी काफी दिनों से बीमार थीं। पैसे के अभाव में वे अपना इलाज नहीं करा पा रही थीं। उन्होंने कहा कि जब हम लोगों को इसकी जानकारी हुई तो हमारी कमेटी के द्वारा इलाज के लिए आर्थिक सहयोग किया गया। उन्होंने कहा कि गरीब, असहाय, जरूरतमंद लोगों को इस कमेटी के द्वारा हमेशा मदद की की जायेगी। मौके पर उपाध्यक्ष तुफैल खान उर्फ गब्बर, सलातीन खान, अमन आलम, एहसान खान, छोटू खलीफा, नेयामत खान, दिलनवाज खान, राज आलम, गोलू आलम, लड्डुन खान, गोल्डन खान आदि उपस्थित थे।

# झामुमो नेता ताहीर ने किया फोटो स्टेट का उद्घाटन

**नवीन मेल। श्री बंशीधर नगर**

ब्लॉक मोड़ के निकट अहमद अंसारी के आवास में सोमवार को रितु फोटो स्टेट का उद्घाटन झामुमो नेता ताहीर अंसारी, अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, मुखिया संघ के अध्यक्ष फिरदौस अंसारी ने संयुक्त रूप से किया।



इस मौके पर झामुमो नेता ताहीर अंसारी ने कहा कि रितु फोटो स्टेट खुल जाने से यहां के लोगों सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि नक्शा प्रिंट निकालने के लिये लोगों को गढ़वा जाना पड़ता था लेकिन अब इस दुकान के खुल जाने से यहां के लोगों को बड़ा शहर नहीं जाना पड़ेगा। प्रोपराइटर आशुतोष कुमार ने कहा कि हमारे यहां आधार से पैसा निकासी, एटीएम से पैसा निकासी, आधार प्रिंट, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, ई स्टाम्प प्रिंट, जमीन का रसीद, पैन कार्ड, ट्रेन टिकट, प्लाइट टिकट, बिजली बिल, ऑनलाइन फॉर्म, बाइक इंश्योरेंस सहित अन्य कार्य किये जायेंगे। मौके पर अमरनाथ पांडेय, झामुमो अनुमंडल सचिव श्रवण सिंह, फिरदौस अंसारी, आमिर अंसारी, चंगेज अंसारी, राजन पाल, जफरुद्दीन अंसारी, डा. एफ आलम, हनीफ अंसारी आदि उपस्थित थे।

सभी के जिंदगी के दो पहलू होते है। पहला सुख जो सबको दिखाई देती है और दूसरा दुःख जिसे कोई देखना नहीं चाहता, पर यही वह पहलू है जो हमे जीना सिखाती है।' - अज्ञात



# इंतजार कब तक...

**झारखंड** में भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बनने के बाद विधायक दल के नेता की आस में कई लोग केंद्रीय नेतृत्व पर टकटकी लगाए बैठे हैं। एक माह के करीब मरांडी को अध्यक्ष बने होने को है। यही कारण है कि भाजपा विधायक दल के नेता पर सस्पेंस जारी है। पार्टी विधायकों की नजर दिल्ली पर टिकी हुई हैं। उन्हे उम्मीद है कि जल्द इस मामले पर फैसला हो जायेगा। कब और किसके नाम पर पार्टी के टॉप लीडर विधायक दल के नेता पर मुहर लगायेंगे, यह अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। जुलाई महीने के आखिरी सप्ताह में झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र से पूर्व भाजपा विधायक दल की बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई थी। इस दौरान यह मसला काफी चर्चा में था कि केंद्रीय मंत्री और पर्यवेक्षक अश्विनी चौबे की उपस्थिति में विधायक दल के नेता के नाम पर सहमति बन जायेगी। इसकी घोषणा भी उसी दौरान हो जाने की बात थी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। कहा गया कि कुछ नामों के साथ वे दिल्ली गये हैं। अब दिल्ली में ही पार्टी के शीर्ष लीडर किसी एक नाम को तय करेंगे। अब करीब एक महीने होने होने को है,लेकिन किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पायी है। ऐसे में विधायकों का अपने नेता के लिए इंतजार बना ही हुआ है। दरअसल प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद बाबूलाल मरांडी ने खुद को विधायक दल के नेता पद से मुक्त करने की इच्छा पार्टी के शीर्ष नेताओं से जतायी थी। ऐसे में पार्टी विधायक दल की बैठक के दौरान पूरी संभावना थी कि विधायकों के बीच से कोई सर्वमान्य नाम तय कर नया नेता तय कर लिया जायेगा। यह भी कि मॉनसून सत्र में विधायक दल के नये नेता के साथ पार्टी सदन में उपस्थिति दिखायेगी। पर किन्हीं कारणों से नाम तय हो नहीं सका। पार्टी के मुताबिक बाबूलाल ही विधायक दल के नेता बने अभी भी बने हुए हैं। जबकि वह खुद इस जवाबदेही से मुक्त होकर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कई जगहों पर सभा कर रहे हैं। ऐसे में विधायक दल का नेता रहते मरांडी अपने आप को सहज महसूस नहीं कर रहे हैं। ऐसे में केन्द्रीय नेतृत्व को चाहिए कि इस दिशा में कारगर कदम उटाये। दूसरी तरफ फैसला जल्द नहीं होने की स्थिति में कई भाजपा विधायकों के मन में गलत संदेश जाने का खतरा है। वैसे विधायक दल की बैठक होने तक पार्टी के कई विधायकों का नाम विधायक दल के नेता के रूप में सामने आ रहे हैं। इनमें विधायक सीपी सिंह, अमर कुमार बाउरी, अनंत ओझा, राज सिन्हा, अमित मंडल, जय प्रकाश भाई पटेल जैसे नामों पर ही ज्यादा दांव खेला जा सकता है। यह भी चर्चा होती रही कि चूंकि ट्राइबल क्लास के लिहाज से पार्टी ने कई स्तरों पर काम कर दिखाया है। इनमें द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाये जाने से लेकर बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने जैसे काम प्रमुख हैं। ऐसे में पार्टी के कोर वोटरों के लिहाज से जेनरल वर्ग के किसी नेता को ही विधायक दल की बागडोर दी जाये। इस पैमाने से सीपी सिंह, राज सिन्हा, अनंत ओझा के नाम पर कयास लगाये जा रहे हैं। पार्टी में लंबे समय से इनके समर्पण, अनुभव और महत्वपूर्ण पदों के निर्वहन किए जाने के लिहाज से इन पर भरोसा जताये जाने की चर्चा लगातार बनी हुई है। अब आगे देखना है कि किसके नाम पर सहमति बनती है। लेकिन इस मामले में देर करना पार्टी के सेहत के लिए अच्छा भी नहीं है। रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व नये नेता पर फैसला करने की जुगत में लगा हुआ है। इधर, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और विधायक इस आस में हैं कि जल्द नेता प्रतिपक्ष का फैसला हो। अगले वर्ष लोकसभा के साथ साथ विधानसभा चुनाव भी राज्य में होने हैं। जितनी जल्दी इस मसले पर विचार तय हो जाये, पार्टी हित में बेहतर होगा।

**दरअसल प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद बाबूलाल मरांडी ने खुद को विधायक दल के नेता पद से मुक्त करने की इच्छा पार्टी के शीर्ष नेताओं से जतायी थी। ऐसे में पार्टी विधायक दल की बैठक के दौरान पूरी संभावना थी कि विधायकों के बीच से कोई सर्वमान्य नाम तय कर नया नेता तय कर लिया जायेगा।**

# चीन की चाशनी में लिपटा 'लेफ्ट मीडिया'





लोकेन्द्र सिंह

**भारत** के कुछ मीडिया संस्थानों को लेकर सामान्य नागरिकों के मन में अकसर प्रश्न उठते हैं कि उनके समाचारों एवं विचारों में भारत विरोध की बू क्यों आती है? जब देश समाधानमूलक पत्रकारिता की अपेक्षा करता है, तब ये अपनी रिपोर्टिंग से बनावटी विवादों को जन्म क्यों देते हैं? ये चीन और पाकिस्तान परस्त क्यों दिखाई देते हैं? इस प्रकार के अनेक प्रश्नों के उत्तर अमेरिकी समाचारपत्र 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट से मिलते हैं। यह रिपोर्ट खुलासा करती है कि चीन दुनियाभर में मीडिया संस्थानों और पत्रकारों को पैसे देकर अपनी छवि चमकाने और दूसरे देशों के खिलाफ दुष्प्रचार को अंजाम दे रहा है। इस तरह चीन अपने प्रतिद्वंद्वियों के विरुद्ध 'धुंआ रहित युद्ध' भी लड़ रहा है। चीन के इस एजेंडा को चलाने में श्रीलंकाई मूल का अमेरिकी कारोबारी नेविल रॉय सिंघम किंगपिंग के तौर पर सामने आया है। नेविल चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की प्रचार शाखा से जुड़ा है। यह रिपोर्ट खुलासा करती है कि चीन के दलाल नेविल ने कम्युनिस्ट खेमे की वेबसाइट 'न्यूज क्लिक' को करोड़ों रुपये की फंडिंग की है। न्यूज क्लिक और उससे जुड़े पत्रकारों की पत्रकारिता का विश्लेषण करें, तो सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता है कि चीन से किस बात के लिए उन्हें पैसा मिला होगा। हालांकि जो देशभक्त प्रबुद्ध वर्ग है उसे इस खुलासे से कतई आश्चर्य नहीं हुआ होगा क्योंकि देश बाह्य ताकतों के इशारे पर काम करने का कम्युनिस्टों का इतिहास रहा है। एक समय में कम्युनिस्ट खेमा रूस से संचालित होता था, लेकिन जब रूस में तानाशाही कम्युनिज्म व्यवस्था धराशायी हो गई तब उन्होंने कम्युनिस्ट चीन के साथ अपने संबंध जोड़ लिए। याद हो, जब 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण किया तब भारत के कम्युनिस्ट नेता एवं बुद्धिजीवी आक्रांता देश के पाले में जाकर खड़े हो गये। भारत पर आक्रमण करने के लिए चीन का विरोध करने की जगह, कम्युनिस्ट उसके पक्ष में सड़कों पर रैलियां निकाल रहे थे और भारत की ही आलोचना कर रहे थे। कम्युनिस्ट मीडिया का चीन की गोदी में बैठना कोई मजबूरी नहीं, अपितु उसका स्वाभाविक चरित्र ही है। आज जब भारत तेजी से विश्वपटल पर प्रभावशाली भूमिका को प्राप्त कर रहा है, तब कम्युनिस्ट मीडिया चीन के इशारे पर भारत की छवि को खराब करने के व्यभिचार में शामिल हो गया है। किसी कठपुतली की भांति भारत में सक्रिय कम्युनिस्ट मीडिया अपने आका चीन की अंगुलियों के इशारे पर नाच रहा है। असली गोदी मीडिया तो यही है। हैरानी की बात है कि अमेरिकी समाचार पत्र न्यूयॉर्क टाइम्स में जब भी भारत विरोधी समाचार या लेख प्रकाशित होते हैं, तब समूचा प्रगतिशील खेमा एवं तथाकथित सेकुलर बिरादरी उनकी कतरनें किसी विजयी ध्वज की तरह लहराते हुए हो-हल्ला मचाते हैं। परंतु जब उसी समाचार पत्र ने एक खतरनाक सच को उजागर किया है, तब यह खेमा या तो चुप है या फिर मुंह भी खोल रहा है तो उस रिपोर्ट पर प्रश्न उठाने के लिए। याद हो, वर्ष 2021 में ही प्रवर्तन निदेशालय की जांच में यह बात सामने आ गई थी कि 'न्यूज क्लिक' को जो विदेशी निवेश मिल रहा है, उसमें भारी अनियमितता है। उस समय भी चीनी दलाल नेविल रॉय सिंघम का नाम सामने आया था। उस समय न्यूज क्लिक के प्रधान संपादक और निदेशक प्रबीर पुरकायस्थ के कार्यालय और आवास पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के दौरान माओवादी नवलखा और सीपीएम के आईटी सेल से जुड़े बप्पादित्य सिन्हा को भुगतान से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किये गये थे। अब उन लोगों एवं राजनीतिक दलों का चरित्र भी देश की आम जनता को समझ आ रहा है, जिन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 'न्यूज क्लिक' पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई का विरोध किया था। स्मरण रहे कि कम्युनिस्ट पार्टियों सहित कांग्रेस ने भी प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को स्वतंत्र मीडिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया था। लेकिन आज एक बार फिर जब भारत विरोध के लिए कुख्यात वामपंथी मीडिया 'न्यूज क्लिक' का सच सामने आया है, तब यह मुंह में दही जमाकर बैठ गये हैं। यदि हम प्रवर्तन निदेशालय की जांच-पड़ताल और अमेरिकी समाचारपत्र न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट का अध्ययन करें, तो दोनों में बहुत साम्य दिखाई देता है। इससे साफ होता है कि प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई बेबुनियाद नहीं थी। 'न्यूज क्लिक' और उससे जुड़े पत्रकार एवं एक्टिविस्ट चीन से धन प्राप्त करके भारत विरोधी विमर्श को खड़ा करने के काम में संलग्न थे। इस खुलासे के बाद अब भारत सरकार को नए सिरे से न्यूज क्लिक और उसके जैसी अन्य वेबसाइटों की जांच करानी चाहिए। आशंका है कि चीन की चाशनी में केवल 'न्यूज क्लिक' अकेला नहीं लिपटा है, बल्कि इसमें अन्य वेबसाइट एवं स्वतंत्र पत्रकार भी लिप्त होंगे। यह बहुत गंभीर मामला है। भारत के विरुद्ध चीन की ओर से जारी अदृश्य युद्ध में इस प्रकार के समाचार संस्थान चीनी पिट्ठू हैं। ये समाचार संस्थान अप्रत्यक्ष रूप से चीन के एजेंडे को समाज में फैलाने के काम में लगे हुए हैं। समय रहते इन सबको उजागर करना और संविधान सम्मत कार्रवाई करना अत्यंत आवश्यक है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में चीनी दुष्प्रचार और एजेंडा चलाने के लिए 'न्यूज क्लिक' को नेविल की कंपनियों एवं उसके समर्थन वाले दूसरे स्त्रोतों से लगभग 38 करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें से 20 करोड़ रुपये निर्यात भुगतान के रूप में मिले हैं, जबकि 10 करोड़ रुपये एफडीआई के तौर पर मिले। इसके अलावा 1.5 करोड़ रुपये कार्यालय संधारण के तौर पर मिले। इसके अलावा शेष रकम सीधे तौर पर 'न्यूज क्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को मिली है। वहीं, प्रवर्तन निदेशालय न्यूज क्लिक पोर्टल चलाने वाली कंपनी को 86 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी धनराशि मिलने की जांच कर रहा है। निदेशालय की जांच के अनुसार, न्यूज क्लिक को विदेश में सेवा के बदले मार्च 2018 तक जस्टिस ऐंड एजुकेशन फंड इंक, अमेरिका, द ट्राइकॉन्टिनेंटल लि. अमेरिका, जीएसपीएएन एलएलसी अमेरिका और सेंट्रो पॉपुलर डी मिडास, ब्राजील से क्रमशः 76.84 करोड़ रुपये, 1.61 करोड़ रुपये, 26.98 लाख रुपये और 2.03 लाख रुपये प्राप्त हुए।

**चीन के इस एजेंडा को चलाने में श्रीलंकाई मूल का अमेरिकी कारोबारी नेविल रॉय सिंघम किंगपिंग के तौर पर सामने आया है। नेविल चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की प्रचार शाखा से जुड़ा है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा कृष्ण भक्त मीरा की*

**जोधपुर** के राठौड़ रतनसिंह जी की इकलौती पुत्री मीराबाई का जन्म सोलहवीं शताब्दी में हुआ था। बचपन से ही वह कृष्ण-भक्ति में रम गई थीं। मीराबाई के बचपन में हुई एक घटना की वजह से उनका कृष्ण-प्रेम अपनी चरम अवस्था तक पहुंचा। एक दिन उनके पड़ोस में किसी बड़े आदमी के यहां बारात आई। सभी औरतें छत पर खड़ी होकर बारात देख रही थीं। मीरा भी बारात देखने लगीं। बारात को देख मीरा ने अपनी माता से पूछा कि मेरा दूल्हा कौन है? इस पर उनकी माता ने कृष्ण की मूर्ति की ओर इशारा कर के कह दिया कि यही तुम्हारे दूल्हा हैं। बस यह बात मीरा के बालमन में एक गांठ की तरह बंध गई। बाद में मीराबाई की शादी महाराणा सांगा के पुत्र भोजराज, जो आगे चलकर महाराणा कुंभा कहलाए, से कर दी गई। मीरा ने गुरु के बारे में कहा है कि बिना गुरु धारण किये भक्ति नहीं होती। भक्तिपूर्ण इंसान ही प्रभु प्राप्ति का भेद बता सकता है। वही सच्चा गुरु है। स्वयं मीरा के पद से पता चलता है कि उनके गुरु रैदास थे। इस शादी के लिए पहले तो मीराबाई ने मना कर दिया, लेकिन जोर देने पर वह फूट-फूट कर रोने लगीं। शादी के बाद विदाई के समय वे कृष्ण की वही मूर्ति अपने साथ ले गईं, जिसे उनकी माता ने उनका दूल्हा बताया था। ससुराल में अपने घरेलू कामकाज निबटाने के बाद मीरा रोज कृष्ण के मंदिर चली जातीं और कृष्ण की पूजा करतीं, उनकी मूर्ति के सामने गातीं और नृत्य करतीं। उनके ससुराल वाले तुलजा भवानी यानी दुर्गा को कुल-देवी मानते थे। जब मीरा ने कुल-देवी की पूजा करने से इनकार कर दिया तो परिवार वालों ने उनकी श्रद्धा-भक्ति को मंजूरी नहीं दी। मीराबाई की ननद उदाबाई ने उन्हें बदनाम करने के लिए उनके खिलाफ एक साजिश रची।

*(क्रमशः)*

# मोदी-विरोध के नाम पर देश-विरोध क्यों?



ललित गर्ग

**एक** बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को नीचा दिखाने के इरादे से लद्दाख में चारागाह भूमि पर चीनी सेना का कब्जा होने का दावा किया है, निश्चित इस तरह के बयान न केवल सेना के मनोबल को कमजोर करते हैं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता एवं अखण्डता को ध्वस्त करते हैं। राहुल गांधी मोदी-विरोध में कुछ भी बोले, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे मोदी विरोध के चलते जिस तरह के अनाप-शनाप दावे करते हुए गलत बयान देते हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शाता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान सशक्त नेता बनेंगे? राहुल गांधी ने कथित तौर पर लद्दाख की जमीन पर चीन का कब्जा होने का जो दावा किया गया है, वह जल्दीबाजी में बिना सोच के दिया गया गुमराह करने वाला बयान है, उससे यही पता चलता है कि उन्हें न तो प्रधानमंत्री की बातों पर यकीन है, न रक्षा मंत्री की और न ही विदेश मंत्री की। यह भी स्पष्ट है कि उन्हें शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर भी भरोसा नहीं। ध्यान रहे, वह सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर भी बतूके सवाल खड़े कर चुके हैं। उनकी कार्यशैली एवं बयानबाजी में अभी भी बचकानापन एवं गैरजिम्मेदाराना भाव ही झलकता है। लगता है कांग्रेस के शीर्ष नेता होने के कारण वे अहंकार के शिखर पर चढ़ बैठे हैं, निश्चित ही राहुल के विष-बुझे बयान इसी राजनीतिक अहंकार से उपजे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सबसे बड़े दुश्मन राष्ट्र की वे तरफदारी करते एवं चीन के एजेंडे को बल देते नजर आते हैं। उनका यह रवैया नया नहीं, लेकिन यह देश के लिये घातक है। यह भूला नहीं जा सकता कि डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। जब इस मुलाकात की बात सार्वजनिक हो गई तो उन्होंने यह विचित्र दावा किया कि वह वस्तुस्थिति जानने के लिए चीनी राजदूत से मिले थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है? राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है। राजनीतिक रूप से यह उनका कर्तव्य भी है। लेकिन चीन के साथ उनकी सहानुभूति अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है। ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी? वह यह नहीं बताते कि 2008 में अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान सोनिया गांधी और उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता क्यों किया था? राहुल को यह भी विस्मृत नहीं करना चाहिए कि जवाहरलाल नेहरू के समय चीन ने किस तरह पहले तिब्बत को हड़पा और फिर 1962 के युद्ध में 'हिन्दी चीनी भाई-भाई' का नारा जप कर भारत माता की 45,000 वर्ग किलोमीटर भूमि चीन को दे दी। आज जब भारत चीन के अतिक्रमणकारी एवं अति महत्वाकांक्षी रवैये के खिलाफ डटकर खड़ा है और उसे उसी की भाषा में जवाब दे रहा है तब राहुल गांधी जानबूझकर प्रधानमंत्री की एक सशक्त एवं विश्व नेता की छवि पर हमला करने के लिए उतावले रहते हैं। वह अंध मोदी विरोध के चलते सारी मर्यादाओं का अतिक्रमण कर जाते हैं। वह यह बुनियादी बात समझने के लिए तैयार नहीं कि जब रक्षा और विदेश नीति के मामलों में राजनीतिक वर्ग एक सुर में नहीं बोलता तो इससे राष्ट्रीय हितों को चोट ही पहुंचती है, इससे राष्ट्र कमजोर होता है। चीन एवं पाकिस्तान जैसे दुश्मन राष्ट्र इसी से ऊर्जा पाकर अधिक हमलावर बनते हैं।

**राहुल ने पहले भी बातों-बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है।**

राजनीति

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

किसी कम में लगाए गए हमारे समय का इतना महत्व नहीं है, जितना प्रयास की गंभीरता का है।

# सावधान, रोजाना 1971 बुजुर्ग कोर्ट जाने को हो रहे मजबूर!



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**एक** तरफ यह माना जा रहा है कि 2050 आते-आते देश का हर पांचवां नागरिक बुजुर्ग होगा तो दूसरी और बुजुर्गों के साथ असम्मान में दिन-दूनी रात चौगुनी बढ़ोतरी हो रही है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक साल में सात लाख बुजुर्गों ने अदालतों के द्वार खटखटाये हैं। इसका मतलब है कि एक दिन में करीब 1917 बुजुर्गों ने कोर्ट को अपना दुखड़ा बताया। इससे पहले अदालतों में बुजुर्गों द्वारा दर्ज कराये गये पांच साल से अधिक के 20 लाख से अधिक मामले न्याय में लंबित हैं। सवाल यह नहीं है कि अदालतों में कितने मामले लंबित हैं। सवाल यह भी नहीं है कि कितने समय से लंबित हैं। सवाल यह भी नहीं है कि अदालतों में बुजुर्गों से संबंधित मामलों के निर्णय में क्यों देरी हो रही है? सीधा और सौ टके का सवाल यह है कि समाज में बुजुर्गों के प्रति असम्मान में क्यों बढ़ोतरी हो रही है। केवल और केवल एक साल में सात लाख मामलों का सामने आना हमारे समाज की बुजुर्गों के प्रति असहिष्णुता को स्पष्ट रुप से दर्शाता है। एक और हमारी संस्कृति और सभ्यता में बुजुर्गों के सम्मान सिखाया जाता रहा है, वहीं अब समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा न्यायालय का दरवाजा खटखटाना बेहद चिंता का विषय हो जाता है। एक साल में सात लाख मामलों में कुछ कम ज्यादा हो सकता है पर आंकड़ा सात लाख के आसपास से कम इस मायने में नकारा नहीं जा सकता कि अदालतों में दर्ज होने वाले प्रकरणों की मॉनेटरिंग होती है। अब सवाल सीधा-साधा यह हो जाता है कि एक साल में सात लाख मामले सामने आने का मतलब साफ है कि असलियत में इस तरह के मामले कई गुणा होंगे। साफ है अदालत या पुलिस में केस दर्ज कराने के हालात बहुत ही अति की स्थिति में होते हैं। एफआईआर या अदालत में इस्तगासा कराना आम आदमी के लिए ही मुश्किल भरा काम होता है तो किसी बुजुर्ग से इस तरह की आशा करना बेमानी ही होगा। दरअसल कोई भी आदमी मेरा मतलब आम आदमी से भी है कि उसके द्वारा भी पुलिस थानों या वकीलों और अदालतों के चक्कर लगाने से बचने की ही कोशिश की जाती है। फिर बुजुर्ग की तो अपनी सीमाएं होती हैं। कोर्ट-कचहरी तक जाने से आज भी आम आदमी डरता है। हालांकि न्यायालयों के प्रति आम आदमी का विश्वास बरकरार है चाहे उसमें देरी कितनी भी हो रही हो। न्याय में विश्वास का ही परिणाम है कि न्यायालयों में वादों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। सवाल सीधे-सीधे यह हो जाता है कि समाज में बुजुर्गों के प्रति असम्मान के हालात क्यों बन रहे हैं। चिंतनीय यह भी हो जाता है कि आज देश में औसत आयु में बढ़ोतरी हुई है तो युवा जनसंख्या के आधिक्य के साथ ही 2050 तक सीनियर सिटीजंस की संख्या बढ़ेगी ही, इसलिए एक ओर जहां सरकारों को अभी से नई रणनीति बनानी होगी वहीं समाज विज्ञानियों और समाज विज्ञान के अध्येताओं को समाज में बुजुर्गों के प्रति बढ़ रही असहिष्णुता के कारणों को खोजना होगा। हालांकि आज आर्थिक युग आ गया है। प्रतिस्पर्धा और आपाधापी के दौर में संबंधों की डोर कमजोर होती जा रही है। परिवार के कमजोर व्यक्ति को सहारा देना बीते जमाने की बात होती जा रही है तो बुजुर्गों से तालमेल बैठाना भी मुश्किल होता जा रहा है। इसमें भी कोई दोराय नहीं कि बुजुर्गों के साथ ज्यादती या अन्याय या असहिष्णुता घर और बाहर दोनों जगह देखने को मिल रही है। आम बुजुर्ग की चाहत ही कितनी है, दो जून की सम्मान की रोटी, सद्व्वहार और प्रेम के दो बोल। पर समस्या इसको लेकर होने के साथ ही कुछ नये आयाम जुड़ते जा रहे हैं। देखा जाय तो आज बुजुर्गों के जो मामले सामने आ रहे हैं उनमें प्रापर्टी विवाद, किरायेदारों से मकान खाली कराने, सरकार या परिजनों से गुजारा भत्ता, पेंशन के विवादित प्रकरण या फिर पारिवारिक हिंसा के कुछ मामले हो सकते हैं तो कुछ हद तक बदलते हालातों में संतान द्वारा तंग या परेशान करने के मामले भी सामने आ रहे हैं।

**एक साल में सात लाख मामलों में कुछ कम ज्यादा हो सकता है पर आंकड़ा सात लाख के आसपास से कम इस मायने में नकारा नहीं जा सकता कि अदालतों में दर्ज होने वाले प्रकरणों की मॉनेटरिंग होती है।**

बुजुर्ग

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

### नक्सलियों ने 50 ग्रामीणों का किया अपहरण, 44 रिहा

**बीजापुर।** जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत फरसेगढ़ से करीब 10 किमी दूर स्थित ग्राम दामाराम के चिकटराज पहाड़ी में अच्छी खेती किसानी व क्षेत्र में शांति के लिए प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 20 अगस्त रविवार को फरसेगढ़, कुटरू, गुदमा व अन्य क्षेत्र के करीब 200 से 250 सौ ग्रामीण पूजा अर्चना के लिए आये थे। पूजा अर्चना के बाद वापसी के दौरान नक्सलियों ने 50 ग्रामीणों का अपहरण कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार देर रात तक पूछताछ के बाद नक्सलियों ने 44 से ज्यादा ग्रामीणों को रिहा कर दिया, वहीं 06 मुख्य ग्रामीणों में फरसेंगढ़ इलाके के महेश कुमार गोटा, पूर्व सरपंच पाण्डु गोटा, उपसरपंच राजा राम, रमेश पोंदी पूर्व उपसरपंच कार्तिक शाह एवं लोकेश कुमार बारसे को नक्सलियों नें अपने कब्जे में बंधक बनाकर रखा है। अगवा ग्रामीणों के परिजनों ने नक्सलियों से उन्हे छोड़ने की मार्मिक अपील की गई है। इसी बीच सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चिन्नागेल्लूर निवासी रामा पुनेम को नक्सलियों द्वारा 18 अगस्त 2023 को अपहरण कर अपने साथ ले गए थे। अपहरण के तीन दिनों बाद रविवार रात रामा पर पुलिस मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए हत्या किए जाने की खबर है, इस घटना की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। बीजापुर एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया की उनके पास नक्सली अपहरण की सूचना आई है, अपहृत लोगों की तलाश की जा रही है।

### छात्र की छुरा घोंप कर हत्या, हत्यारा गिरफ्तार

**बांदा।** जिले के देहात कोतवाली अंतर्गत ग्राम जौरही में रविवार की रात घर के बाहर बैठे छात्र ने घर के सामने से गुजरे व्यक्ति को नमस्कार कर यह पूछ लिया कहां से आ रहे हो। इतना सुनते ही उस व्यक्ति ने छात्र पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गर्दन और पेट पर चाकू के हमले से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में रात में ही अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जौरही गांव निवासी राजेंद्र कुमार का सबसे बड़ा बेटा प्रेमचंद्र (21) बीए का छात्रा था। रविवार रात वह घर के बाहर बैठा था। तभी घर के सामने से गांव निवासी राजू आरख गुजरा। प्रेमचंद्र ने उसे टोकते हुए नमस्कार किया। इसके बाद पूछ लिया कि देर रात कहां से आ रहे हो। यह बात राजू को नागवार गुजरी। उसने प्रेमचंद्र को गालियां देनी शुरू कर दी। विरोध पर कमर में खोसा चाकू निकाला और प्रेमचंद्र पर हमलाकर दिया। परिवार और आसपास के लोग हल्ला-गुहार सुनकर दौड़े। इससे पहले राजू चाकू से गर्दन, पेट और हाथ में कई वार कर चुका था। इससे प्रेमचंद्र लहूलुहान हो गिर पड़ा। हमलावर चाकू दिखाते हुए मौके से भाग निकला। सूचना पर रात में एसपी अंकुर अग्रवाल, एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र, सीओ सदर अंबुज त्रिवेदी देहात कोतवाली फोर्स के साथ घटनास्थल पहुंचीं। देर रात ही आरोपित को हिरासत में ले लिया गया।

### धनौती नदी में डूबने से दो की मौत

**पूर्वी चंपारण।** जिला के मुफ्फसिल थाना में धनौती नदी में डूबने से दो की मौत हो गई। नदी में नहा रही मामी को डूबते देख भांजा बचाने नदी में कूद गया। वह मामी को बचा तो नहीं पाया खुद भी डूब गया। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित फुर्सतपुर बैरिया की है। मृतकों की पहचान प्रियंका देवी और संतोष कुमार के रुप में हुई है। घटना के दिन पश्चिमी चंपारण जिला के बैरिया थाना क्षेत्र स्थित पखनाहा मलाही टोला का संतोष कुमार ओपी क्षेत्र स्थित अपने ननिहाल रघुनाथपुर में आया था। स्थानीय गोताखोरों ने काफी मशक्कत के बाद लोग दोनों के शव पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

# जहां गोलियां चलती थीं वहां बन रहा है एयरपोर्ट : सीएम योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में सोमवार को एमएसएमई विभाग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूरे प्रदेश के साथ ही अयोध्या के विकास की चर्चा की और विपक्ष पर हमला बोला। किसी का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि एक समय जहां गोलियां चलती थीं, वहां आज प्रदेश सरकार एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बना रही है। जहां आंदोलन होते थे, वहां सरकार ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे बना दिये हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां लोकभवन में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर सूक्ष्म उद्यम इकाइयों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु 'मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना' का शुभारंभ किया। इस योजना से 05 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही प्लेज पार्क योजनान्तर्गत जनपद झांसी, हापुड़ एवं सम्भल में निजी औद्योगिक पार्कों के विकास हेतु विकासकताओं को प्रथम किस्त के रूप में 1,137 लाख का चेक वितरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज नागपंचमी का दिन है। सामान्य जीवन में जीव जंतुओं के प्रति अनुराग का दिवस है। उद्यमी अपने पुरुषार्थ से देश समाज के सामने उदाहरण प्रस्तुत करता है। उत्तर प्रदेश देश की सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है। आज से छह वर्ष पहले बीमारू प्रदेश के रूप में जाना जाता था। उत्तर प्रदेश का नाम सुनकर लोग भयभीत होते थे। पिछले एक हफ्ते में कई सर्वे में उत्तर प्रदेश की स्थिति पर्यटन के क्षेत्र में, निवेश के क्षेत्र में, निवेश के नए डेस्टिनेशन स्टेट के रूप में सामने आया है। यह प्रधानमंत्री मोदी के कुशल निर्देशन के साथ मिलकर राज्य की टीम के साथ चलने का परिणाम है। इसकी पृष्ठभूमि 2018 मे पहले इन्वेस्टर सम्मिट से शुरू हुई। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट का शुभारंभ किया गया। यह सेक्टर कभी दम तोड़ रहा था। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के शुरूआत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि गुलामी के चिन्हों से मुक्ति और विरासत का सम्मान से ही सही अर्थो में आगे बढ़ा जा सकता है। पिछले एक हफ्ते की भिन्न-भिन्न रिपोर्ट उन लोगों के लिए आंखें खोलने वाला है, जो कहते थे कि क्या हुआ है उत्तर प्रदेश में। आज उत्तर प्रदेश में माताओं, बहनों, नौजवानों के लिए पहचान का संकट नहीं है।

### नियुक्ति भ्रष्टाचार : ईडी ने कई जगहों पर मारा छापा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एक बार फिर सक्रिय हो गया है। सोमवार को केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने कोलकाता के दक्षिणी इलाके सहित कई अन्य जगहों पर छापेमारी की है। दक्षिण कोलकाता के न्यू अलीपुर में स्थित पॉश इलाके में एक प्राइवेट कंपनी के दफ्तर में केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने तलाशी अभियान चलाया है। केंद्रीय एजेंसी के सूत्रों ने बताया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के सहयोगी रहे सुजय कृष्ण भद्र उर्फ कालीघाट वाले काकू के दामाद के ठिकाने पर छापेमारी हुई है। काकू फिलहाल केंद्रीय एजेंसियों की हिरासत में प्रेसीडेंसी सेंट्रल जेल में बंद हैं। दक्षिण कोलकाता के ली रोड में काकू के दामाद का फ्लैट है जहां केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी तलाशी अभियान चला रहे हैं।

# सपा महासचिव स्वामी प्रसाद पर फेंका जूता

**एजेंसी। लखनऊ**

विभूतिखंड थाना क्षेत्र में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में समाजवादी पार्टी के ओबीसी सम्मेलन के दौरान अधिवक्ता के भेष में घुसे आकाश सैनी नाम के युवक ने समाजवादी पार्टी (सपा) के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्या पर जूता फेंका। जूता फेंक कर युवक के भागने से पहल सपा कार्यकताओं ने उसे पकड़ लिया। समाजवादी पार्टी के ओबीसी सम्मेलन में हुई जूता फेंकने की घटना से आक्रोशित पार्टी कार्यकताओं ने युवक आकाश को पीटा और उसके कपड़ें फाड़ दिए। मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों ने उसे हिरासत में ले लिया और विभूतिखंड थाना पर ले गये। थाने में पूछताछ में आकाश सैनी ने स्वयं को एक पूजा-पाठ करने वाला व्यक्ति बताया। स्वामी प्रसाद के बयानों से नाराज होने पर घटना करना स्वीकारा है। अयोध्या से राजनीतिक बयान देकर चर्चा में रहने वाले महंत राजूदास ने जूता फेंकने की घटना पर अपनी



प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जूता फेंकने वाले को इनाम दूंगा। युवक ने जूता फेंकने का कार्य कर उचित निर्णय किया। समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद पर जूता फेंके जाने की घटना से नाराज पार्टी नेताओं व प्रवक्ताओं के एक के बाद एक बयान सामने आये। वहीं इस प्रकार की घटना को प्रवक्ता आशुतोष वर्मा ने अशोभनीय बताते हुए सपा नेताओं ने सुरक्षा व्यवस्था की चूक करार दिया है। वहीं जूता फेंकने की मामले में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जितने भी इस तरह के मसले हो रहे हैं उसमें बीजेपी शामिल है।

# भाजपा सहानुभूति पाकर घोसी सीट का उपचुनाव जीतना चाहती है : अखिलेश

**एजेंसी। लखनऊ**

घोसी उपचुनाव के दौरान दारा सिंह चौहान पर स्याही फेंके जाने की घटना पर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सहानुभूति पाकर घोसी उपचुनाव को जीतना चाहती है। घोसी की जनता साइकिल को ही चुनेगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सुबह घोसी में स्याही फेंकने वाले आरोपित लड़के का एक वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा, जब घोसी में स्याही फेंकन वाले ने खुद ही बता दिया कि ये काम उससे भाजपाइयों ने ही करवाया है तो फिर अब आगे और क्या कहना। अभी आगे देखियेगा हार का डर भाजपा से क्या-क्या न कराएं। घोसी की जनता सपा की



साइकिल ही चुनेगी। इससे पहले एक ट्वीट में उन्होंने लिखा कि अपने ने ही अपनों पर दाग लगाया इंक काण्ड में हर बार दोषी पकड़ा गया पर ये वाला हाथ क्यों नहीं आया? हारती हुई भाजपा सहानुभूति पाकर घोसी उपचुनाव जीतना चाहती है। ये खेल अब पुराना हो गया है, अब जनता सब समझती है। बता दें कि घोसी सीट पर पूर्वांचल की घोसी विधानसभा सीट पर हो रहा उपचुनाव काफी चर्चा में हैं। यह चुनाव इस लिए भी खास होने जा रहा है कि यहां से 2022 में चुनाव जीत चुके दारा सिंह चौहान इस बार भाजपा से मैदान में हैं। वहीं सपा ने अपने पुराने नेता सुधाकर सिंह को प्राथमिकता दी है। लेकिन इन दोनो के बीच में जीत हार की अहम कड़ी जातीय गठजोड़ है। जो इस गोटी को सेट कर ले जाएगा बाजी उसी के पाले में जाएगी। सियासी जानकर कहते हैं कि सपा के सामने घोसी सीट बरकरार रखने की चुनौती है। इस सीट पर राजभर मतदाताओं की संख्या अच्छी खासी है। पिछली बार सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर सपा के साथ थे, जबकि इस बार वह भाजपा के पाले में आ चुके हैं।

# जेयू कांड : छात्र संघ की बढ़ेंगी मुश्किलें, हाईकोर्ट ने पक्ष कार बनाने का निर्देश दिया

**एजेंसी। कोलकाता**

जादवपुर विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के बांग्ला विभाग के छात्र की मौत मामले में अब यहां मौजूदा छात्र संघ की मुश्किलें बढ़ेंगी। इसकी वजह है कि वारदात वाली रात पुलिस को घुसने से रोकने के आपराधिक साजिश को लेकर छात्र संघ को पक्षकार बनाने का आदेश कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को दिया है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरणमय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने पूछा कि वारदात के बाद पुलिस को विश्वविद्यालय में प्रवेश करने से क्यों रोका गया? तुरंत इस मामले में छात्र संघ को पक्षकार बनाने और विश्वविद्यालय के हॉस्टल में रहने की क्या नियम है इस बारे में



लिखित में बताने का आदेश न्यायाधीश ने राज्य सरकार को दिया है। तृणमूल छात्र परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष सुदीप राहा ने गत बुधवार को एक जनहित याचिका लगाई थी जिस पर सुनवाई के दौरान सोमवार को कोर्ट ने यह निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता और तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने कोर्ट में कहा कि राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से गरीब से गरीब मां-बाप का सपना अपने बच्चों को जादवपुर विश्वविद्यालय में पढ़ाना होता है। लेकिन यहां रैगिंग एक बहुत बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि जो छात्र भर्ती होते हैं वे आगे चलकर गुंडागर्दी करने लगते हैं। इलाके के माफिया की तरह। विश्वविद्यालय प्रबंधन की लापरवाही और लचर रवैये की वजह से छात्र संघ की मानसिकता गुंडागर्दी की हो गई है। दशकों से ऐसा चल रहा है। विश्वविद्यालय का देश में प्रमुख स्थान होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय देश का चौथा सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय है। दुनिया में 33वें या 34वें स्थान पर है। कल्याण ने विश्वविद्यालय अधिकारियों पर गुस्सा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रथम वर्ष के छात्र की मौत के बाद भी विश्वविद्यालय अधिकारियों ने कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई। मृत छात्र के माता-पिता गांव से आये और प्राथमिकी दर्ज करायी। जब पुलिस हॉस्टल में गई तो गेट बंद था। पुलिस क्या करेगी? यह वहां रोज की घटना है। विश्वविद्यालय के छात्रों का एक वर्ग इतना हिंसक और अनियंत्रित कैसे हो गया? सिर्फ छात्रावास ही नहीं, यह पूरे परिसर में होता है। इसके बाद जस्टिस ने पूछा कि क्या हॉस्टल के लिए कोई नियम है? मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आमतौर पर कई कॉलेजों में प्रत्येक वर्ष के छात्रों के लिए छात्रावास के अलग-अलग ब्लॉक होते हैं।

# अटल बिहारी वाजपेयी पार्क का नाम बदला भाजपा ने कहा, नीतीश की खुली पोल

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों लगातार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपेयी की तारीफ करते नजर आते हैं, लेकिन उन्हीं के मंत्रिमंडल में शामिल पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप ने पटना के कंकड़बाग स्थित अटल बिहार वाजपेई पार्क का नाम बदल दिया है। इसे लेकर भाजपा ने अब मोर्चा खोल दिया है।दरअसल, मामला कंकड़बाग स्थित अटल बिहारी बाजपेई पार्क का है। इस पार्क का नाम पहले कोकोनट पार्क था। साल 2018 में इसका नाम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किया गया। अब तेज प्रताप ने इसका नाम बदलकर फिर



से कोकोनट पार्क कर दिया है। इस पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई की प्रतिमा भी है। अब यह पार्क कोकोनट पार्क के नाम से जाना जाएगा। इस फैसले के बाद भाजपा मुखर हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पोल खुल गई। वे बोलते कुछ हैं और करते कुछ हैं। भाजपा नेता ने कहा कि कंकड़बाग स्थित अटल बिहारी वाजपेई पार्क का नाम बदल कर अब कोकोनट पार्क कर दिया गया। यह नीतीश कुमार की ही सरकार में हो रहा है। यही है नीतीश कुमार का पूर्व प्रधानमंत्री के प्रति प्रेम। इधर, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने भी कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई बिहार के लोगों के दिलों में रहते हैं। उन्होंने नीतीश कुमार को सावधान करते हुए कहा कि कही राजद के लोग नीतीश कुमार का ही नाम न बदल दें। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार इन दिनों पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। भाजपा विरोधी होने के बावजूद भी नीतीश कुमार पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जमकर तारीफ करते रहते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के मौके पर 16 अगस्त को उनके समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि देने दिल्ली भी गए थे। नीतीश कुमार के मंत्री ने भले ही अटल बिहारी वाजपेयी पार्क का नाम बदलकर कोकोनट पार्क कर दिया है। लेकिन पार्क में अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति लगी हुई है और उनके नाम का बोर्ड भी पार्क के बाहर लगा हुआ है। उनके साथ भी कोई छेड़छाड़ नहीं किया गया है।

# सीएम शिवराज की घोषणाओं से कांग्रेस परेशान, लिखा चुनाव आयोग को खत

**एजेंसी। भोपाल**

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की आहट तेज है। इसी बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कई घोषणाएं कर रहे हैं, जो कांग्रेस के लिए मुसीबत का सबब बन रही है। यही कारण है कि कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त को खत लिखा है। उन्होंने घोषणाओं को प्रलोभन करार देते हुए रोक लगाने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कहा है, राज्य में चुनाव नवंबर माह में होना संभावित है। सत्ताधारी दल भाजपा ने 39 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर चुनाव की तैयारियां प्रारंभ कर दी है। इस समय किसी भी प्रकार की घोषणा किया जाना



सीधे-सीधे मतदाताओं को प्रलोभन देने की श्रेणी में आएगा, जो चुनाव आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। नेता प्रतिपक्ष ने अपने पत्र में आगे लिखा कि प्रदेश सरकार को आगामी समय में किसी भी प्रकार की नवीन घोषणा नहीं करने के संबंध में चुनाव आयोग की तरफ से निर्देशित किया जाए ताकि निष्पक्ष और पूर्ण पारदर्शिता से चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जा सके। ज्ञात हो कि राज्य सरकार विभिन्न वर्गों के लिए न केवल योजनाओं की घोषणा कर रही है बल्कि सीधी सौगात भी दे रही है। सरकार की इस पहल ने कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाने का काम किया है। यही कारण है कि नेता प्रतिपक्ष ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है।

**महोत्सव** | बंगाल में आजादी के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम

# संस्कार भारती का राज्यव्यापी अमृत अर्पण

**एजेंसी। कोलकाता**

आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर ललित कला एवं साहित्य को समर्पित अखिल भारतीय संगठन "संस्कार भारती पश्चिम बंगाल" की ओर से 1-15 अगस्त तक राज्यव्यापी अमृत अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत भारत माता की रक्षा एवं आजादी के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हुआ। बंगाल के प्रत्येक जिले में संस्कार भारती की परंपरा के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत भावसंगीत और दीप मंत्र के साथ दीप प्रज्ज्वलन और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करने से हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का अंतिम चरण अखंड "वंदेमातरम" के गायन के साथ समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में अलग-अलग दिन अलग-अलग अधिकारी मौजूद रहे। संस्कार भारती पश्चिम बंगाल के उपाध्यक्ष सुभाष भट्टाचार्य, दक्षिण बंगाल क्षेत्र के उपाध्यक्ष



डॉ. स्वपन मुखोपाध्याय, भरत कुंडू, .दक्षिण बंगाल क्षेत्र के केंद्रीय कोष के सदस्य तिलक सेनगुप्ता, दक्षिण बंगाल क्षेत्र के महासचिव अमित डे शाहिद अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुए। पांच अगस्त को नॉर्थ कोलकाता डिस्ट्रिक्ट बॉयज ओन लाइब्रेरी हॉल में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के समापन समारोह में "अमृत अर्पण" समारोह में "प्रणामी तोमारे जन्मभूमि" समारोह मनाया गया। मौके पर डॉ स्वपन मुखोपाध्याय, सुभाष भट्टाचार्य, भरत कुंडू और अमित डे मौजूद थे। उस दिन उत्तर कोलकाता जिले के चार प्रशिक्षण केंद्रों क्रमशः उत्तर कोलकाता, बागुईहाटी, देशबंधुनगर, दक्षिणेश्वर में संगीत, नृत्य और कविता पाठ के माध्यम से श्रद्धांजलि दी गई। उसी दिन उत्तर 24 परगना के गोबरडांगा स्टेशन से सटे निवेदिता शिशु तीर्थ के समारोह कक्ष में महान स्वतंत्रता प्राप्ति के पीछे रहे मूक योद्धा कवि, साहित्यकार दीनबंधु मित्र के योगदान पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ता प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र प्रसाद मजूमदार ने स्वतंत्रता आंदोलन में दीन बंधु मित्र के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्कार भारती के प्रांत अधिकारी गोपाल कुंडू और दो प्रमुख पत्रकार मित्र नीरेश भौमिक और पंचुगोपाल हाजरा उपस्थित थे।

दूसरे दिन यानी छह अगस्त को महानिर्वाण मठ (रासबिहारी एवेन्यू, त्रिकोण पार्क) के नटमंदिर में दक्षिण कोलकाता डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन द्वारा पांच विधाओं (नृत्य-गीत-पाठ, पेंटिंग प्रदर्शनी और तत्काल मूर्तिकला निर्माण) के साथ "अमृत अर्पण" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उसी दिन, दक्षिण 24 परगना जिले में सोनारपुर पूर्वी रेलवे सत्यजीत रे इंस्टीट्यूट के "सत्यजीत मंच" पर "बंदे जननी भारत वर्ष" का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दक्षिण बंगाल संघचालक डॉ. जयंत रॉयचौधरी ने की और वैज्ञानिक एवं संघ के दक्षिण बंगाल क्षेत्रीय कार्यवाह डॉ. जिष्णु बसु ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। पुनः उसी दिन शाम को सिउड़ी के रवीन्द्रसदन मंच पर संस्कार भारती, बीरभूम जिला द्वारा आयोजित अमृत अर्पण समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जिला सचिव सुदीप कुमार चटर्जी ने स्वागत भाषण दिया। अतिथि के रूप में डॉ. स्वपन मुखोपाध्याय, कल्लोल भट्टाचार्य, स्वप्ना चक्रवर्ती, अमित अधिकारी और स्वतंत्रता संग्राम के नायक अशोक कुमार चक्रवर्ती के दो पौत्र और पार्थप्रतिम चक्रवर्ती उपस्थित थे।

11 अगस्त को अमृत अर्पण कार्यक्रम का तीसरा दिन था। इस दिन उत्तर 24 परगना जिला नीलदर्पण थिएटर (ट्राइकॉन पार्क, बनगांव) ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में संस्कार भारती दक्षिण बंगाल क्षेत्र के महासचिव तिलक सेनगुप्ता उपस्थित थे।

इसी.दिन संस्कार भारती पूर्व बर्दवान जिला शाखा बादामतला विवेकानन्द शिशु मंदिर के प्रांगण में अमृत अर्पण समारोह सुन्दर ढंग से सम्पन्न हुआ।

### कांग्रेस विधायक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगाव जिले से खुज्जी से कांग्रेस विधायक छन्नी साहू पर रविवार शाम चाकू से हमला किया गया है। नशे में धुत्त युवक ने हमला किया है। इस हमले में विधायक को हाथ में चोट आई है, जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जानकारी के अनुसार विधायक छन्नी साहू एक कार्यक्रम में जोंधारा गांव गई हुई थी। जहां युवक ने इस वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, जिले के डोंगरगांव से लगे ग्राम जोंधरा में भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची खुज्जी विधायक छन्नी साहू पर एक युवक ने चाकू से जानलेवा हमला किया है। इस हमले में विधायक छन्नी के दाएं हाथ की कलाई में चोट लगी है। विधायक के पीएसओ और ग्रामीणों ने नशे में धुत्त युवक को पकड़ लिया है। घटना रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे की है। जब विधायक महिला सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन कर मंच पर बैठी थी।

**NEWS इन ब्रीफ**

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने इंग्लैंड को 4-0 से हराया



**डसेलडोर्फ।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को चार देशों के टूर्नामेंट-डसेलडोर्फ-2023 में इंग्लैंड को 4-0 से हरा दिया। भारत को राजिंदर सिंह (13'), आमिर अली (33'), अमनदीप लाकड़ा (41') और अरजीत सिंह हुंदल (58') के गोल की बदौलत जीत मिली। मैच की शुरूआत बेहद धीमी रही और दोनों टीमें शुरूआती गोल की तलाश में थी। भारत ने इंग्लैंड को रोकने के लिए शानदार डिफेंस का प्रदर्शन किया। राजिंदर सिंह (13') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। एक गोल से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक रवैया अपनाया। लेकिन, विष्णुकांत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने अपना दबदबा जारी रखा और इंग्लैंड को गोल करने का एक भी मौका नहीं दिया। भारत हाफटाइम तक 1-0 से आगे रहा। दूसरे हाफ की शुरूआत में आमिर अली (33') ने भारत की बढ़त और बढ़ा दी। 2-0 की बढ़त के साथ भारत ने मैच पर दबदबा बनाना शुरू कर दिया।

### तीनों प्रारुप में एक ही कप्तान होना चाहिये : इंजमाम



**कराची।** पीसीबी की चयन समिति के प्रमुख इंजमाम-उल-हक ने कप्तान बाबर आजम की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल में घरेलू सीरीज में आजम की कप्तानी की कड़ी आलोचना हुई थी पर इंजमाम ने उनका जमकर बचाव किया है। तीन साल पहले दिसंबर 2020 में बाबर को सभी प्रारूपों में पाकिस्तान का कप्तान बनाया किया गया था। उसके बाद से ही उनका खेल बेहतर होता गया है। इंजमाम-उल-हक ने कहा कि सभी प्रारूपों में एक ही कप्तान होना चाहिए जिससे पता चल सके कि मैचों के लिए किन खिलाड़ियों को रखना चाहिये। उन्होंने कहा, देखिए, कप्तानी में बहुत सारे बदलाव अच्छे नहीं हैं। मुझे लगता है कि बाबर शानदार कप्तानी कर रहे हैं और जब मैं पहले मुख्य चयनकर्ता था, तब सरफराज अहमद तीनों प्रारूपों के कप्तान नहीं थे पर बाद में वह तीनों प्रारूपों के कप्तान बन गए। इसलिए मेरा मानना है कि अगर वह तीनों प्रारुप में खेलता है तो तीनों प्रारुपों का एक ही कप्तान होना चाहिए।

### स्टीड को विलियम्सन के विश्वकप तक फिट होने का भरोसा



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि कप्तान केन विलियम्सन पांच अक्टूबर से होने वाले विश्वकप से पहले फिट हो जाएंगे। विलियम्सन के दाहिने घुटने की सर्जरी हुई है। इसी कारण वह इंग्लैंड दौरे के लिए भी टीम में नहीं हैं। कोच का मानना है कि वह अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के तक उबर जाएंगे। स्टीड ने कहा, हम सही चिकित्सीय सलाह लेने के लिये अपनी क्षमता में सब कुछ करेंगे। हम उन्हें विश्वकप के लिए ले जाने से पहले पक्का करना चाहते हैं कि वह पूरी तरह फिट हों। अभी इस बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। गौरतलब है कि विलियम्सन ने 31 मार्च को चोट लगने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। आईसीसी ने एकदिवसीय विश्व कप के लिये टीम घोषित करने के लिये अगले माह पांच सितंबर तक का समय दिया है।

# जोकोविच ने सिनसिनाटी में जीता तीसरा खिताब

**एजेंसी। मेसन**

नोवाक जोकोविच ने लगभग चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज को हराकर वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता। जोकोविच ने यह मैच 5-7, 7-6 (7), 7-6 (4) से जीतकर अल्कराज से पिछले महीने विंबलडन फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता किया। यह मैच तीन घंटे 49 मिनट तक चला जो कि 1990 के बाद एटीपी टूर के इतिहास में सबसे लंबा तीन सेट वाला फाइनल था।

दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच के करियर का यह 95वां खिताब है और वह इवान लेंडल को पीछे छोड़ कर 1968 के बाद ओपन युग में सर्वाधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। सर्बिया के रहने वाले जोकोविच कोविड-19 से जुड़े प्रतिबंधों के कारण पिछले दो वर्षों में अमेरिकी धरती पर अपना पहला टूनार्मेंट खेल रहे थे। उन्होंने पांचवें मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज करके छह वर्षों में सिनसिनाटी में अपना तीसरा खिताब जीता।

जोकोविच ने मैच के बाद कहा, मैंने जितने भी टूर्नामेंट खेले उन सभी में यह सबसे अधिक रोमांचक मैचों में से एक था। मुझे ऐसा लगा जैसे कि मैं ग्रैंड स्लैम में खेल रहा हूं। यह सिनसिनाटी में खेला गया सबसे लंबी अवधि का मैच था। पिछला रिकॉर्ड 2010 में बना था जब रोजर फेडरर ने मार्डी फिश को दो घंटे 49 मिनट में हराया था। अल्कराज ने पिछले महीने विंबलडन के फाइनल में जोकोविच को पांच सेट में पराजित किया था।



# बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में पहुंचे एचएस प्रणय

**एजेंसी। कोपेनहेगन**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय सोमवार को यहां फिनलैंड के कोले कोलजोनेन पर सीधे गेम में जीत के साथ विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गये। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय विश्व चैम्पियनशिप के पिछले दो सत्र में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। उन्होंने कोलजोनेन को सीधे गेम में 24-22, 21-10 से हराया। प्रणय की फिनलैंड की इस खिलाड़ी के खिलाफ यह तीन मैचों में तीसरी जीत है। कोलजोनेन ने शुरूआती गेम में प्रणय को कड़ी टक्कर दी लेकिन इस भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम को एकतरफा अंदाज में जीतकर मैच अपने नाम किया। पहले गेम में कोलजोनेन ने प्रणय पर 8-4 की बढ़त के साथ अच्छी शुरूआत की। प्रणय ने इसके बाद वापसी करते हुए ब्रेक के समय तीन अंक (11-8) की बढ़त कायम कर ली। ब्रेक के बाद भी दोनों खिलाड़ी के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला जहां कोई भी खिलाड़ी दूसरे को आसानी से अंक बनाने का मौका नहीं दे रहा था।



### एशिया कप 2023 के लिए भारतीय टीम घोषित

# श्रेयस अय्यर-राहुल की वापसी, चहल बाहर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोमवार को पाकिस्तान और श्रीलंका की मेजबानी में खेले जाने वाले एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। टीम में चोट के कारण लंबे समय से बाहर चल रहे श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की वापसी हुई है, जबकि संजू सैमसन को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में रखा गया है। युजवेंद्र चहल को टीम में शामिल नहीं किया गया है। इसके अलावा हार्दिक पांड्या को टीम का उपकप्तान बनाया गया है।

तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और प्रसिद्ध कृष्णा के ऊपर होगी, जबकि स्पिन विभाग का जिम्मा कुलदीप यादव के ऊपर होगी। हरफनमौला खिलाड़ी के रूप में अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और शार्दुल ठाकुर पर होगा।



**एशिया कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है**

**रोहित शर्मा (कप्तान)**, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, केएल राहुल, ईशान किशन, हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

**तिलक वर्मा को टीम में शामिल करने पर बोले अगरकर**

**मुख्य** चयनकर्ता अजीत अगरकर ने सोमवार को कहा कि बल्लेबाज तिलक वर्मा एक आशाजनक प्रतिभा हैं और भारत की एशिया कप टीम में शामिल होने से उन्हें काफी अनुभव मिलेगा। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और चयनकर्ता अगरकर ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एशिया कप 2023 टीम की घोषणा की। तिलक वर्मा को टीम में शामिल करने पर अगरकर ने कहा, 'तिलक वर्मा आशाजनक हैं। एशिया कप उनके लिए एक बड़ा अवसर है। हमने कुछ वास्तविक देखा है।' उन्होंने कहा, 'वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान न केवल प्रदर्शन के मामले में बल्कि स्वभाव के मामले में भी अच्छा प्रदर्शन। इससे उन्हें एक्सपोजर मिलेगा। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज भी हैं।' श्रृंखला में तिलक ने मैदान पर अपने धैर्य और परिपक्वता से प्रशंसकों को प्रभावित किया और अपने विकेट पर एक बड़ा इनाम रखा। पांच मैचों में उन्होंने 57.66 की औसत से 173 रन बनाए जिसमें एक अर्धशतक और लगभग 139 की स्ट्राइक रेट थी। एशिया कप में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की भूमिका पर कप्तान रोहित ने कहा कि उनकी वही भूमिका बनी रहेगी। उन्होंने कहा, 'उसने वर्षों से ऐसा किया है। उसकी भूमिका एक ही रहेगी, ओवर फेंकना, जिस तरह से वह बल्लेबाजी करता है उसी तरह बल्लेबाजी करना और क्षेत्ररक्षण करना। इसमें कुछ भी अलग नहीं है जो हम चाहते हैं कि वह करे।

# विश्वकप: टिकटों का इंतजार कर रहे प्रशंसक हुए निराश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक दिवसीय विश्वकप के लिए अब तक टिकटों की बिक्री नहीं शुरू होने से क्रिकेट प्रशंसक निराश हैं। विश्वकप के लिए टिकटों की ब्रिकी 25 अगस्त से होनी है पर प्रशंसकों का कहना है कि पांच अक्टूबर के मुकाबले के लिए अब तक टिकट मिलने शुरू हो जाने थे। विश्वकप में टिकट ब्रिकी में हो रही देरी का कारण विश्वकप कार्यक्रम में बदलाव को भी माना जा रहा है। ऐसे में प्रशंसक बेताबी से टिकट बिक्री शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। हाल में मेजबान बीसीसीआई और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने नौ मैचों के कार्यक्रम में बदलाव किया थी। वहीं अब हैदराबाद क्रिकेट संघ ने कार्यक्रम में बदलाव की मांग की है। अगर ऐसा हुआ तो टिकट ब्रिकी में और देर होगी। इससे पहले साल 2011 में हुए विश्वकप के लिए टिकटों की बिक्री जून 2010 में शुरू हो गयी थी। इससे प्रशंसकों को मैचों के लिए अपनी योजना बनाने में समय मिल गया था। वहीं इंग्लैंड में 2019 में आयोजित पिछले एक दिवसीय विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा 12 महीने से अधिक पहले हो गई थी और प्रशंसकों को टिकटों को खरीदने के लिए पर्याप्त समय मिल गया था। भारत-पाकिस्तान मैच के लिए भी प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं और पहले ही ही टिकट बुक करना चाहते हैं। भारत पाक मैच के लिए टिकट की ब्रिकी पांच सितबंर से शुरू होगी। वहीं पहले भारत और पाकिस्तान का मैच 15 अक्टूबर को खेला जाना था पर अब एक दिन पहले खेला जाएगा।

# स्पेन बना महिला विश्व कप फुटबाल का नया चैंपियन




**एजेंसी। सिडनी**

फीफा महिला विश्व कप ट्रॉफी पर एक नया नाम दर्ज हो गया। स्पेन की टीम ने रविवार को इंग्लैंड को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। इस प्रकार स्पेन की टीम यह खिताब हासिल करने वाली पांचवीं टीम बन गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ओल्गा कामोर्ना ने मैच के 29वें मिनट में किए गए गोल से यह सुनिश्चित कर दिया कि जर्मनी के बाद पुरुष और महिला दोनों विश्व कप खिताब जीतने वाला स्पेन दूसरा देश बने। 2010 में स्पेन की पुरुषों की टीम ने खिताब जीता था। स्पेन की एताना बोनमती और सलमा पारलुएलो ने क्रमशः गोल्डन बॉल और सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। इंग्लैंड की मैरी इयरप्स को गोल्डन ग्लव पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि गोल्डन बूट जापान की हिनाता मियाजावा को दिया गया, जिन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच गोल किए। सेमीफाइनल में इंग्लैंड की टीम ने सह-मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि स्पेन ने कड़ी टक्कर के स्वीडन को 2-1 से हराया था। स्पेन की टीम एलेक्सिया पुटेलस की जगह पारलुएलो को शामिल करते हुए खचाखच भरे स्टेडियम में 4-3-3 के फॉर्मेशन के साथ उतरी, जबकि इंग्लैंड ने लॉरेन जेम्स के निलंबन के बाद फिर से उपलब्ध होने के बावजूद अपनी शुरूआती लाइन-अप को अपरिवर्तित रखा। दोनों पक्षों की सबसे हालिया भिड़ंत यूईएफए महिला यूरो 2022 क्वार्टर फाइनल में थी, जहां इंग्लैंड ने अतिरिक्त समय में स्पेन पर 2-1 से जीत हासिल की थी।

एक समान शुरूआत में दोनों पक्षों ने लगातार मौके बनाए। लॉरेन हेम्प 16वें मिनट में इंग्लैंड को आगे करने के करीब थीं, लेकिन उनके बाएं पैर से किया गया हमला बार पर जा टकराया। स्पेन ने एक मिनट बाद जवाबी हमला किया। पारलुएलो कामोर्ना का प्रयास अंत तक पहुंचने में विफल रहा। ला रोजा 29वें मिनट में आगे हो गईं, जब उन्होंने मिडफील्ड में गेंद पर कब्जा हासिल कर लिया। टेरेसा एबेलेइरा गेंद को बाईं ओर ले गईं और मैरियोना कैल्डेंटे ने इसे कामोर्ना के लिए रखा, जिसने पहली बार गेंद पर रॉकेट की तरह प्रहार किया, जो इग्लैंड की गोलकीपर इयरप्स को छकाकर आगे निकल गया और स्पेन की टीम 1-0 से आगे हो गई।

मध्यांतर के तुरंत बाद स्पेन के पास अपनी बढ़त को दोगुना करने का मौका था, लेकिन पारलुएलो के प्रयास विफल रहा। ब्रेक के बाद स्पेन ने कई मौके बनाए। कैल्डेंटी ने ईयरप्स को एक हाथ से बचाने के लिए मजबूर किया, जबकि बोनमती ने बार पर प्रहार किया। 64वें मिनट में, गेंद केइरा वॉल्श के हाथ में लगी और रेफरी ने लंबी वीएआर जांच के बाद पेनाल्टी दे दी, लेकिन इयरप्स ने जेनिफर हमोसो के प्रयास को विफल कर दिया।

### इंस्टीट्यूशनल लीग के लिए एआईएफएफ को मिला बेहतरीन रिस्पॉन्स

**नई दिल्ली।** कुछ फेमश इंस्टीट्यूशनल टीमें, जिन्होंने एक समय भारतीय घरेलू फुटबॉल परिदृश्य पर अपना दबदबा बनाया था और शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों की एक श्रृंखला तैयार की थी। उन्होंने एआईएफएफ इंस्टीट्यूशनल लीग में खेलने के लिए अपनी रुचि व्यक्त की है, जो जल्द ही शुरू होगी। इंस्टीट्यूशनल टीमों में वो बड़े नाम हैं, जिन्हें एक बार फिर मैदान पर देखा जा सकता है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), इंडियन नेवी, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), ईएसआईसी, चेन्नई कस्टम, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, दिल्ली और अन्य शामिल हैं। बीएसएफ एक समय मजबूत टीम थी, जिसने अपने सुनहरे दिनों में सात बार डूरंड कप जीता। मंजीत सिंह, नरेंद्र गुरुंग और कई अन्य खिलाड़ियों को सामने लाया। एफसीआई भी उतनी ही मजबूत थी, जिसकी लाइन-अप अतनु भट्टाचार्य, कृषाणु डे, विकास पंजी, विक्टर अमलराज, बाबू मणि और कई अन्य खिलाड़ियों से भरी हुई थी। 14 अप्रैल, 2023 को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति व्यापक चर्चा के बाद फुटबॉल में शौकिया संरचना को समान महत्व देने के निर्णय पर पहुंची थी।

# बल्लेबाजी क्रम के किसी एक स्थान से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता : गांगुली

**एजेंसी। मुंबई**

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को कहा कि भारत के पास अपनी वनडे टीम में चौथे स्थान के बल्लेबाज लिए बहुत सारे विकल्प हैं और सिर्फ एक स्थान पर ध्यान देकर विश्व कप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट नहीं जीते जा सकते। गांगुली ने कहा कि टीम प्रबंधन को एक खिलाड़ी को तय कर उसे चौथे स्थान पर लंबे समय तक मौका देना चाहिए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष गांगुली ने कहा, भारत में अपार प्रतिभा है। मैं इस तरह की शिकायतें सुनता रहता हूं कि हमारे पास यह नहीं है, वह नहीं है, लेकिन हमारे पास बहुत कुछ है और समस्या यह है कि हम निर्णय नहीं ले पा रहे हैं।' उन्होंने कहा, बल्लेबाजी में चौथे क्रम को लेकर राहुल (द्रविड़), चयनकर्ताओं और रोहित (शर्मा) को किसी एक खिलाड़ी को तय कर उसे लगातार मैचों में मौका देना चाहिए।' गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा, चौथा क्रम सिर्फ एक नंबर है और इसमें कोई भी फिट हो सकता है। मैंने एक दिवसीय क्रिकेट में मध्य क्रम में शुरूआत की और फिर पारी का आगाज करने लगा क्योंकि मुझे तत्कालीन कप्तान सचिन (तेंदुलकर) ने ऐसा कहा था। सचिन के साथ भी ऐसा ही हुआ था।' गांगुली ने कहा, तेंदुलकर ने करियर की शुरूआत में छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। जब उनके कप्तान ने उन्हें पारी का आगाज करने के लिए कहा तो वह एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी बन गए। नंबर चार पर कोई भी खेल सकता है। वहां विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसे खिलाड़ी हैं।' वेस्टइंडीज के हालिया दौरे पर टी 20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला में प्रभावित करने वाले प्रतिभाशाली वामहस्त बल्लेबाज तिलक वर्मा को सोमवार को एशिया कप 2023 के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया। उन्होंने पहली बार वनडे टीम में जगह बनायी है।



गांगुली ने उम्मीद जताई कि यह युवा बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाकर मौके का फायदा उठाएगा। गांगुली ने कहा, वह अच्छा बल्लेबाज है लेकिन मुझे लगता है कि जब आप बड़े टूर्नामेंट खेलते हैं तो आपको कुछ अनुभव की जरूरत होती है।'

गांगुली ने कहा कि आने वाले टूर्नामेंटों में कलाई के स्पिनर भारत के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इस पूर्व कप्तान ने कहा, हमारे पास बहुत अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है- (जसप्रीत) बुमराह, (मोहम्मद) सिराज, (मोहम्मद) शमी। (रविंद्र) जडेजा हरफनमौला की भूमिका निभाएंगे और फिर आपके पास कलाई के स्पिनर के भी विकल्प हैं।' उन्होंने कहा, मैं हमेशा (युजवेंद्र) चहल का टीम में चयन करूंगा, मैं कलाई के स्पिनरों को पसंद करूंगा। मुझे नहीं पता कि चयनकर्ता क्या सोचते हैं लेकिन मैं हमेशा कलाई के स्पिनरों का चयन करुंगा।' चहल को हालांकि भारत की एशिया कप टीम में नहीं चुना गया है लेकिन बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को श्रीलंका जाने वाली टीम में जगह मिली है। गांगुली ने उम्मीद जतायी की भारतीय टीम एशिया कप और फिर विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन कर खिताब जीतेगी।

**टूर्नामेंट** हरमनप्रीत ने ढाका की घटना पर दिया बयान, बोली

# मैदान पर जो कुछ भी हुआ इसका मुझे पछतावा नहीं

**एजेंसी। लंदन**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने रविवार को कहा कि पिछले महीने ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान उन्हें अपना आपा खोने पर कोई पछतावा नहीं है। हरमनप्रीत पर इस कारण दो मैचों का प्रतिबंध लगा था।


ढाका में अंपायर के उन्हें आउट देने के बाद उन्होंने स्टंप पर बल्ला मार दिया था। बाद में मैच के बाद भी उन्होंने द्विपक्षीय शृंखला के दौरान हुई अंपायरिंग को खराब बताया था। इस प्रतिबंध के कारण हरमनप्रीत भारत के सितंबर-अक्टूबर में हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों के पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाएंगी।

हरमनप्रीत ने महिलाओं के 'द हंड्रेड' के दौरान 'द क्रिकेट पेपर' से कहा , 'मैं ऐसा नहीं कहूंगी कि मुझे किसी चीज का पछतावा है क्योंकि बतौर खिलाड़ी आप देखना चाहते हो कि ठीक चीजें हो रही हैं। बतौर खिलाड़ी आपके पास हमेशा खुद को अभिव्यक्त करने और आप क्या महसूस कर रहे हो, उसे बताने का अधिकार होता है।' हरमनप्रीत टूर्नामेंट में ट्रेंट रॉकेट्स के लिए खेल रही हैं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने किसी खिलाड़ी या किसी व्यक्ति से कुछ भी गलत कहा। मैदान पर जो हुआ मैंने सिर्फ उसके बारे में बताया। मुझे किसी चीज का पछतावा नहीं है।' प्रतिबंध के अलावा हरमनप्रीत के खाते में तीन डिमैरिट अंक भी जोड़ दिए गए क्योंकि उन्होंने अंपायर के फैसले पर असहमति दशार्यी थी। मैच अधिकारियों की सार्वजनिक आलोचना के लिए भी एक डिमैरिट अंक जुड़ा था।






# जियो के बाद अब म्यूचुअल फंड में तहलका मचायेंगे मुकेश अंबानी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मुकेश अंबानी टेलिकॉम के बाद म्यूचुअल फंड सेक्टर में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में है। रिलायंस ने अपना फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनस अलग कर दिया है। इसे जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के नाम से लिस्ट किया गया है। हालांकि कंपनी ने अभी तक अपने रोडमैप का खुलासा नहीं किया है। मगर जानकारों की मानें तो कंपनी म्यूचुअल फंड बाजार में तहलका मचाने को तैयार है। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी ने 2016 में रिलायंस जियो लॉन्च करके टेलिकॉम सेक्टर में तहलका मचा दिया था। अब वह म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में भी खलबली मचाने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने हाल में अपने फाइनेंशियल सर्विसेज को अलग किया है और इसके लिए जियो फाइनेंशियल सर्विसेज नाम से एक अलग कंपनी बनाई है। इसकी सोमवार को शेयर मार्केट में लिस्टिंग भी हो गई है। मुकेश अंबानी ने साल 2016 में रिलायंस जियो लॉन्च करके टेलिकॉम सेक्टर में तहलका मचा दिया था। आज जियो देश की सबसे बड़ी टेलिकॉम कंपनी है। उसके ग्राहकों की संख्या 45 करोड़ से अधिक है। अंबानी अब फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में बड़ा दांव खेलने की तैयार में हैं। रिलायंस ने हाल मे अपने फाइनेंशियल बिजनस को अलग किया है। सोमवार को जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की लिस्टिंग भी हो गई। एक झटके में यह देश की तीसरी सबसे बड़ी एनबीएफसी कंपनी बन गई। जेएफएसएल ने लेंडिंग के साथ-साथ इंश्योरेंस, पेमेंट्स, डिजिटल ब्रोकिंग और एसेट मैनेजमेंट बिजनस में भी दिलचस्पी दिखाई है। हालांकि कंपनी ने अब तक अपने बिजनस का खुलासा नहीं किया है। रिलायंस की एजीएम 28 अगस्त को होगी जिसमें अंबानी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के रोडमैप का खुलासा किया जा सकता है। बाजार में जिस तरह की हवा है उससे साफ है कि यह कंपनी म्यूचुअल फंड में एंट्री मार सकती है। इसकी वजह यह है कि जेएफएसएल ने दुनिया की सबसे एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैकरॉक के साथ जॉइंट वेंचर बनाया है। ब्लैकरॉक 8.4 ट्रिलियन डॉलर का फंड संभाल रही है जो कि भारत की जीडीपी का करीब तीन गुना है। अंबानी के इस कदम से म्यूचुअल फंड कंपनियों में तहलका मचा है। अंबानी ने इस बिजनस के लिए बैंकिंग सेक्टर के दिग्गज केवी कामत को अपने साथ मिलाया है। सवाल यह है कि आखिर मुकेश अंबानी म्यूचुअल फंड बिजनस में क्यों घुस रहे हैं। देश में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री देश में 44 लाख करोड़ रुपये की वेल्थ मैनेज कर रही है। 2013 में यह राशि केवल आठ लाख करोड़ रुपये थी। यानी दस साल में इसमें पांच गुना तेजी आई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय अपनी सेविंग का कुल 9.7 परसेंट ही म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। ज्यादातर लोग प्रॉपर्टी या इंश्योरेंस में निवेश करते हैं।

## जर्मनी के मंत्री देखे गये बेंगलुरु में सब्जी खरीदते

**नई दिल्ली।** भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई का दायरा लगातार बढ़ रहा है, दुनिया के तमाम देशों में इसका इस्तेमाल हो रहा है। भारत सरकार भी यूपीआई को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक मानती है। इंडिया के वढक को पसंद करने वालों की लिस्ट में जर्मनी भी शामिल हो गया है। जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आए जर्मनी के डिजिटल एवं परिवहन मंत्री वोल्कर विस्सिंग ने इसे भारत की सफलता की कहानियों में एक करार दिया है। जर्मनी के केंद्रीय डिजिटल एवं परिवहन मंत्री वोल्कर विस्सिंग ने यूपीआई का इस्तेमाल कर बेहद आसानी से होने वाले पेमेंट का अनुभव किया और इसके फैन हो गए। दरअसल, वोल्कर विसिंग ने बीते 19 अगस्त को बेंगलुरु में जी20 डिजिटल मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया और अगले दिन रविवार को बेंगलुरु की सड़कों पर निकले। यहां उन्होंने एक सब्जी मंडी में सब्जी खरीदकर इसका पेमेंट यूपीआई के जरिए किया। सब्जी खरीदते हुए जर्मन मंत्री का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### अडाणी पावर से मिला गौतम अडाणी को बूस्ट

## सभी शेयरों में लगातार दूसरे दिन तेजी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अडाणी ग्रुप के शेयरों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन तेजी दिख रही है। जून तिमाही में ग्रुप की कंपनियों का नेट प्रॉफिट 70 परसेंट उछलकर 12,854 करोड़ रुपये रहा है। खासकर पोर्ट्स, पावर और ग्रीन एनर्जी बिजनस का परफॉरमेंस शानदार रहा है। इस कारण आज ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में काफी तेजी दिख रही है। सोमवार को अडानी पावर के शेयरों में छह फीसदी से अधिक तेजी आई जबकि अडानी ट्रांसमिशन का शेयर करीब चार फीसदी बढ़ गया। इसी तरह ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज में 1.5 परसेंट से अधिक तेजी देखने को मिल रही है। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप भी 11 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। सुबह 11.15 बजे अडाणी पावर का शेयर 6.15% की तेजी के साथ 323.40 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसी तरह अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडानी टोटल गैस, अंबूजा सीमेंट्स, एसीसी और एनडीटीवी के शेयरों में 0.56 से 3.25 परसेंट की तेजी रही। इससे पहले पिछले शुक्रवार को भी ग्रुप की सभी 10 लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में तेजी आई थी। इस तेजी की वजह एक रिपोर्ट थी। इसमें दावा किया गया था कि आबू धाबी की नेशनल एनर्जी कंपनी पीजेएससी अडाणी ग्रुप में 2.5 अरब डॉलर का निवेश करने जा रही है। हालांकि अडाणी ग्रुप ने इस रिपोर्ट का खंडन किया लेकिन तब तक कंपनी के शेयरों में काफी तेजी आ चुकी थी। अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी को अडानी ग्रुप के बारे में एक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें अडाणी ग्रुप पर शेयरों की कीमत में छेड़छाड़ के साथ कई दूसरे आरोप लगाए गए थे।

## सोने के भाव गिरे, चांदी की बढ़ी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू कमोडिटी बाजार में आज सोना और चांदी दोनों कीमती मेटल्स एक-दूसरे से विपरीत रुख दिखा रही हैं। जहां सोने के दाम में मामूली गिरावट देखी जा रही है वहीं चांदी के रेट में आज नाममात्र की तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी सोने की चमक आज बढ़ गई है और चांदी के रेट में मजबूती के साथ कारोबार हो रहा है। ग्लोबल डिमांड में उतार चढ़ाव के कारण सोना और चांदी दोनों के दामों में मिलाजुला रुख देखा जा रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर आज सोना 42 रुपये की मामूली गिरावट के साथ 58333 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। इसके नीचे के दाम देखें तो ये 58281 रुपये तक गया था और ऊपर के रेट देखें तो 58460 रुपये प्रति 10 ग्राम के साथ कारोबार चल रहा है। सोने के ये दाम इसके अक्टूबर वायदा के लिए हैं।

# इटली, फ्रांस और स्पेन देशों में बनती है दुनिया की आधी वाइन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दुनिया में वाइन का चलन तेजी से बढ़ रहा है। हाल के दिनों में भारत में भी खासकर शहरों इलाकों में वाइन की खपत बढ़ी है। लेकिन आपको जानक ताज्जुब होगा कि भारत में दुनिया के एक परसेंट भी वाइन का उत्पादन नहीं होता है। दुनिया में वाइन का सबसे ज्यादा उत्पादन यूरोपीय देशों में होता है। दुनिया में वाइन के कुल उत्पादन में इटली, फ्रांस और स्पेन की करीब आधी हिस्सेदारी है। अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया टॉप पांच देशों में शामिल है। एशिया में वाइन प्रॉडक्शन के मामले में चीन नंबर वन है। दुनिया के कुल वाइन प्रॉडक्शन में चीन ही हिस्सेदारी 1.62 परसेंट है। लेकिन वाइन उत्पादक देशों की लिस्ट में वह 12वें नंबर पर है। वर्ल्ड स्टैटिक्स के मुताबिक दुनिया में वाइन का सबसे ज्यादा उत्पादन इटली में होता है। दुनिया के कुल वाइन प्रॉडक्शन में उसकी हिस्सेदारी 19.30 परसेंट है। फ्रांस का शेयर 17.65 परसेंट और स्पेन का 13.82 परसेंट है। इन तीनों की ग्लोबल प्रॉडक्शन में कुल हिस्सेदारी करीब 50 परसेंट है। इस लिस्ट में चौथे नंबर पर अमेरिका है। ग्लोबल प्रॉडक्शन में उसकी हिस्सेदारी 8.67 परसेंट है। ऑस्ट्रेलिया की हिस्सेदारी 4.93 परसेंट है। इस लिस्ट में अगले दो नाम लेटिन अमेरिकी देशों चिली और अर्जेंटीना के हैं। भारत में वाइन इंडस्ट्री में हाल के वर्षों में ग्रोथ देखने को मिली है और खासकर शहरों में इसका चलन बढ़ रहा है।

## देश के विदेशी व्यापार में अच्छी बढ़त

**नई दिल्ली।** भारत के सर्विस सेक्टर में अच्छी ग्रोथ के चलते देश का कुल आयात और निर्यात दोनों क्षेत्र में अच्छा आंकड़ा देखा गया है। 2023 की पहली छमाही के दौरान देश के गुड्स और सर्विसेज के कुल निर्यात और आयात का आंकड़ा 800 अरब डॉलर के आंकड़े के पार पहुंच गया है। हालांकि पिछले साल के जनवरी-जून के दौरान तुलना की जाए तो इसके आंकड़े में गिरावट रही है। देश के सर्विस सेक्टर में बढ़ोतरी ने वैश्विक मांग में मंदी के बावजूद देश का व्यापार कुल 800 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। हालांकि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इसमें 2।5 फीसदी की गिरावट आई है। शोध संगठन या थिंक टैंक 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के एनालिसिस के मुताबिक इस साल जनवरी से लेकर जून तक वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 1.5 फीसदी बढ़कर 385।4 अरब डॉलर हो गया।

### सीआइआइ झारखंड के चौथा आइसीटी कॉन्क्लेव का किया गया आयोजन

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस निर्माताओं के लिए आवश्यक बनता जा रहा : चक्रवर्ती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सीआइआइ झारखंड के तत्वावधान में चौथा आइसीटी कॉन्क्लेव का आयोजन सोमवार को बेलडीह क्लब में हुआ। इस आइसीटी कॉन्क्लेव का विषय 'द फ्यूचर इज नॉउः अनलॉकिंग द पोटेंशियल ऑफ एआइ फॉर इंडस्ट्रीज' था।

कार्यक्रम में सीआइआइ झारखंड राज्य काउंसिल के चेयरमैन उज्जवल चक्रवर्ती ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) दुनिया भर के निर्माताओं के दैनिक कार्यों के लिए तेजी से आवश्यक बनता जा रहा है। एआइ कंपनियां प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, उत्पादकता बढ़ाने और कई नए तरीकों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने में सक्षम हैं। आज कारखानों में एआई प्रौद्योगिकी की अवधारणा रोबोट से भरे कार्यस्थलों से कहीं आगे निकल गई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रौद्योगिकियों के एकीकरण से इस्पात उद्योग को काफी लाभ होगा। एआई कच्चे माल की सोर्सिंग से लेकर विनिर्माण और गुणवत्ता नियंत्रण तक इस्पात उत्पादन प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं में सुधार ला सकता है। एआई विनिर्माण प्रक्रिया को अनुकूलित करने के लिए ऐतिहासिक डेटा और वास्तविक समय सेंसर जानकारी का विश्लेषण कर सकता है। मशीन लर्निंग एल्गोरिदम उपकरण विफलताओं की भविष्यवाणी कर सकते हैं, इष्टतम दक्षता के लिए उत्पादन मापदंडों को समायोजित कर सकते हैं और ऊर्जा खपत को कम कर सकते हैं। सीआइआइ पूर्वी क्षेत्र आइसीटी सबकमिटी के चेयरमैन दीपांकर चक्रवर्ती ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए एक पॉलिशी बननी चाहिए।

## विदेश

# रूस ने मॉस्को में 2 यूक्रेनी ड्रोनों को किया नष्ट, लगभग 50 उड़ानें हुई बाधित

**एजेंसी। मॉस्को**



रूस ने सोमवार को मॉस्को की तरफ आ रहे दो यूक्रेनी ड्रोनों के हमलों को नाकाम कर दिया। इस दौरान मॉस्को में 50 विमान उड़ानें बाधित रही। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया की मॉस्को के पश्चिम रुजस्की जिले में एक यूक्रेनी ड्रोन को जाम किया और बाद में पास के इस्ट्रिंस्की जिले में एक और ड्रोन को नष्ट कर दिया। रूसी विमानन प्राधिकरण रोसावियात्सिया ने कहा कि मॉस्को के चार मुख्य हवाई अड्डों -वनुकोवो, डोमोडेडोवो, शेरेमेतयेवो और जुकोवस्की से आगमन और प्रस्थान प्रतिबंधित कर दिया गया था। इस कारण 45 यात्री विमान और दो मालवाहक विमान बाधित हुए। रूसी अधिकारियों ने बार-बार चेतावनी दी है कि मॉस्को के ऊपर उड़ान भरने वाले सैन्य ड्रोन एक बड़ी आपदा का कारण बन सकता है, क्योंकि इसके आसपास के क्षेत्र में लगभग 22 मिलियन लोगों की आबादी है। मई की शुरूआत में क्रेमलिन के ऊपर दो ड्रोन नष्ट किए जाने के बाद से रूस के अंदर ड्रोन हवाई हमले बढ़ गए हैं। हाल के महीनों में रूसी राजधानी पर ड्रोन हमले आम हो गए हैं। मतदान से संकेत मिलता है कि यूक्रेन में रूसी सैन्य अभियान के लिए समर्थन उच्च स्तर पर है। हालांकि, रूस में मतदान कितना सटीक है, इस पर सवाल खड़े होते हैं। यूक्रेन आम तौर पर इस पर टिप्पणी नहीं करता है कि रूसी क्षेत्र पर हमलों के पीछे कौन है?

## सिंगापुर में भारतीय मूल के मलेशियाई अधिकारी पर रिश्वत लेने का आरोप

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक समुद्री इंजीनियरिंग कंपनी के 61 वर्षीय भारतीय मूल के मलेशियाई अधिकारी पर छह साल की अवधि में दो लाख सिंगापुरी डॉलर से अधिक की रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया है। इस बात की जानकारी मीडिया रिपोर्ट में दी गई है। सीपीआईबी के अनुसार, सेम्बकॉर्प मरीन के एग्जीक्यूटिव बालाकृष्णन गोविंदासामी पर 2015 और 2021 के बीच 202,877 सिंगापुरी डॉलर बतौर रिश ?वत लेने का आरोप लगाया गया है। न्यूज एशिया ने सीपीआईबी का हवाला देते हुए बताया कि मामले में विभिन्न कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले नौ ठेकेदार शामिल थे। सीपीआईबी ने कहा, ये रिश्वत सेम्बकॉर्प मरीन इंटीग्रेटेड यार्ड के साथ इन ठेकेदारों के व्यावसायिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए एक प्रोत्साहन या इनाम के रूप में थी।

### ईरानी ड्रोन और स्पीडबोट ने अमेरिकी युद्धपोत को घेरा

# क्या फारस की खाड़ी में शुरू होने वाला है महायुद्ध

**एजेंसी। तेहरान**



फारस की खाड़ी में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। अमेरिका ने इस इलाके में दो नए युद्धपोतों के साथ 3000 नए सैनिकों को तैनात किया है। इसके जवाब में ईरान भी लगातार शक्ति प्रदर्शन कर रहा है। हाल में ही ईरानी नौसेना के ड्रोन और स्पीड बोटों को एक अमेरिकी युद्धपोत को घेरते हुए देखा गया है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि अगर हालात नहीं सुधरे तो इस क्षेत्र में ईरान और अमेरिका के बीच कभी भी बड़ा सैन्य टकराव हो सकता है। अमेरिका का आरोप है कि ईरान जानबूझकर अमेरिका और उसके सहयोगियों के जहाजों को परेशान कर रहा है। वहीं, ईरान का दावा है कि वह सिर्फ उन्हीं जहाजों के खिलाफ एक्शन ले रहा है, जिससे ईरान की सुरक्षा को खतरा है।

वीडियो में दिखा कि फारस की खाड़ी में अमेरिकी हेलीकॉप्टर वाहक युद्धपोत को ईरानी नौसेना ने घेर लिया। इसमें ईरानी नौसेना के ड्रोन और स्पीडबोट शामिल थे। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने शनिवार को यूएसएस बाटन को घेरने का वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस बाटन के डेक पर कई हेलीकॉप्टर खड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। इस युद्धपोत के साथ यूएसएस कार्टर हॉल लैंड डॉकिंग जहाज भी था जिसमें 4,000 सैनिक सवार थे। ईरानी मीडिया का दावा है कि अमेरिकी युद्धपोत उसके जलक्षेत्र में प्रवेश करना चाहते थे। ऐसे में आईआरजीसी ने तत्काल चेतावनी देने के लिए ड्रोन और स्पीडबोट भेजकर अमेरिकी हेलीकॉप्टर वाहक पोत और लैंड डॉकिंग पोत को पीछे लौटने पर मजबूर कर दिया। अमेरिका ने ईरान के इस वीडियो पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। यह वीडियो इसलिए हैरान करने वाला है, क्योंकि इसमें ईरानी जहाजों को विशाल अमेरिकी युद्धपोतों के बिलकुल करीब दिखाया गया है, जबकि ड्रोन उसके ऊपर से उड़ान भरते नजर आए। इनमें कई ऐसे भी ड्रोन थे, जो हथियारों से लैस थे। अमेरिका फारस की खाड़ी में लगातार अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है।

**चीन की घबराहट** | ताइवान के उपराष्ट्रपति से इतना क्यों डरता है चीन

# अगर विलियम लाई बनते हैं तो युद्ध निश्चित

**एजेंसी। वाशिंगटन**



ताइवान में हाल में ही राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। इस चुनाव में राष्ट्रपति पद के लिए सबसे पसंदीदा चेहरा वर्तमान उपराष्ट्रपति विलियम लाई (लाई चिंग-ते) को माना जा रहा है। चीन को डर है कि अगर विलियम लाई जनवरी में ताइवानी राष्ट्रपति की शपथ लेते हैं तो यह संभावित युद्ध का कारण बन सकता है। लेकिन, लाई की हाल की अमेरिका यात्रा से पता चलता है कि चीन की ये चेतावनियां सिर्फ खोखली धमकी मात्र है। चीन लाई पर इसलिए हमला कर रहा है, क्योंकि वह समझदार हैं, इसलिए नहीं कि वे क्रोधी हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने विलियम लाई की इस महीने न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को के दौरे को पहले जोर-शोर से शिकायत की थी। अमेरिका और ताइवान ने लाई की यात्रा को ट्रांजिट स्टॉप का नाम दिया था, क्योंकि दोनों देशों में औपचारिक राजयनिक संबंध नहीं है। विलियम लाई के अमेरिका पहुंचने की घटना ने चीन को गुस्से से लाल कर दिया। चीन ने विलियम लाई को स्वतंत्रता की चाह रखने वाला अलगाववादी बताया। चीनी विदेश मंत्रालय ने इसके जवाब में एक्शन लेने की धमकी देने से भी परहेज नहीं किया। चीनी अधिकारियों ने विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से यहां तक कहा कि लाई के दौरे से अमेरिका-चीन संबंधों को नुकसान पहुंच सकता है। लाई ने न्यूयॉर्क में ताइवानी-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों के साथ लंच में हिस्सा लिया। जिस होटल में यह आयोजन हुआ, उसके बाहर बीजिंग समर्थक प्रदर्शनकारियों ने विलियम लाई और उनकी डेमोक्रेटिक पीपुल्स पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन किया।

**लाई ने ताइवान की रक्षा करने की खाई कसम :** विलियम लाई ने कहा कि हमारा लक्ष्य ताइवान की रक्षा करना, लोकतंत्र, शांति और समृद्धि को बढ़ावा देना और ताइवान के लोगों की पीढ़ियों को आजादी की हवा में सांस लेने की अनुमति देना है। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए, हमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकजुटता से खड़ा होना चाहिए। लाई ने अपने भाषण में चीन का जिक्र नहीं किया, लेकिन . क्रॉस-स्ट्रेट संबंधों पर चर्चा करते समय, उन्होंने त्साई की नीतियों के एक-एक शब्द को दोहराया।

### बिना नाम लिए चीन को दिया सख्त संदेश

लंच के दौरान विलियम लाई ने चीन को संदेश देने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के समर्थन से संकेत मिलता है कि ताइवान अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय का एक महत्वपूर्ण सदस्य है। ताइवान जलडमरूमध्य में शांति वैश्विक सुरक्षा का मामला है। जब ताइवान सुरक्षित है, तो दुनिया सुरक्षित है। जब ताइवान जलडमरूमध्य में शांति होती है, तो दुनिया में शांति होती है उन्होंने ताइवान की तानाशाही से लोकतंत्र तक की राह के साथ-साथ छोटे द्वीप की उल्लेखनीय आर्थिक और तकनीकी उपलब्धियों के बारे में बात की। उन्होंने अन्य लोकतंत्रों के प्रति एकजुटता व्यक्त की और उनकी सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने हमले के तहत अन्य लोकतंत्रों का समर्थन करने का वादा किया और पिछले साल के रूसी आक्रमण के बाद से यूक्रेन को ताइवान की व्यापक सहायता की ओर इशारा किया। उन्होंने सभी ताइवानियों से एक साथ आने का आह्वान किया।

## पेज एक के शेष

### समृद्ध झारखंड ...

उद्देश्य राज्य की भौगोलिक संरचना के अनुसार सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना था। सोरेन ने कहा कि राज्य में बहुत ऐसे दुर्गम गांव हैं, जहां के लोग बीडीओ, सीओ, डीसी, एसपी को देखे तक नहीं हैं। हमने ऐसी चीजों को समझने का प्रयत्न किया। हमारी सरकार की सोच है कि आखिर ऐसे गांवों तक सरकार की योजनाओं को कैसे पहुंचाया जा सके।

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने बंद कमरों में नहीं, बल्कि लोगों के घरों तक पहुंच कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप कार्य योजना बनाने का काम किया है, जिससे वास्तविक तौर पर योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपके द्वार के दोनों चरणों में लगभग 90 लाख से अधिक आवेदन मिले। राज्य सरकार द्वारा आम जनता से प्राप्त हुए आवेदनों का लगभग शत प्रतिशत समाधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति, सरना धर्म कोड इत्यादि विधानसभा से पारित कर आगे बढ़ाने का काम किया है। कानूनी अड़चनों की वजह से ये मामले कभी राज्यपाल तो कभी केंद्र सरकार के यहां जाकर फंस जाते थे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि राज्यवासियों की मूल भावना को ताकत मिले और हम इसी अनुरूप कार्य करने पर अड़े हैं।

हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में सभी वर्ग के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त हो, इस निमित्त कई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई गई हैं। शिक्षा व्यवस्था में अभूतपूर्व बदलाव लाते हुए उत्कृष्ट विद्यालयों की शुरूआत की गई है। सीबीएसई पैटर्न की तर्ज पर उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षा दी जा रही है। उत्कृष्ट विद्यालयों की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ निजी विद्यालयों की तर्ज पर होनहार बच्चों को शिक्षा मिले इस निमित्त बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा से लेकर उच्च स्तरीय शिक्षा ग्रहण करने हेतु कई योजनाओं को चलाकर प्रोत्साहन राशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। कोचिंग के लिए भी आर्थिक सहयोग बच्चों को हमारी सरकार दे रही है। आदिम जनजाति के बच्चे भी आगे चलकर बड़े पदाधिकारी बन सकें, इस निमित्त उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन वर्गों के बच्चों को निःशुल्क छात्रावास एवं कोचिंग की व्यवस्था की गई है। क्षेत्र में हमारी सरकार पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है और आगे भी जनकल्याण के कार्य होते रहेंगे।




### पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश के रोजगार मेले को किया संबोधित, बोले

# मातृ भाषा में पढ़ाई को लेकर हुए विशेष प्रयास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त होने वाले 5 हजार 500 से अधिक शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आप पर भारत की भावी पीढ़ी को गढ़ने, उन्हें आधुनिकता में ढालने और नई दिशा देने की जिम्मेदारी है। पिछले तीन वर्षों में हुई लगभग 50 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए राज्य सरकार बधाई की पात्र है। प्रधानमंत्री मोदी नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपने के लिए शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को हुए कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी नवनियुक्त शिक्षकों को प्रेरित किया तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपे। कार्यक्रम में मंत्री जनजातीय कार्य विभाग मीना सिंह एवं स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार उपस्थित थे।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नव नियुक्त शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं। विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभावी योगदान है। इसमें पारम्परिक ज्ञान से लेकर भविष्य की टेक्नालॉजी को समान रूप से महत्व दिया गया है। प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में भी नया पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। मातृ भाषा में पढ़ाई को लेकर विशेष प्रयास हुए हैं। सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अंग्रेजी न जानने वाले छात्रों के लिए उनकी मातृ भाषा में पढ़ाई की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री चौहान ने नव नियुक्त शिक्षकों से कहा कि शिक्षकों का काम विद्यार्थियों को बेहतर ज्ञान और बेहतर मनुष्य बनने के संस्कार देना है। शिक्षक बनना कोई साधारण नौकरी नहीं है, शिक्षक इंसान गढ़ने का काम करते हैं। आप विद्यार्थियों की चिंता करिए आप सभी के भविष्य की चिंता करना मेरा काम है। मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब मेरे भांजे-भांजियाँ हैं और हमारा प्रेम व स्नेह का नाता है। शिक्षक अर्थात गुरू का दायित्व ग्रहण करने से मेरे मन में आपके प्रति आदर भाव है। गुरू का अर्थ अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है। गुरू वह कुम्हार है जो माटी से जैसी चाहे मूर्ति बना दे। जैसा आप बच्चों को गढ़ना चाहेंगे गढ़ देंगे। आप पर ही आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को गढ़ने की जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनियुक्त शिक्षक लगातार बेहतर करने और अपने कार्य में नवाचार का निरंतर प्रयास करें। सदा प्रसन्न रहें, तनाव रहित रहें, प्रातः काल योग,व्यायाम, ध्यान को दिनचर्या का अंग बनाएं। इससे कार्यक्षमता बढ़ेगी और आप अपने पारिवारिक और शासकीय कार्यों में संतुलन बनाते हुए बेहतर परिणाम देंगे तथा आपका जीवन भी अधिक आनंदमय बनेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आदिपुरूष शंकराचार्य जी ने कहा था जो मुक्ति दिलाए, वही शिक्षा है। मुक्ति का अर्थ है जो इस लोक में हमें रहने के लायक बना दे अर्थात हमें ज्ञान, कौशल और नागरिकता के संस्कार दे, वही शिक्षा है। मेरी प्रेरणा स्वामी विवेकानंद रहे हैं। वे कहते थे शिक्षा वह है जो मुनष्य को मनुष्य बना दे। मनुष्य का अर्थ है चरित्रवान, ईमानदार, शालीन, कर्मठ, देशभक्त और परोपकारी तथा जो दुनिया को बेहतर बनाए, वही मनुष्य है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों से श्रीमद भगवद गीता में उल्लेखित सात्विक कार्यकर्ता के गुणों के अनुरूप अपना व्यक्तित्व विकसित करने का आहवान किया।

मंत्री जनजातीय कार्य विभाग मीना सिंह ने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि समाज, देश और प्रदेश के निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए नवनियुक्त शिक्षक पूरी मेहनत और सम्पर्ण से कार्य करेंगे, यही अपेक्षा है।

कार्यक्रम में प्रत्येक संभाग के एक जिले के एक-एक प्रतिभागी को मुख्यमंत्री चौहान द्वारा बधाई पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया तथा प्रज्जवलित कर और कन्या-पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हम शिक्षक हैं- हम शिक्षा की तस्वीर बदल देंगे गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी गई।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ली राज्यसभा सांसद की शपथ



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को संसद भवन में राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। जिन सांसदों को सोमवार को शपथ दिलाई गई, उनमें देश के विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल हैं। सोमवार को संसद में डॉ. एस जयशंकर, केसरी देवसिंह दिग्विजय सिंह झाला, बाबूभाई जेसंगभाई देसाई, डोला सेन, नागेंद्र रे, प्रकाश चिक बड़ाईक, समीरुल इस्लाम, सुखेंदु शेखर रे और डेरेक ओ ब्रायन को शपथ दिलाई गई। गौरतलब है कि बतौर राज्यसभा सांसद विदेश मंत्री एस जयशंकर कार्यकाल 18 अगस्त को समाप्त हो गया था। उनके अलावा तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन, शुभेंदु शेखर रे और डोला सेन का कार्यकाल भी 18 अगस्त को समाप्त हो गया था। हालांकि, कार्यकाल समाप्त होने के महज तीन दिन बाद विदेश मंत्री समेत चारों नेता फिर से राज्यसभा सांसद हो गए हैं। दरअसल, एस जयशंकर को गुजरात और शेष तीन तृणमूल नेताओं को पश्चिम बंगाल से फिर से राज्यसभा सांसद चुना गया है। राज्यसभा के नवनिर्वाचित व पुनर्निर्वाचित सदस्यों ने सोमवार को शपथ ली। संसद के ऊपरी सदन यानी राज्यसभा में 9 सांसदों का कार्यकाल समाप्त हुआ है। हाल ही में संपन्न हुए मानसून सत्र के अंतिम दिन इन सभी नौ सांसदों को राज्यसभा ने विदाई दी। जिन सांसदों का कार्यकाल समाप्त हुआ है, उनमें विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ः सुरक्षा बलों से मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। पुलिस के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के ओरछा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भटबेड़ा गांव में जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। उन्होंने बताया कि माओवादियों की पलटन संख्या 16 के प्रभारी मलेश, कमांडर विमला, कमांडर दीपक और अन्य नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर नारायणपुर डीआरजी और बस्तर फाइटर के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

### स्वास्थ्य मंत्री ने की ऑस्ट्रेलिया के मार्क बटलर से मुलाकात

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर से मुलाकात की। इस मुलाकात के बारे में स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट करके जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि ऑस्ट्रेलिया के सांसद, स्वास्थ्य और वृद्ध देखभाल मंत्री मार्क बटलर के साथ अद्भुत मुलाकात रही। इस बैठक में दोनों देशों के बीच डिजिटल स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण और जेनेरिक दवाओं के विनिर्माण एवं आपूर्ति में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई।

## ईडी ने कोलकाता में चिटफंड समूह के निदेशक को किया गिरफ्तार



**एजेंसी। कोलकाता**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को चिटफंड इकाई यूआरओ ग्रुप के मालिक-निदेशक विश्वप्रिय गिरी को बहु-स्तरीय विपणन योजनाओं में निवेशकों से लगभग 1,500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करके मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया। यह पहली बार नहीं है कि गिरि को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले फरवरी 2015 में, पश्चिम बंगाल में चिट फंड बुलबुला फूटने के तुरंत बाद, उन्हें उसी सिलसिले में बिधाननगर सिटी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। ईडी के अधिकारियों ने उन्हें रविवार दोपहर कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में केंद्रीय एजेंसी के साल्ट लेक कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए समन जारी किया था। सूत्रों ने बताया कि घंटों तक मैराथन पूछताछ के बाद आखिरकार उसे सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी के अधिकारी उसे सोमवार को ही कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत में पेश करेंगे और केंद्रीय एजेंसी के वकील आगे की पूछताछ के लिए उसकी हिरासत की मांग करेंगे।

## पुलवामा : मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**पुलवामा।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के लैरो-परिगाम इलाके में सोमवार सुबह मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। यहां अभी अन्य आतंकवादियों के छुपे होने की आशंका है। सुरक्षाबलों का आतंकवादियों के खिलाफ अभियान जारी है। सुरक्षाबलों को रविवार रात यहां आतंकवादियों के छुपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने रात को क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षाबल देररात आतंकवादियों के करीब पहुंच गए। इससे बौखलाए दहशतगर्दों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने तत्काल मोर्चा संभाला। अंततः सुबह दो दहशतगर्द ढेर हो गए।

### लोस अध्यक्ष ने किया राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के 9वें सम्मेलन का उद्घाटन, बोले

# जनप्रतिनिधि संसदीय परंपराओं की समृद्धि का करें प्रयास

**एजेंसी। उदयपुर**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि विधानमंडल चाहे वह संसद हो या राज्य विधान सभाएं और विधान परिषदें, यह सभी सदन 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं, सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए जन प्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि वे विधायिका में लोगों के विश्वास को बनाए रखें। बिरला ने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित करना जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि विधानमंडल लोगों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि विधायकों को लोकतंत्र को मजबूत करने और संसदीय परंपराओं को समृद्ध करने के प्रयास करने चाहिए।



लोकसभा अध्यक्ष बिरला सोमवार को उदयपुर में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के 9वें सम्मेलन के उद्घाटन के बाद उपस्थित पीठासीन अधिकारियों और विधायकों को संबोधित कर रहे थे। बिरला ने सुशासन में विधानमंडलों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बात करते हुए कहा कि विधायी कामकाज में जन-केंद्रित शासन पर रचनात्मक और सार्थक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों को अनुकरणीय आचरण और शिष्टाचार बनाए रखना चाहिए ताकि सदन की प्रतिष्ठा और गरिमा बढ़े तथा विधायी संस्थाओं और जन प्रतिनिधियों पर लोगों का विश्वास और अधिक गहरा और मजबूत हो। बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि जनता की विधायकों से यह आशा होती है कि वे जनकल्याणकारी नीतियों को तैयार करने में कार्यपालिका का मार्गदर्शन करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान और उनके कल्याण के लिए विधान सभाओं में सार्थक चर्चा करेंगे और यह तभी हो सकता है जब जनप्रतिनिधि उच्च मानकों के अनुसार आचरण और कार्य करें तथा सदन और सार्वजनिक जीवन में अनुशासन और मर्यादा का पालन करें। इस संदर्भ में बिरला ने पीठासीन अधिकारियों की निष्पक्षता और तटस्थता पर जोर देते हुए कहा कि पीठासीन अधिकारियों की यह विशेष जिम्मेदारी है कि वे अपने पद की गरिमा के अनुसार आचरण करें और सुनिश्चित करें कि सदन का संचालन निष्पक्ष रूप से हो।

## ब्रिक्स विस्तार पर खुले मन से विचार करेगा भारत : विदेश सचिव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को कहा कि दुनिया की पांच उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के समूह ब्रिक्स के विस्तार को लेकर भारत सकारात्मक और खुले मन से विचार करेगा। वर्तमान में विस्तार की रूपरेखा, स्वरूप और उद्देश्य को लेकर ब्रिक्स में चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि कई देश ब्रिक्स विस्तार का हिस्सा बनना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय (22-24 अगस्त) यात्रा पर जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) जायेंगे। 2019 के बाद पहला मौका



होगा, जब ब्रिक्स नेता व्यक्तिगत तौर पर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद 25 अगस्त को प्रधानमंत्री ग्रीस का आधिकारिक दौरा करेंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने आज एक विशेष पत्रकार वार्ता में यात्रा के स्वरूप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिखर सम्मेलन ब्रिक्स की ओर से शुरू की गई पहलों की प्रगति की समीक्षा और भविष्य की गतिविधियों के लिए नए क्षेत्रों की पहचान करने का अवसर प्रदान करेगी। ब्रिक्स गठबंधन आपसी सहयोग पर आधारित है। इसमें आर्थिक सहयोग सम्मिलित है। आर्थिक सहयोग का स्वरूप विशेषज्ञों का विषय है और वे इस पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स में भारत के अलावा चीन, दक्षिण अफ्रीका, रूस और ब्राजील हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग बैठक में शामिल होंगे। रूस के राष्ट्रपति सम्मेलन में वर्चुअली शामिल होंगे और उनके स्थान पर विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव शिरकत करेंगे।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय बैठकों के विषय पर क्वात्रा ने कहा कि सम्मेलन में कई नेता आमंत्रित हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री के द्विपक्षीय मुलाकातों को लेकर अभी भी चचाएं जारी हैं। जैसे ही इस बारे में अपडेट मिलता है, वह मीडिया को जानकारी देंगे। ब्रिक्स देशों के लिए एक मुद्रा में व्यापार के विषय पर क्वात्रा ने कहा कि वर्तमान में देशों की अपनी मुद्रा में व्यापार करने पर ही विचार चल रहा है। प्रधानमंत्री ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद आयोजित होने वाले एक विशेष कार्यक्रम ब्रिक्स - अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग में भी भाग लेंगे।




### सामने आएगा राखी का असली चेहरा, जेल से बाहर आए आदिल ने दी चेतावनी

**एंटरटेनमेंट** क्वीन राखी सावंत इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। शादी, तलाक और फिर तकरार के इस चक्र में वह हमेशा फंसी रहती है। साल की शुरूआत में राखी सावंत ने आदिल खान के साथ शादी करके सभी को चौंका दिया। हालाँकि, कुछ ही महीनों में राखी सावंत फिर से सुर्खियों में आ गईं जब उन्होंने अपने पति पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया। आदिल खान का हाथ पकड़ कर घूमने वाली राखी सावंत ने कुछ ही महीनों में अपने पति को जेल भिजवा दिया। हालांकि, अब करीब 6 महीने बाद जेल से बाहर आए आदिल खान ने राखी सावंत पर निशाना साधा है। आदिल खान ने पैपराजी के सामने अपना दुख जाहिर किया है। इस दौरान उन्होंने धमकी भी दी है कि वह जल्द ही राखी सावंत को बेनकाब कर देंगे। आदिल खान का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। हाल ही में मुंबई में स्पॉट हुए आदिल खान से जब राखी सावंत के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मेरे साथ सब कुछ गलत हुआ है।



### मुंबई में सनी देओल के बंगले की नीलामी रद्द



**अभिनेता** सनी देओल के बंगले की नीलामी को लेकर नई जानकारी सामने आई है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने ई-नीलामी नोटिस वापस ले लिया है। तकनीकी कारणों से यह नोटिस वापस ले लिया गया है। ऐसे में अभिनेता सनी देओल के बंगले की नीलामी रद्द कर दी गई है। सनी देओल ने 56 करोड़ का लोन लिया था, जिसे नहीं चुकाने पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने जुहू स्थित सनी देओल के बंगले की नीलामी के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया। विज्ञापन के मुताबिक, नीलामी 25 सितंबर को होनी थी। सनी देओल ने बैंक ऑफ बड़ौदा से लोन लिया था। इसके लिए जुहू में सनी विला नाम का बंगला गिरवी रखा गया था। सनी देओल ने ये लोन नहीं चुकाया तो 56 करोड़ की रकम डिफॉल्ट कर दी है।

### खेसारीलाल का नया गाना 'जोड़ी बना दीं मजनू-लैला के' रिलीज

**भोजपुरी** हिट मशीन खेसारीलाल यादव का सावन के अंतिम दिनों में एक और धमाकेदार गाना रिलीज हो गया है। इस गाने में खेसारीलाल यादव भोले बाबा से कहते नजर आ रहे हैं कि "जोड़ी बना दीं मजनू लैला के।" गाने में भक्ति और रोमांस का संगम नजर आ रहा है। गाने में म्यूजिक वीडियो में खेसारीलाल यादव भगवान शिव के दरबार में पूजा करते नजर आ रहे हैं, इस गाने को सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। अब यह तेजी से वायरल हो रहा है। गाना 'जोड़ी बना दीं मजनू लैला के' को कुछ ही घंटों में लाखों व्यूज मिले हैं। इस गाने को लेकर खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह गाना बेहद मजेदार है। सभी लोग इस गाने को देखें और सुनें। आपको यह जरूर पसंद आएगा। गाने में संगीत सुरीले हैं। मुझे यह गाना करने में बेहद मजा आया। उन्होंने कहा कि सावन की आज सोमवारी पर



हमने इस गाने को रिलीज किया है। अब सावन का महीना अपने अंतिम पड़ाव में है। ऐसे में यह गाना इस साल के सावन में लोगों के लिए यादगार रहेगा। आपको बताया दें कि गाना "जोड़ी बना दी मजनू लैला के" को खेसारीलाल यादव ने भोजपुरी म्यूजिक की प्रतिभाशाली सिंगर शिल्पीराज के साथ मिलकर गाया है। गाने के म्यूजिक वीडियो में खेसारीलाल यादव के साथ निशा पांडेय नजर आ रही हैं। गीतकार भागीरथ पाठक हैं। संगीतकार आर्या शर्मा हैं।

**कार्यक्रम** राष्ट्रपति मुर्मू ने सेना पत्नी कल्याण संघ के 'अस्मिता' उत्सव की शोभा बढ़ाई

# सैनिकों की पत्नियों की प्रेरक कहानियों को साझा किया

### एडब्ल्यूडब्ल्यूए बिरादरी के विभिन्न वर्गों ने भी मंच पर प्रेरक कहानियां बयां कीं

**नई दिल्ली।**

आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (एडब्ल्यूडब्ल्यूए) की अध्यक्ष अर्चना पांडे की मेजबानी में सोमवार को राजधानी के मानेकशॉ सेंटर में 'अस्मिता-आर्मी वाइव्स की प्रेरक कहानियां' के दूसरे सत्र का आयोजन किया गया। इस मंच के जरिये सैनिकों की पत्नियों की उन प्रेरक कहानियों को साझा किया गया, जिन्होंने कई चुनौतियों के बावजूद अपनी दृढ़ता से विभिन्न क्षेत्रों में अपने लिए एक जगह बनाई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुख्य अतिथि



के रूप में उत्सव की शोभा बढ़ाई। एडब्ल्यूडब्ल्यूए संस्था सेना कर्मियों के जीवनसाथी, बच्चों और आश्रितों के कल्याण के लिए काम करती है। आधिकारिक तौर पर 23 अगस्त, 1966 को अस्तित्व में आने के बाद से इस एसोसिएशन का दायरा साल-दर-साल बढ़ा है और आज यह देश के सबसे बड़े गैर सरकारी संगठनों में से एक है। 'अस्मिता' साहसी सैन्य पत्नियों और उपलब्धि हासिल करने वालों के लिए ऐसा मंच है, जिन्होंने अपने वृत्तांतों को बताने और अपने जैसे अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिए कई बाधाओं को तोड़ दिया है। यह उन बहादुर महिलाओं के संघर्ष को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने भयावह बाधाओं का सामना किया लेकिन फिर भी डटी रहीं।

'अस्मिता' के इस दूसरे सत्र में झारखंड में विज्ञान शिक्षक जया प्रभा महतो, लेखिका और सोशल एक्टिविस्ट डॉ. संजना नायर, कैंसर केयर और पैलिएटिव केयर काउंसलर वंदना महाजन, लेखिका और स्तंभकार अंबरीन जैदी, कारगिल युद्ध के अनुभवी कैप्टन याशिका एच त्यागी (सेवानिवृत्त), स्थायी टैटू और मेकअप कलाकार सुश्री फ्लोरेंस हनामटे, राष्ट्रीय रोइंग पदक विजेता सुश्री सरगम शुक्ला, उद्यमी और सामग्री निमार्ता सुश्री आशना कुशवाह और वीर नारी लेफ्टिनेंट ज्योति की बातचीत शामिल थी। इसके अलावा पर्वतारोही सुश्री अरुणिमा सिन्हा और शास्त्रीय नृत्यांगना सुश्री आनंद शंकर जयंत ने भी दर्शकों को संबोधित किया। एक प्रदर्शनी में सेना की पत्नियों के असाधारण उद्यमशीलता कौशल का प्रदर्शन किया गया।

'अस्मिता' का पहला सत्र पिछले साल 14 अक्टूबर को आयोजित किया गया था, जिसमें वीर नारियों, सेना कर्मियों के जीवनसाथी, कलाकारों, डॉक्टरों, लेखकों, कैंसर विजेता और दिग्गजों सहित एडब्ल्यूडब्ल्यूए बिरादरी के विभिन्न वर्गों ने अपनी-अपनी प्रेरक कहानियां मंच पर रखीं। इसके बाद इस साल 11 फरवरी को कोलकाता में 'अस्मिता पुरबा' का आयोजन हुआ। इन दोनों कार्यक्रमों की कामयाबी ने कई सेना पत्नियों को अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान की और 'अस्मिता सत्र 2' का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया।